RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 23
फरीदाबाद, सोमवार, 26 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित


# पायनियर


ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




इंग्लैंड 145 रन पर सिमटा

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को पुलिस ने रोका



**कोलकाता।** बंगाल के हिंसा प्रभावित संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में भोजेरहाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टीम को कोलकाता पीएचक्यू में रखा गया। हालांकि दोपहर में टीम मेंबर्स को रिहा कर दिया गया। इस टीम में पटना एचसी के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। गिरफ्तारी पर नरसिम्हा रेड्डी ने कहा- हम यहां बैठे थे, पर इन्हें इससे भी परेशानी है। अब हम गवर्नर से मिलेंगे और उन्हें अपनी स्थिति बताएंगे। इसके बाद हम दिल्ली में गृह मंत्रालय में अपनी बात रखेंगे। भांगर डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर ने कहा- हम टीम के लोगों से रिक्वेस्ट कर रहे थे कि आप यहां से आगे मत बढ़िए, पर वे पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए हमें उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। अगर शांति भंग की कोशिश की जाती है तो पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार है।

### आईईडी विस्फोट में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान की मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था।

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक कथित मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट करने के लिए आपराधिक मानहानि मामले में आरोपी के रूप में उन्हें जारी किए गए समन को बरकरार रखा था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर सकती है। उच्च न्यायालय ने पांच फरवरी, 2024 के अपने फैसले में कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

# किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा में इंटरनेट रोक हटी, सड़कों से बैरिकेडिंग हटाई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**किसान** आंदोलन का रविवार को 13वां दिन था। पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हैं। उन्होंने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक वे घर वापस नहीं जाएंगे। रविवार को किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन को लेकर एक सम्मेलन कर रहे थे। इसके द्वारा देशभर के किसानों को जागरूक करने की योजना है। इसमें एक्सपर्ट आकर डब्ल्यूटीओ के नुकसान बताएंगे। उधर, हरियाणा के सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर लगी रोक हट गई है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 फरवरी की सुबह 6 बजे से इंटरनेट बंद था।

इसके अलावा किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 दिन से बंद दिल्ली के टीकरी बॉर्डर और सिंघु बॉर्डर को अस्थायी तौर पर खोल दिया गया है। टिकरी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के लगाए कंटेनर और पत्थर हटाए गए। हालांकि, शुरुआती तौर पर एक साइड की सड़क खोली गई है। साथ ही झाड़ौदा बॉर्डर पर भी एक साइड आवाजाही शुरू हो गई है। इससे दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को राहत मिली है।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि हमारा मामला तूफान बन सकता है। सरकार उन लोगों पर कार्रवाई करें, जिन्होंने हमारे किसान को गोली मारी है। डल्लेवाल ने पंजाब की सीमा में घुसकर किसानों को उठा ले जाने, मारपीट करने, किसानों के ट्रैक्टरों को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डल्लेवाल ने कहा कि हमें प्रोटेक्ट करना पंजाब सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार की गंदी राजनीति के कारण आज हमारा किसान शहीद हुआ।

### हमारी 94 फीसदी फसल की मंडियों में खुली लूट हो रही है : सरवण सिंह पंधेर

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि जो अभी तक एमएसपी पर फसल खरीदी जा रही है, वह सिर्फ 6 फीसदी है। हमारी 94 फीसदी फसल की मंडियों में खुली लूट हो रही है। भारत सरकार कह रही है कि हम 13 फीसदी फसल की एमएसपी पर खरीद कर रहे हैं। अगर सरकार की भी मान लें तो भी 87 फीसदी फसल की लूट हो रही है। पंधेर ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून में डब्ल्यूटीओ सबसे बड़ी बाधा बना है। अमेरिका में किसानों को 85 हजार डॉलर सब्सिडी दी जा रही है तो भारत मे 258 डॉलर दी जा रही है। इसमें काफी अंतर है। पंधेर ने कहा कि सरकार ने पहले भी डब्ल्यूटीओ में एमएसपी पर ज्यादा खरीद के बाद माफी मांगी थी। वहीं, पंधेर ने यह भी स्पष्ट किया कि कहा जा रहा है एमएसपी लीगल गारंटी कानून बनने से महंगाई बढ़ जाएगी। ऐसा कुछ नहीं है, वे इससे सहमत नहीं।

### हिमाचल प्रदेश में शीत लहर से राहत नहीं, बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंची पहाड़ियों में रविवार को शीतलहर की स्थिति बरकरार रही और कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार लाहौल और स्पीति के कुकुमसेरी में रात का सबसे कम तापमान शून्य से 13.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय के अनुसार, मनाली में चार सेंटीमीटर (सेमी) बर्फबारी हुई, इसके बाद कल्पा में 3.5 सेमी, सांगला में 3.2 सेमी, खदराला में दो सेमी और सराहन में एक सेमी बर्फबारी हुई।

**प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिटा, अब कोई सुरक्षित नहीं : भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

# इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी समेत दो की हत्या

## बदमाशों ने बेखौफ ताबड़तोड़ गोलियां चलाई

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर हत्या कराने का शक**

**पायनियर समाचार सेवा।** बहादुरगढ़



**प्रॉपर्टी विवाद हो सकता है हत्या की प्रमुख वजह**



**इनेलो** सरकार में मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के सबसे करीबी कहे जाने वाले और मौजूदा इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की रविवार शाम को बेखौफ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर डाली। इस वारदात में नफे राठी के साथ बैठे उनके दोस्त मांडोठी गांव निवासी जयकिशन की भी गोलियां लगने से मौत हो गई है। इसके अलावा राठी के दो अंगरक्षक भी घायल हुए हैं। घायलों का ईलाज अस्पताल में कराया जा रहा है। जिस तरह के ऑटोमैटिक हथियार इस वारदात में इस्तेमाल हुए हैं, उन्हें देखकर पुलिस का शक है कि यह हत्याकांड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों ने किया है। पुलिस को हत्या में काला जठेड़ी पर शक है, जो लॉरेंस का सबसे करीबी गैंगस्टर है। पुलिस की थ्योरी फिलहाल किसी प्रॉपर्टी विवाद पर टिकी है, जिसे लेकर प्रशासनिक अमले में खासी चर्चा चलती रही।

पुलिस के मुताबिक, हमला पूरी प्लानिंग के तहत किया हुआ प्रतीत हो रहा है। बराही फाटक के पास की घटना है। हमलावर आई-10 गाड़ी में सवार होकर आए थे। नफे सिंह राठी को गोलियां लगने की सूचना जैसे-जैसे क्षेत्र में फैली लोग अस्पताल के बाहर जुटना शुरू हो गए हैं। अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग पहुंच चुके थे। हरियाणा इनेलो प्रमुख नफे सिंह राठी की हत्या पर झज्जर एसपी अर्पित जैन ने कहा, हमें फायरिंग की एक घटना की सूचना मिली। सीआईए और एसटीएफ की टीमें काम कर रही हैं। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की गोली मार कर हत्या करने का समाचार बेहद दु:खद है। यह प्रदेश की कानून व्यवस्था को दर्शाता है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। प्रदेश में आज कोई भी अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है। दिवंगत आत्मा को मेरी श्रद्धांजलि व परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवारजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हमले में घायल हुए सुरक्षाकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। नफे सिंह राठी की उम्र लगभग 65 साल थी और वह 10वीं तक पढ़े हुए थे। परिवार में उनके दो बेटे हैं जिनमें नाम भूपेंद्र और जितेंद्र हैं। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने राठी को दो साल पहले ही पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। नफे सिंह राठी हरियाणा विधानसभा में दो बार विधायक रह चुके हैं और हरियाणा की पूर्व विधायक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। राठी 2009 में रोहतक सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। वह दो बार बहादुरगढ़ नगर परिषद के चेयरमैन और कुश्ती संघ (भारतीय स्टाइल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। बता दें, 11 जनवरी 2023 को पूर्व मंत्री मांगेराम राठी के पुत्र जगदीश नंबरदार ने आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद पूर्व विधायक नफे सिंह राठी और उनके भांजे सोनू पर जगदीश नंबरदार को प्रताड़ित करने का आरोप लगा था। जगदीश नंबरदार की आत्महत्या के मामले में पिछले साल अगस्त में आरोपी नफे सिंह राठी को हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा था। इस मामले में मृतक जगदीश नंबरदार के भाई सतीश नंबरदार और पुत्र गौरव राठी ने नफे सिंह की जमानत रद्द करने की याचिका दायर की थी। 24 जनवरी 2023 को उक्त मामले में नफे सिंह की अग्रिम जमानत हुई थी। इसके बाद जगदीश नंबरदार के भाई सतीश नंबरदार ने नफे सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि आरोपी उनके गवाहों को धमका रहे हैं।

### फडणवीस आरक्षण को रोकने की कोशिश कर रहे : जरांगे

**जालना।** मराठा समुदाय को ओबीसी से आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आंतरवाली सराटी गांव में आंदोलन को लेकर रविवार को बैठक बुलाई थी। इसके बाद उन्होंने कहा- अकेले देवेंद्र फड़णवीस ही मराठा समुदाय को आरक्षण मिलने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा- फडणवीस अगर आपको मेरी बलि चाहिए तो मैं तैयार हूं। अगर आप मुझे मारने की साजिश रच रहे हैं, तो मैं भूख हड़ताल पर मरने के बजाय आपकी चौखट पर मरने के लिए तैयार हूं। ये लोग मराठाओं को खत्म करना चाहते हैं। इसमें सीएम शिंदे के लोग हैं और अजित दादा के दो विधायक हैं। ये देवेन्द्र फडणवीस की साजिश है। मैं आपका जीना मुश्किल कर दूंगा। आज कई नेता बीजेपी में क्यों आ रहे हैं। छगन भुजबल, अजित पवार कभी भी एनसीपी नहीं छोड़ सकते थे। एकनाथ शिंदे कभी भी शिवसेना नहीं छोड़ सकते थे। अशोक चव्हाण कभी कांग्रेस नहीं छोड़ सकते थे। जरांगे ने कहा कि फड़णवीस के कपट की वजह से इन नेताओं को पार्टी छोड़नी पड़ी। फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाने के बाद जरांगे गुस्से में आ गए थे।

# बिना ड्राइवर 78 किमी. दौड़ी मालगाड़ी लकड़ी के स्टॉपर लगाकर रोका

**घटना के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जांच के आदेश दिए**

**एजेंसी।** होशियारपुर





**जम्मू**-कश्मीर के कठुआ से मालगाड़ी बिना ड्राइवर-गार्ड के चल कर पंजाब पहुंच गई। करीब 78 किलोमीटर तक मालगाड़ी ऐसे ही दौड़ती रही। होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर लकड़ी के स्टॉपर लगाकर उसे रोका गया। घटना के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जांच के आदेश दिए हैं। कठुआ रेलवे स्टेशन पर ड्राइवर मालगाड़ी का इंजन स्टार्ट कर बिना हैंड ब्रेक लगाए नीचे उतर गया था। पठानकोट की तरफ ढलान होने की वजह से मालगाड़ी चल पड़ी। रेलवे के अधिकारियों को मालगाड़ी के चलने का पता चला तो उसे कठुआ रेलवे स्टेशन पर रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वह सफल नहीं हुए। कुछ देर में मालगाड़ी ने रफ्तार पकड़ ली। देखते ही देखते मालगाड़ी की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। कठुआ रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने तुरंत पंजाब के पठानकोट में सुजानपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया। वहां भी ट्रेन को रोकने की कोशिश की गई। रेलवे लाइन पर स्टॉपर लगाए गए। इस बार भी कोशिश विफल रही और मालगाड़ी स्टेशन क्रॉस कर गई। इसके बाद मालगाड़ी को पठानकोट कैंट, कंडरोड़ी, मीरथल, बंगला और मुकेरियां में भी रोकने की कोशिश की गई।

धीरे-धीरे मालगाड़ी की रफ्तार कम होती चली गई। आखिर में होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर लगाए गए लकड़ी के स्टॉपर से मालगाड़ी रुक गई। जम्मू रेलवे डिवीजन ट्रैफिक मैनेजर ने बताया कि घटना का कारण जानने की कोशिश की जा रही है। भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए किसी भी संभावित सुरक्षा चूक की पहचान करने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने, नियमित रखरखाव जांच और उचित ट्रेन ब्रेक और सिग्नलिंग सिस्टम सुनिश्चित करने जैसे एहतियाती कदम उठा रहे हैं।

# 2000 करोड़ के ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ मास्टरमाइंड तमिल फिल्म प्रोड्यूसर निकला

**50 किलोग्राम स्यूडोइफेड्राइन केमिकल जब्त किया**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और दिल्ली पुलिस ने शनिवार देर रात को को ज्वाइंट ऑपरेशन में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तारी किया, साथ ही इनके पास से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल आने वाले 50 किलोग्राम स्यूडोइफेड्राइन केमिकल जब्त किया है। एनसीबी ने कहा कि ड्रग तस्करी नेटवर्क के मास्टरमाइंड की पहचान एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में की गई है। वह अभी फरार है। प्रोड्यूसर और उसकी गैंग ने सिर्फ तीन साल में करीब दो हजार करोड़ रुपये के ड्रग्स की तस्करी की है। यह केमिकल 'मिक्स फूड पाउडर' और सूखे नारियल में छिपाकर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भेजा जा रहा था। एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने खुलासा किया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने एंटी नार्कोटिक्स एजेंसी को बताया कि उन्होंने पिछले तीन सालों में कुल 45 स्यूडोइफेड्राइन शिपमेंट भेजे थे। इन शिपमेंट में लगभग 3500 किलोग्राम स्यूडोइफेड्राइन था, जिसकी अनुमानित कीमत इंटरनेशनल मार्केट में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। एंटी नार्कोटिक्स एजेंसी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की ज्वाइंट टीम ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अधिकारियों की सूचना पर एक्शन लेते हुए इस नेटवर्क को तोड़ा है।

# तीन महीने मन की बात नहीं होगी : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कहा आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 110वें एपिसोड में नारी-शक्ति के योगदान को नमन किया। पीएम ने कहा कि महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने आज के एपिसोड में ड्रोन दीदी से बात की। पीएम ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी! लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। वहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा कि अगले तीन महीने मन की बात का प्रसारण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मर्यादा का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के इन दिनों में तीन महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा। पीएम ने कहा कि मन की बात रुक रहा है, देश की उपलब्धियां नहीं रुक रहीं।

# मोदी ने द्वारका में की स्कूबा डाइविंग, देश के सबसे लंबे केबल ब्रिज का उद्घाटन किया

**एजेंसी।** अहमदाबाद





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने द्वारका में स्कूबा डाइविंग की। पीएम मोदी ने कहा कि यह एक दिव्य अनुभव था। मोदी ने बेट द्वारका में भगवान द्वारकाधीश की पूजा भी की। इसके बाद उन्होंने ओखा को बेट द्वारका से जोड़ने वाले सुदर्शन सेतु का लोकार्पण किया। अब ओखा (द्वारका) से बेट द्वारका जाने के लिए लोगों को बोट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ब्रिज को बनाने में 978 करोड़ की लागत आई है। पुल का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने द्वारका के द्वारकाधीश मंदिर में पूजा-अर्चना की। वे यहां लोगों से भी मिले।

मोदी सौराष्ट्र में 52 हजार 250 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और उद्घाटन करेंगे। साथ ही राजकोट में गुजरात के पहले एम्स का उद्घाटन करेंगे। रायबरेली (यूपी), बठिंडा (पंजाब), मंगलगिरी (आंध्र प्रदेश) और कल्याणी (पश्चिम बंगाल) में भी एम्स का वर्चुअली लोकार्पण होगा। मोदी 1056 करोड़ की लागत से तैयार राजकोट-सुरेंद्रनगर रेलवे डबल ट्रैक प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन करेंगे। मोदी शनिवार (24 फरवरी) देर शाम जामनगर पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो भी किया था।इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि देश में जो विकास कार्य दशकों तक नहीं हुए, वे काम हमारी सरकार ने पिछले 10 सालों में कर दिखाए हैं। आज देश खुद कह रहा है कि मोदी की गारंटी मतलब की पूरा होने की गारंटी है। लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा क्यों करते हैं इसका जवाब राजकोट का एम्स है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली को एम्स की गारंटी दी थी। कांग्रेस के राजघराने ने तो रायबरेली में सिर्फ राजनीति की, लेकिन मोदी ने काम किया। द्वारका में पांच साल पहले शिलान्यास हुआ और आज लोकार्पण भी हो गया।

पीएम मोदी ने द्वारका, जामनगर और पोरबंदर जिलों में ने चार हजार करोड़ रुपए की 11 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन तीन जिलों को कवर करने वाले विकास कार्यों में सड़क, भवन निर्माण, शहरी विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय, रेलवे और ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग शामिल हैं।पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस के समय में तो देश में हजारों करोड़ों के सिर्फ घोटाले ही होते रहते थे, जो अब बंद हो गए हैं। इसी के चलते बीते 10 सालों में हमने भारत को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। पूरे देश में मेगा प्रोजेक्ट से नए भारत की नई तस्वीर बन रही है। मुंबई में हाल ही में समंदर पर बने देश के सबसे लंबे ब्रिज का उद्घाटन हुआ। जम्मू के चिनाब ब्रिज की आज पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। तमिलनाडु में वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का काम भी तेजी से चल रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि पुरानी बात याद आती है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था। सदियों पहले यहां से दुनिया भर में सामान जाता था। यहां खूब गुणवत्ता वाली वस्तुएं मिलती थीं। सेतु बनने के बाद फिर से एक और ओखा दुनिया के नक्शे पर चमक गया है। पहले द्वारका और बेट द्वारका के लोगों को नावों पर निर्भर रहना पड़ता था। यात्रियों को परेशानी होती थी। समुद्र का मिजाज बिगड़ने पर बोट सेवा बंद भी हो जाती थी। जब भी यहां के साथी मेरे पास आते थे तो ब्रिज की बात करते थे। मैंने सोच लिया था कि मुझे यह काम करना है। मैं तब की कांग्रेस सरकार के सामने ब्रिज बनाने की बात बार-बार रखता था।

### भारत के वैभव की तस्वीर मेरे आंखों के सामने घूम रही है : मोदी

मोदी बोले- भारत के वैभव की तस्वीर मेरे आंखों के सामने घूम रही है। मैं आज द्वारका के समुद्र में काफी देर तक रहा। मैंने वहां डूबी हुई द्वारका के दर्शन ही नहीं किए, बल्कि वहां से विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आया हूं। 2017 में मुझे इसके शिलान्यास करने का अवसर मिला था और आज इसके उद्घाटन का शुभ अवसर भी मुझे ही मिला। यह सुदर्शन सेतु द्वारका के लोगों और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के सफर को बहुत आसान बनाएगा। सुदर्शन सेतु सिर्फ एक ब्रिज नही, बल्कि विकसित होते भारत की इंजीनियर का भी कमाल है। मैं तो कहना चाहूंगा कि देश के इंजीनियर के स्टूडेंट्स इस सेतु का अध्ययन करने यहां आए। यह भारत का अब तक का सबसे लंबा केबल आधारित ब्रिज है। इस आधुनिक और विराट सेतु के लिए मैं इंजीनियर्स की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 26 फरवरी, 2024



## शिविर में 69 ने किया रक्तदान



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21डी जीबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आरडब्ल्यूए 21 बी, जीबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल और टीम ख़ुशी एक एहसास द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर किया गया। जिसमें रक्तदान करने पहुंचे 79 लोगों में से 69 लोगों ने रक्त दिया। सबके लिए आकर्षण का केंद्र रही विंटेज हार्ले बाइक डिस्प्ले हार्ले ओनर्स ग्रुप केपिटल चैप्टर दिल्ली (एनसीआर) के 25 हार्ले राइडर्स इस शिविर में भाग लेने पहुंचे और रक्तदान भी किया।

प्रमुख सदस्य गुरमुख सिंह ने अपनी कई विंटेज मोटरसाइकिल की रक्तदान शिविर के बाहर प्रदर्शनी के रूप में लगाई, जो लोगों के लिए काफी आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस खास मौके पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अध्यक्ष रोटेरियन अमरजीत सिंह नारंग ने खुद भी रक्तदान किया और अन्य रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि वह सभी रक्तदाताओं का और स्कूल मैनेजमेंट का धन्यवाद करते हैं, जिनकी बदौलत यह कैंप सफल हो सका।

## भाजपा से डरकर कांग्रेस ने आप से किया है गठबंधन : बिप्लब देब

### भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम ने आयोजित की विकसित भारत संकल्प सभा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**रविवार** को अनाज मंडी में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव एवं महाराष्ट्र व मुंबई के प्रभारी गौरव गौतम द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक मोहन लाल बडौली, फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी अरविंद यादव, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के पूर्व सदस्य डॉ. हरेंद्रपाल राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, हरेंद्र रामरतन समेत भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिप्लब कुमार देब ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा से डरकर कांग्रेस ने ऐसी पार्टी से गठबंधन कर लिया है, जिसकी पूरी केबिनेट जेल में बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि विनाशकाले विपरित बुद्धि, अब कांग्रेस के विनाश को कोई नहीं रोक सकता। पर लेकर चल रहे हैं। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी बिप्लब देब ने कहा कि दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में भाजपा के सामने कांग्रेस की चुनाव लड़ने की हिम्मत ही नहीं रही, इसलिए अब उसने ऐसी पार्टी से हाथ मिला लिया है जिसके मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। विपक्ष की दूसरी पार्टियों पर हमला बोलते हुए बिप्लब देब ने कहा कि कुछ पार्टियां बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के नाम को वोट



बटोरने के लिए इस्तेमाल कर रही है।

बिप्लब कुमार देब कहा कि कांग्रेस काफी लंबे समय तक देश की सत्ता पर काबिज रही है, लेकिन देश के विकास और गरीबों के हितों के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ परिवार का विकास और भ्रष्टाचार करना रहा है। जबकि भाजपा का मुख्य लक्ष्य सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने विकास के इतने काम किए हैं कि कांग्रेस 55 साल में भी नहीं कर पाई। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज सुधारक हैं। जिन्होंने देश में अनेक ऐसे कार्य किए जिनसे समाज में परिवर्तन देखने को मिला है। मोदी और मनोहर सरकार देश और प्रदेश के गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है। आयुष्मान योजना और चिरायु योजना से गरीबों का पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज हो रहा है।

श्री देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया। जम्मू कश्मीर से 370 हटाई और मोदी के नेतृत्व में ही अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बना तथा रामलला विराजमान हुए। मुस्लिम समाज की बहनों को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति दिलाकर उनके साथ न्याय किया है। कुछ पार्टियां डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति करती है, लेकिन भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर को सम्मान देते हुए पंच धाम निर्माण करने का काम किया है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मोदी सरकार ने अंग्रेजों के समय से चली आ रही सीआरपीसी और आईपीसी में बदलाव कर नए कानून बनाने का कार्य किया है।

# पीएम आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फरीदाबाद को देंगे कई सौगात

**जनता की सहूलियत के लिए रेलवे फाटकों के स्थान पर बनाए जाएंगे रेलवे ओवरब्रिज**

### क्षेत्र के कई रेलवे स्टेशनों का चल रहा है नवीनीकरण कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सोमवार को देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विभिन्न सौगात देंगे। इस योजना के तहत फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के फरीदाबाद व पलवल जिला में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किए जाएंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि भारतीय रेलवे के महत्वकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 262 करोड़ रुपये की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन का पूर्ण विकास का कार्य अभी जारी है।




वहीं रेलवे स्टेशनों के विकास कार्यों पर कुल लागत करीब 129 करोड़ रुपये और रेलवे ओवर ब्रिज बनाने पर कुल लागत लगभग 376 करोड़ रुपए आएगी।

बल्लभगढ रेलवे स्टेशन पर करीब 48 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें रेलवे का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म, शेल्टर व यात्रियों की सुविधा बढाने के लिए इलेक्ट्रिक एसएंडटी सहित अन्य कार्य करवाए जा रहे हैं। वहीं फरीदाबाद न्यू टाउन रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों पर करीब 35 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें भवन सुधार कार्य, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म, शेल्टर व यात्रियों की सुविधा बढाने के लिए इलेक्ट्रिक एसएंडटी सहित अन्य कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा पलवल रेलवे स्टेशन पर भी करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य प्रगति पर हैं। इनमें स्टेशन निर्माण, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म, शेल्टर व यात्रियों की सुविधा बढाने के लिए इलेक्ट्रिक एसएंडटी सहित अन्य कार्य करवाए जा रहे हैं।

### इन रेलवे ओवरब्रिज का किया जाएगा शिलान्यास

**कुल** 376.11 करोड़ रुपये की लागत से फरीदाबाद और पलवल जिला में विभिन्न रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। दिल्ली पलवल रेल खंड पर 579ए सराय फाटक फरीदाबाद के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज, दिल्ली पलवल रेल खंड पर 576 मुजेसर सड़क पर फाटक के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज, नई दिल्ली पलवल खंड पर 571 सीकरी से प्याला सड़क पर फाटक के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज, नई दिल्ली पलवल रेल खंड पर 568 बघौला से जनौली सड़क पर फाटक के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज, मथुरा पलवल रेल खंड पर 556ए बंचारी से डकोरा सड़क पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, मथुरा पलवल रेल खंड पर 560 औरंगाबाद से दिघोट सड़क पर ओवरब्रिज का निर्माण, नेशनल हाईवे-19 पर गांव मित्रोल और मुंडकटी में लोगों की सहूलियत को देखते हुए व्हीकल अंडरपास के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा मथुरा रेल खंड पर 561 बामनीखेड़ा से हसनपुर सड़क पर रेलवे ओरवब्रिज व आगरा पलवल रेल खंड पर 564 पलवल से रसूलपुर सड़क पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण करवाए जा चुके हैं।

## राजीव कॉलोनी में सड़क, सीवर, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की दी सौगात

### करीब दो करोड़ 28 लाख के विकास कार्यों का मंत्री मूलचंद ने किया शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड एक में आने वाली पूर्वी राजीव कॉलोनी में विकास कार्यों की सौगात दी है। करीब दो करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क, सीवर और पानी की मूलभूत सुविधाओं को लेकर स्थानीय निवासियों के हाथ नारियल तुड़वाकर कार्य का शिलन्यास किया।

परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 गलियां, जिनमें सीवर, पानी की लाइन भी बिछाई जाएगी और फिर नए सिरे से बनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त कोली समाज के श्मशान घाट का भी सौंदर्यकरण



कराया जाएगा। परिवहन मंत्री शर्मा ने कहा कि राजीव कॉलोनी के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले। इसके लिए पिछले दिनों अटल पार्क की सौगात दी है। यह पार्क 5.30 एकड़ में बना है। जहां सभी लोग इस पार्क का फायदा ले रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बारात घर भी राजीव कॉलोनी में जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। जिसका कार्य निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि राजीव कॉलोनी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मूलचंद शर्मा ने कहा कि वह उनके द्वारा बांधी गई पगड़ी की हमेशा लाज रखेंगे। उन्होंने कहा कि राजीव कॉलोनी के बेटों और बेटियों को पढ़ने के लिए सेक्टर-23 के अंदर बनाए जाने वाले को एड कॉलेज का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसके लिए सरकार की तरफ से लगभग सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी है। इस मौके पर निर्वतमान पार्षद मुकेश डागर, कुलदीप, दिनेश, धर्मपाल सहित कॉलोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## देश-प्रदेश में हो रहा है चहुंमुखी विकास : गुर्जर

### श्री कबीर पंथी कोली समाज के सभी लोगों को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पंजाबी धर्मशाला में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में फिर तीसरी बार 400 पार के साथ भाजपा की केंद्र में सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा की आज देश और प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है।



देश में नई जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभ मिल रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के साथ पंजाबी धर्मशाला बल्लभगढ़ में आयोजित सम्मेलन में पहुंचने पर यहां मौजूद सभी लोगो ने हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा भी श्री कबीर पंथी कोली समाज बल्लभगढ़ द्वारा संस्था की प्रथम वर्षगांठ के कार्यक्रम में पहुंचे। जहां उन्होंने समाज के सभी लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि कबीर पंथी कोली समाज संस्था के निर्माण के बाद लोगों को एक मंच पर अपने विचार रखने का मोका मिला है। यह संस्था समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

## जाट संस्था फरीदाबाद ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** जाट संस्था फरीदाबाद व हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के तत्वावधान में प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में एक महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 85 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।



इस शिविर में मुख्य रूप से एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, शिक्षाविद् एचएस मलिक, पूर्व पार्षद जगन डागर, वेदपाल दलाल, हवा सिंह ढिल्लो, श्रीभगवान अहलावत मौजूद रहे। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई की तथा आयोजक जाट संस्था के प्रधान आजाद सिंह सांगवान व हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के संस्थापक अनिल दहिया व उनकी टीम को ऐसे मानव हित के लिए कार्य करने पर बधाई दी। उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिले की सभी संस्थाओं को सीख लेते हुए इस तरह के रक्तदान शिविरों का आयोजन करना चाहिए।

## विरेंद्र गिरि हरियाणा दशनाम गोस्वामी समाज के जिला प्रधान बने

**फरीदाबाद।** हरियाणा दशनाम गोस्वामी समाज की कार्यकारिणी बैठक पूर्व प्रधान प्रमोद गोस्वामी के पल्ला स्थित निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधान राजेंद्र गोस्वामी ने की। इस अवसर पर सभा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु गोस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

फरीदाबाद जिला प्रधान और कार्यकारिणी गठन के बावत विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शोक प्रस्ताव पारित कर उन सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनका स्वर्गवास हो गया था। जिसके बाद कार्यकारिणी गठन के लिए राजेंद्र, नरेश गोस्वामी और सुबोध गिरी को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। पिछली कार्यकारिणी ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सर्व सम्मति से हरियाणा दशनाम गोस्वामी समाज फरीदाबाद का विरेंद्र गिरि को जिला प्रधान, मोहन गिरि को उपप्रधान, प्रमोद गोस्वामी को महासचिव, प्रशांत गिरि को कोषाध्यक्ष के अलावा मुख्य सलाहकार के रूप में अशोक गिरि व प्रमोद गोस्वामी को चुना गया व सभी को बधाई दी।

## अमेरिका से आए बच्चों ने सिद्धदाता आश्रम में धारण किया यज्ञोपवीत



**फरीदाबाद।** अमेरिका में रहने वाले ज्योतिष और अमन ने श्री सिद्धदाता आश्रम में अपना यज्ञोपवीत संस्कार करवाया है। दोनों चचेरे भाई हैं और दोनों बहुत प्रसन्न नजर आते हैं। आश्रम के अधिपति अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने दोनों के कान में गायत्री मंत्र देकर यज्ञोपवीत की विधि पूर्ण की। दोनों बच्चों ने सनातन पद्धति से हवन किया और भविष्य में सभी व्यसनों से दूर रहने और परंपरागत रूप से गुरु का वरण किया।

दिनेश अमेरिका में रहते हैं और वहीं कैट से विवाह किया। उनके दो बच्चे हैं, ज्योतिष और जैस्मीन। दिनेश एक दशक से अधिक समय से फरीदाबाद स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम आते हैं और यहां से दीक्षा ले रखी है। उन्हें लगा कि अमेरिकी संस्कृति में रहते हुए भी अपनी सनातन धर्म की परिपाटी अच्छी है तो बेटे ज्योतिष के यज्ञोपवीत का निर्णय लिया। उनके छोटे भाई आशीष ने भी अपने बेटे अमन का यज्ञोपवीत साथ कराने का निर्णय लिया। आशीष मुंबई में ही रहते हैं। दोनों के परिवार आश्रम पहुंचे और विधि विधान से यज्ञोपवीत धारण किया। सभी के चेहरों पर प्रसन्नता और सुकून था। कैट ने कहा कि वह अपने बच्चों को इस नए रूप में देखकर बहुत खुश हैं।

## हरियाणा में अगली सरकार आम आदमी पार्टी की बनेगी : भड़ाना



**फरीदाबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कामकाज को देखते हुए हरियाणा में आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। आम आदमी पार्टी हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रदेश ज्वाइनिंग कमेटी के मेंबर धर्मवीर भड़ाना ने उस वक्त व्यक्त किए, जब फरीदाबाद की कई दिग्गज हस्तियों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में जाने-माने समाजसेवी डॉक्टर सुरेंद्र कीना, सृष्टि बचाओ संस्था के संतोष शर्मा आदि प्रमुख थे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




ज़माने भर का वो जो दर्द ढोता है पता है ये
वो अक्सर शब में ख़ाली पेट सोता है पता है ये
नहीं कहते किसी से कुछ मगर सच तो रहेगा सच
किसे ख़तरा है किस पर ज़ुल्म् होता है पता है ये

## मोदी-मनोहर सरकारों में हो रहा चहुंमुखी विकास

**केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रावत ने किया 77.36 लाख की सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने 77.36 लाख की लागत से बनने वाले गांव नवादा (तिगांव रोड से नवादा गांव) में भूपगढ़ वाले रास्ते का शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कृष्णपाल गुर्जर व विधायक नयनपाल रावत का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकारें हर वर्ग का उत्थान कर रही है। गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार हर वग के हितों का सरकार ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि पिछले दस वर्षो के दौरान फरीदाबाद भी विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचा है, जिस फरीदाबाद को पूर्व की सरकारों ने फकीराबाद बना दिया था, उसे फिर से भाजपा



सरकार में नई पहचान मिली है।

इस अवसर पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि केंद्र की मोदी व हरियाणा की मनोहर सरकार शहरों व गांवों का समान विकास कर रही है। पिछले चार सालों के दौरान पृथला क्षेत्र में भी विकास की गंगा बह रही है। मुख्यमंत्री के आशीर्वाद और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से यहां विकास कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं और क्षेत्र की सभी सड़कों को नए सिरे से बनवाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर वह विकास के इस सिलसिले को जारी रखना चाहते हैं तो फिर से देश में मोदी और हरियाणा में मनोहर सरकार को लाने का काम करें। इस अवसर पर राजपाल नागर, अभय नागर, सिंह राज, राजीव नागर, राजकुमार नागर, प्रेमजीत नागर, धर्मपाल नंबरदार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आशाराम की चिकित्सा व रिहाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** श्री योग वेदांत सेवा समिति फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रपति के नाम से क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को संत श्री आशाराम की शीघ्र रिहाई व उन्हें उनकी इच्छानुसार चिकित्सा सुविधा दिए जाने की मांग करते हुए हेतु ज्ञापन सौंपा गया।



इस संबंध में श्री योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि झूठे आरोपों के तहत जोधपुर कारागार में रखे गये 86 वर्षीय संत आशाराम के स्वास्थ्य की स्थिति अत्यंत नाजुक है। जेल जाने से पूर्व 74 की उम्र में अतिव्यस्त जीवनशैली के बावजूद बापूजी को सिर्फ ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया व पीठ-दर्द की तकलीफ थी, लेकिन 11.5 वर्ष से अधिक समय से लगातार कस्टडी के तनावयुक्त वातावरण से अब 86 वर्ष की इस वयोवृद्ध अवस्था में उनको हृदयरोग, पौरुष ग्रंथि की वृद्धि एवं रक्ताल्पता आदि नई बीमारियों ने भी घेर लिया है। तनावमुक्त वातावरण में इच्छानुसार चिकित्सा आदि के अभाव से इन प्राणघातक बीमारियों की निवृत्ति न होने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है। आशाराम 13 जनवरी से छह फरवरी 2024 तक जोधपुर के एम्स अस्पताल में कार्डियक आईसीयू में भर्ती रहे हैं। उनकी रिपोर्ट के अनुसार उनके हृदय में तीन गंभीर ब्लॉकेज हैं। उनका लगातार रक्तस्राव हो रहा है, जिससे उनका हीमोग्लोबिन कम हो गया।

# एनएचपीसी ने 23वें अंतर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की

## मुकाबले में पावरग्रिड को हराकर एनटीपीसी बना चैंपियन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में एनएचपीसी ने गुरुग्राम में 19-24 फरवरी 2024 तक आयोजित 23वें अंतर-सीपीएसयू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलतापूर्वक मेजबानी की। टूर्नामेंट का फाइनल मैच पावरग्रिड और एनटीपीसी के बीच खेला गया।

रोमांचक फाइनल मैच में एनटीपीसी ने पावरग्रिड को तीन रन से हराया और 23वें अंतर- सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 के चैंपियन के रूप में विजयी हुई। टूर्नामेंट में पावरग्रिड की टीम पहले तथा बीबीएमबी टीम दूसरे रनरअप स्थान पर रही।

उत्तम लाल निदेशक कार्मिक, एनएचपीसी ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। उत्तम लाल ने अपने संबोधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना का प्रदर्शन करने के लिए सभी टीमों को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि खेल गतिविधियां स्वस्थ दिमाग और शरीर के विकास के लिए आवश्यक हैं। उत्तम लाल ने सभी टीमों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए एनएचपीसी अधिकारियों की भी सराहना की।

टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, एनएचपीसी, टीएचडीसी, नीपको, बीईई, डीवीसी, सीईए, एनटीपीसी, ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया, पावरग्रिड, पीएफसी, एसजेवीएनएल, बीबीएमबी और आरईसी सहित कुल 14 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के 46 लीग मैचों में बड़े पैमाने पर रोमांचक क्रिकेट खेल देखने को मिला। सीईए के मनीष शर्मा और बीबीएमबी के संजीव परमार को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। इस अवसर पर उत्तम लाल निदेशक कार्मिक एनएचपीसी पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में एनएचपीसी द्वारा आयोजित 23वें अंतर सीपीएसयू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता एनटीपीसी टीम को बधाई दी।

# सेक्टर की सड़कों पर लगा गंदगी का अंबार



## सेक्टरवासियों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पलवल के हुडा सेक्टर-12 की सड़कों पर गंदगी की ढेर लगे रहने से सेक्टरवासियों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शिकायत के बाद भी अधिकारी सड़कों की सफाई नहीं करवाते हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है।

पिछले कुछ दिनों से हुडा सेक्टर-12 की सड़कों पर कुछ लोग अपने सीवर की गंदगी को खाली कर जाते हैं। जिससे यहां की सड़कों पर कीचड़ व गंदगी बनी रहती है। इससे सेक्टर के लोगों को अपने घरों को आने-जाने में कठिनाई होती है। सेक्टरवासियों का कहना है कि सेक्टर बनने के 15 साल बाद भी लोग दयनीय जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि पलवल के मुख्य सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के पीछे बनी सड़कें इसका ज्यादा शिकार हो रही हैं। कुछ लोग सीवरों को खाली करके उनकी गंदगी को सेक्टर की सड़कों के ऊपर डाल देते हैं। वहीं दूसरी गंदगी भी यहीं डाल देते हैं। जिसकी वजह से सेक्टर की सड़कों पर गंदगी व सीवर की कीचड़ बनी रहती है। इससे लोगों को सड़कों से निकलने में कठिनाई आती है। वहीं सीवर की गंदगी से पूरी बदबू भी आती है। जिससे सेक्टरवासियों को जीना दूभर हो गया है। सेक्टरवासी कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से भी ग्रसित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत हुडा विभाग के अधिकारियों से की गई है। परंतु उन्होंने आज तक सड़कों को साफ करवाने व गंदगी को सड़कों के ऊपर व उसके आसपास गिराने से रोकने के लिए कोई प्रबंध नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से हुडा सेक्टर-12 की सड़कें गंदगी को डंपिंग साइट बनी हुई हैं। गंदगी रहने से यहां सड़कों से निकलते समय बहुत बुरी बदबू आती है।
-पूनम चौधरी, सेक्टरवासी

सेक्टर-12 की सड़कों व उसके आस-पास गंदगी डालने की शिकायत मिली है। जल्द ही सड़कों को साफ करवाया जाएगा।
-मेहरचंद, उपमंडल अभियंता हुडा विभाग

# डिप्टी सीएम चौटाला ने सात करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

## दुष्यंत चौटाला ने गांव मंडकोला में पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को जिला के हथीन उपमंडल के गांव मंडकोला में 3.94 करोड़ रुपये की लागत से बने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त मथुरा रोड पृथला इंडस्ट्रिज तक करीब 1.44 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क व 1.90 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले पलवल शहर के रेलवे स्टेशन के अप्रोच रोड का शिलान्यास किया।

इस मौके पर विधायक प्रवीण डागर, जजपा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, सुखराम डागर, हथीन के एसडीएम संदीप अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस विश्रामगृह के बनने से न सिर्फ गांव मंडकोला, बल्कि जिला पलवल क्षेत्र को काफी फायदा होगा। इस विश्रामगृह की पुरानी मांग को पूरा करवाने में विधायक प्रवीण डागर ने काफी मेहनत की है। वे लगातार इसके निर्माण के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा व उनसे मिलते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा की प्रदेश सरकार जनता के हित के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है। पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मथुरा रोड पृथला इंडस्ट्रीज तक व पलवल में रेलवे स्टेशन अप्रोच रोड बनाने का कार्य छह महीने में पूरा कर लिया जाएगा, जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पलवल से जिला नूंह के लिए जाने वाले रोड को आगामी दिनों में 137 करोड़ रुपये की लागत से दो लाइन से चार लाइन बनवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में 200 करोड़ रुपये की लागत से एससी व बीसी की चौपालों की मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सरकार द्वारा तालाबों की साफ सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। इसमें अब तक प्रदेशभर के करीब 1600 तालाबों की साफ-सफाई करवाई जा चुकी है और 2500 तालाबों की सफाई साल के अंत तक करवा दी जाएगी। इस मौके पर विभिन्न गांवों की पंचायतों ने भी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**तेज रफ्तार दो कारों के बीच फंसी बाइक**

फरीदाबाद। सेक्टर-28 में बीती रात दो कारों और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और कारों के बीच फंसे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों कारों में काफी क्षति पहुंची, लेकिन कारों के एयरबैग खुल जाने से इनके ड्राइवर सुरक्षित रहे। हादसा सेक्टर 28 स्थित केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आवास और कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर हुई। जानकारी अनुसार फरीदाबाद के सेक्टर-18 में परिवार के साथ रहने वाला अरविंद एक निजी कंपनी में काम करता था। उसके चाचा श्याम सिंह के मुताबिक अरविंद की उम्र 28 वर्ष थी। वह बाइक से आ रहा था। इसी बीच दो तेज रफ्तार कार वहां पहुंची। कार ने ओवरटेक करते हुए उनके भतीजे की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक दोनों गाड़ियों के बीच में आ गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। श्याम सिंह के मुताबिक उनका भतीजा अरविंद एक कोल्ड ड्रिंक बनाने वाली कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। वह फरीदाबाद के सेक्टर-18 में अपनी पत्नी और एक ढाई साल के बच्चे के साथ रह रहा था। श्याम सिंह ने बताया कार की ज्यादा स्पीड न होती तो हादसा न होता।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विवि का दीक्षांत समारोह आज

फरीदाबाद। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह सोमवार को आयोजित होगा। इसमें हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि रूप ऑटोमोटिव्स के प्रबंध निदेशक विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने रविवार को तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान समारोह का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 से 2023 के बीच अपनी डिग्री और डिप्लोमा उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि 35 प्रोग्राम के 675 विद्यार्थियों को 1200 डिग्री और डिप्लोमा दिए जाएंगे। इनमें स्किल फैकल्टी ऑफ अप्लाइड साइंस के नौ प्रोग्राम, स्किल फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडी एंड रिसर्च के 11 प्रोग्राम, स्किल फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के 13 और स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के दो प्रोग्राम के विद्यार्थी शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थी भी सम्मानित होंगे।

## टक्कर से बाइक सवार की मौत

पलवल। मोहना मार्ग पर नया गांव फजलपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, हंसापुर गांव निवासी जलसिंह ने दी शिकायत में कहा है कि वह किसी निजी कार्य से पलवल आया था। शाम के समय जब वह पलवल से अपने गांव हंसापुर जा रहा था, तभी नया गांव के पास उसके आगे बाइक पर चल रहे दो युवकों को टक्कर मार दी।

# आईटीआई में ईवीएम, वोटिंग के प्रति किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



जिला प्रशासन पलवल की ओर से जिले में स्थित सभी राजकीय संस्थानों में छात्रों को जागरूक करने के लिए ईवीएम व वोटिंग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी संबंध में आईटीआई पलवल में भी छात्र-छात्राओं को ईवीएम व वोटिंग के बारे में जिला प्रशासन पलवल द्वारा जागरूक किया गया।

जिला प्रशासन पलवल की ओर से छात्र-छात्राओं को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया है कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 18 वर्ष या 18 वर्ष से ऊपर है, वह अपने नजदीकी बीएलओ से या ऑनलाइन वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन पलवल द्वारा छात्र-छात्राओं को वोट डालने का सही तरीका और ईवीएम मशीन में डमी वोट डालकर बताया गया। आईटीआई पलवल की ओर से लेफ्टिनेंट उदय सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वोट डालते समय सभी देशहित में बिना किसी भेदभाव और विकास को देखकर वोट डालें। इस मौके पर जिला प्रशासन पलवल के अधिकारी व कर्मचारी के साथ-साथ आईटीआई पलवल से उदय सिंह, श्याम, राकेश वर्ग अनुदेशक व अन्य अनुदेशकगण मौजूद रहे।

# बीके स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




शिव विहार स्थित बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं की विदाई समारोह हा आयोजन ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओपी शर्मा, विशिष्ट अतिथि बृजभूषण शर्मा, सुभाष नंबरदार, धनराज तेवतिया, बलदेव एवं धर्म सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के वाइस प्रेजिडेंट जितेश कौशिक व प्रधानाचार्य सतीश कौशिक ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया।

विद्यार्थियों की शुभकामना के लिए अर्जुन शास्त्री द्वारा हवन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिक ने की। सर्वप्रथम राम आएंगे भजन गाकर कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। ग्यारहवीं के छात्र, छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम- पंजाबी नृत्य, सांस्कृतिक नृत्य व नाटक प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। बारहवीं के छात्र विशाल, दीपक, भूपेंद्र व छात्रा दिशा ने सभी विद्यार्थियों की तरफ से सभी गुरुओं को स्मृति चिन्ह दिया व आभार प्रकट किया कि आपके मार्गदर्शन में अच्छे संस्कारों के साथ अच्छी शिक्षा प्राप्त की है, जीवन में सदैव याद रखेंगे। बारहवीं के छात्र विशाल व छात्रा करिश्मा को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। अर्जुन को 100 प्रतिशत हाजिरी अवार्ड से सम्मानित किया।

विद्यालय में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक पढ़ने वाले छात्र व छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में आये हुए सभी अतिथियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिक व अध्यापकों द्वारा बच्चों को संयम, सहनशील व धैर्य से जीवन जीने की प्रेरणा दी व बताया कि हम सभी को महान व्यक्तियों व सद्‌पुरुषों के पदचिन्हों पर चलकर अपने अभिभावक व विद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। मुख्य अतिथि ओपी शर्मा ने अच्छे आचरण व परिश्रम द्वारा माता पिता व गुरुओं के आशीर्वाद ग्रहण करने को कहा।

## किराना की दो दुकानों पर हथियार के बल पर लूट

पलवल। नकाबपोश हथियारबंद लुटेरों ने होडल में दिन-दहाड़े दो दुकानदारों से देसी पिस्तौल के बल पर लाखों रुपये की नकदी लूट ली। विरोध करने पर हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी गई। होडल थाना पुलिस ने दोनों दुकानदारों की शिकायतों पर नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

होडल में गउशाला मार्केट निवासी राजेश ने दी शिकायत में कहा है कि उसने मार्केट में राजेश किराना स्टोर के नाम से दुकान खोली हुई है। शाम के समय करीब आठ बजे अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान दो अज्ञात बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर ग्राहक बनकर आए। एक ने अपने जेब से देसी कट्टा निकालकर दुकान में गोली चला दी। वह डर गया तो आरोपी उससे 10 हजार रुपये लूटकर ले गए। वहीं बेढ़ा पट्टी निवासी राजेश कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह बाजार में राजेश किराना स्टोर के नाम से दुकान चलाता है। दुकान पर शाम पौने नौ बजे हमला किया।

# एसपीएस इंटरनेशनल में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सत्र के अंतिम चरण में प्रतिभाशाली छात्रों को एसपीएस इंटरनेशनल द्वारा व्हाइट कार्ड सम्मान समारोह आयोजित कर उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। सत्र के प्रारंभ से लेकर अंतिम चरण तक जितनी भी गतिविधियां हुईं, उन सभी गतिविधियों में प्रतिभागी छात्रों और स्थान प्राप्त छात्रों को व्हाइट कार्ड जारी किए गए। इस अवसर पर क्षेत्र के एमएलए दीपक मंगला बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे तथा सभी चयनित छात्रों को सम्मानित किया। सत्र 2023-24 में विभिन्न गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, साइंस क्विज, पेंटिंग, ओलंपियाड, राष्ट्रीय स्कूल ड्रामा, पार्लियामेंट एक्ट, खेल प्रतियोगिताओं, वालंटियर, पैड्री रिसर्च, मॉनिटर-प्रीफेक्टिस, जी-20 एक्ट, चंद्रयान-3, क्लासिकल डांस, टेड टॉक, स्टूडेंट कार्डसिल, एकेडमिक एक्सीलेंस, मॉर्निंग असेंबली, 100 प्रतिशत हाजिरी आदि से संबंधित अनेक गतिविधियों के तहत सभी 746 प्रतिभागी छात्रों को इस अवसर पर व्हाइट कार्ड जारी कर विद्यालय के चेयरमैन सुरेश भारद्वाज, एमएलए दीपक मंगला, एकेडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर, प्रबंधक रोहित व चेतन भारद्वाज, प्रधानाचार्य ममता छाबड़ी तथा अध्यापकगणों ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित छात्रों में साइंस क्विज में 24, पब्लिक स्पीकिंग में सात, जी-20 एक्ट में 25, नुक्कड़ नाटक में 12, इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक में 18, चंद्रयान-3 एक्ट में 14, हिंदी डिबेट में चार, पेंटिंग में पांच, हरियाणा स्कूल साइंस क्विज में तीन शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मानव सेवा समिति ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



पलवल। मानव सेवा समिति द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट, आई चेकअप, जनरल फिजिशियन एवं डेंटल चेकअप किया गया। स्कूल के लगभग सभी टीचर एवं सभी बच्चों ने इन शिविरों का लाभ उठाते हुए अपना चेकअप करवाया। फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर सुरेंद्र भारद्वाज, फिजिशियन डॉक्टर रूप कुमार, डेंटल चेकअप के लिए डॉक्टर योगेश गर्ग एवं आई चेकअप के लिए डॉक्टर नरेंद्र ने अपनी सेवाएं दीं। समिति अध्यक्ष सीता वर्मा ने बताया कि स्कूलों में इस तरह के शिविर आयोजित होते रहना चाहिएं, ताकि जो बच्चे अपनी आंखों, दांतों या किसी भी तरह की समस्या होने पर अपने घरवालों से नहीं कह पाते, उनका इन शिविरों के जरिए पता चल जाता है और सही समय पर इलाज शुरू हो जाता है। डीपीएस पलवल डायरेक्टर रानी लाल, प्रिंसिपल हरीश सचदेवा, प्रधानाचार्य ममता गांधी, नीमा एवं ललिता हंस सहित पूरे स्टाफ ने मानव सेवा समिति का धन्यवाद दिया। इस दौरान जयश्री जिंदल, संगीता गर्ग, सुनीता शर्मा, भारती गोयल, हर्षल गोयल, मोनिका सिंगला एवं अर्जुन विरमानी उपस्थित रहे।

## डीपीएस में साइकिल मैराथन का किया आयोजन



पलवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी में रविवार को पलवल में पहली बार साइकिलोथॉन (साइकिल मैराथन) का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य डॉक्टर शिव कुमार गुप्ता व डॉ. रंजना गुप्ता उपस्थित रहे। पलवल शहर के पार्षद अनिल गोसाईं, विदुषी छाबड़ा उपस्थित रहे। इतना ही नहीं, डीपीएस के पूर्व छात्र, छात्राएं डॉ. आयुषी गुप्ता, आईआईटीयन तन्मय गुप्ता व विद्यालय के बच्चों ने बढ़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य पलवलवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्रदूषण मुक्त शहर बनाना है। आधुनिकता की दौड़ में जहां एक तरफ सभी पेट्रोल वाले वाहनों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं, वहीं लोगों में साइकिल के प्रति जागरूकता पैदा करना स्कूल का उद्देश्य है। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन एसपी लाल ने सभी बच्चों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहवर्धन किया व वातावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देने के लिए भी प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा ने बच्चों को यह संदेश दिया कि साइकिल चलाना केवल वातावरण को ही शुद्ध नहीं बनाता, बल्कि उसे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका ममता गांधी ने भी भाग लेने वाले बच्चों व उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया व साइकिल मैराथन की मुहीम के माध्यम से हमारे वातावरण व स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## अपोलो अस्पताल के सहयोग से लगाया जांच शिविर



फरीदाबाद। अपोलो अस्पताल दिल्ली के सहयोग से मानव सेवा समिति व रोटरी क्लब ग्रेस ने मानव भवन सेक्टर-10 पर एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। जिसमें 181 लोगों के ईसीजी, शुगर, बीएमडी, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की गई। शिविर की मुख्य संयोजक राखी वर्मा व मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा के नेतृत्व में लगाए गए इस शिविर में अपोलो अस्पताल दिल्ली के प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर गौतम नाइक व डॉ. भूपेंद्र, डॉ. रवि, डॉ. सोनाक्षी, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. केएम पूजा, डॉ. अश्विनी कुमार ने स्वास्थ्य चर्चा के तहत हृदय, हड्डी, दांत, नाक, कान, गला, सांस, जुकाम, खांसी रोग के कारण, बचाव व खानपान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और उचित परामर्श देकर इलाज किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, रोटरी क्लब ग्रेस के अध्यक्ष संजीव शर्मा व मुख्य संयोजक राखी वर्मा ने सभी डॉक्टरों को सम्मान पट्टिका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## बंद मकान से कैश और जेवरात चोरी

पलवल। रात्रि के समय चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया। कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, राजीव नगर कॉलोनी निवासी कन्हैया लाल ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल मथुरा गया हुआ था। सुबह जब घर वापस पहुंचा तो देखा की मकान के मैन गेट का ताला गायब था और जब अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पीड़ित ने जब अलमारी को चेक किया तो अलमारी में रखे एक लाख रुपये नकद व सोने-चांदी के आभूषण अलमारी से गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## स्कूल से छह कंप्यूटर समेत लाखों का सामान चोरी

पलवल। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, डाढोता गांव निवासी ओमबीर ने दी शिकायत में कहा है कि उसने कटेसरा गांव में सर्वोदय पब्लिक स्कूल कटेसरा लीज पर लिया हुआ है। पीड़ित स्वयं स्कूल में प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत है। पीड़ित व स्कूल के अध्यापक राजबीर जब स्कूल में पहुंचे तो मेन गेट का ताला खोला तो देखा कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ था। चोर स्कूल के कार्यालय में रखे लाखों रुपये के छह कंप्यूटर, एक एलईडी, सीसीटीवी, दो डबल बैट्री इन्वर्टर, स्टील के स्टूल सहित अन्य सामान को चोरी करके ले गए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मौका मुआयना किया। स्कूल में दिन के समय राजेश नाम का चौकीदार है, लेकिन रात में कोई चौकीदार नहीं है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संत रविदास जयंती पर फल व मिठाई वितरित की



फरीदाबाद। साई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम एनआईटी फरीदाबाद में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में दवाई, फल एवं मिठाई वितरित की गई। संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि गुरु रविदास जयंती व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि वह अपनी संस्था के माध्यम से समय-समय पर यहां सेवा देते रहते हैं। कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद मनोज नासवा, ब्रह्मानंद शर्मा, विकास जैन एवं कमल उपस्थित थे।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 26 फरवरी, 2024



# गुरुग्राम मैराथन-2024 में 35 हजार देशी-विदेशी धावकों ने दिखाया दम

## मैराथन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचारसेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-29 में गुरुग्राम मैराथन-2024 को क्रेन में चढ़कर झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में क्रिकेटर शिखर धवन।

**गुरुग्राम** मैराथन के पहले संस्करण के दौरान रविवार की सुबह गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड का नजारा धावकों के जोश व उत्साह से सराबोर नजर आया। मिलेनियम सिटी के अब तक के इस सबसे बड़े इवेंट में हजारों की संख्या में पहुंचे रनर्स का जोश और बढ़ गया, जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल मैराथन को फ्लैग ऑफ करने पहुंचे। इस दौरान गुरुग्राम मैराथन के ब्रांड एम्बेसडर क्रिकेटर शिखर धवन भी उनके साथ थे।

रन फॉर जीरो हंगर की थीम पर आयोजित गुरुग्राम मैराथन में स्कूल व विश्वविद्यालय के बच्चों, युवा शक्ति व बुजुर्गों के जोश, उत्साह व उमंग से मुख्यमंत्री गदगद हुए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मिलेनियम सिटी की नई ब्रांड इमेज बनाने में गुरुग्राम मैराथन में शामिल लोगों का अपार जनसमूह इस बात का साक्षी है कि हमारे शहर, प्रदेश व देश का भविष्य युवा पीढ़ी के मजबूत हाथों में सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और इसको ठीक रखने के लिए चलना, दौड़ना, भागना जैसी गतिविधियां अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गुरुग्राम मैराथन को स्वस्थ लाइफस्टाइल की प्रेक्टिकल संज्ञा देते हुए कहा कि इस आयोजन से समाज के सभी वर्गों में स्वस्थ जीवनशैली को लेकर एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

प्रत्येक वर्ष फरवरी के अंतिम रविवार को होगी गुरुग्राम मैराथन

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम मैराथन में हजारों की संख्या में शामिल धावकों से सीधा सवांद करते हुए घोषणा की अब आगामी प्रत्येक वर्ष से फरवरी के अंतिम रविवार को गुरुग्राम मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इवेंट को लेकर लोगों में जोश व जागरुकता बनी रहे इसके लिए हर महीने छोटे छोटे इवेंट भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेनियम सिटी में गुरुग्राम मैराथन के सफल आयोजन के उपरांत 3 मार्च को फरीदाबाद में भी इसी प्रकार का इवेंट आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है। ऐसे में प्रदेश के सभी जिलों में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे खेल इवेंट आयोजित किए जाएंगे। मैराथन की 10 किलोमीटर श्रेणी व 5 किलोमीटर फन रन की श्रेणी में शामिल हजारों की धावकों को फ्लैग करने उपरान्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं खुली में जीप में सवार होकर मैराथन ट्रैक में पहुंचे व दौड़ रहे धावकों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ क्रिकेटर शिखर धवन भी मौजूद रहे। यी। कार्यक्रम में हरियाणवीं सिंगर एमडी ने शा मुक्त करने की मुहिम को बढ़ाते हुए ड्रग्स फ्री हरियाणा गाने पर अपनी लाइव परफॉर्मेंस दी।

# लायंस क्लब ने कराया 35 कन्याओं का सामुहिक विवाह

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सामजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाऊन ने 35 कन्याओं का सामुहिक विवाह कराया। इस अवसर पर क्लब की तरफ से प्रत्येक नवदंपत्ति को उपहार के रुप में घरेलू सामान दिया गया। जिसमें क्षेत्र के समाज सेवियों से लेकर व्यापारी, कारोबारी और क्षेत्रीय नेता शामिल थे।हर वर्ष की भांति रविवार को शहर का सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाऊन द्वारा 35 लड़का, लड़की को विवाहित बंधंन में धार्मिक रितीरिवाजों को निभाते हुए बांधा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे क्षेत्रीय नेता कल्याण सिंह ने क्लब के इस सामुहिक विवाह को सामाज के क्षेत्र में सबसे प्रोपकारी कार्य करार दिया। अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं में सूरजपाल अम्मू, रोहताश बेदी, धर्मेन्द्र खटाना, हरीश नन्दा ने लायंस क्लब के इस सामुहिक विवाह का सहराया। वक्ताओं ने भविष्य में भी कन्याओं के सामुहिक विवाह में सहयोग देने का आश्वासन क्लब को दिया।

# गरीबी दूर करने और देश की प्रगति के लिए शिक्षा से बेहतर कोई माध्यम नहीं: दत्तात्रेय

## राज्यपाल पटौदी स्थित जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम के खंड पटौदी स्थित जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव पर पुरस्कार वितरित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा जीवन में गरीबी को दूर करने का श्रेष्ठ माध्यम है। इसके साथ ही किसी भी देश की प्रगति उसके शिक्षण संस्थानों से जुड़ी हुई है। शिक्षा के संस्थानों में शिक्षा का जितना बेहतर माहौल होगा, उससे उतने ही बेहतर नागरिक तैयार होंगे जो देश की प्रगति में भी अपना उच्चतम योगदान देंगे। वे शनिवार की देर शाम पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर में जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने उपरांत राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पहले किसी समृद्ध परिवार में पैदा होने वाला ही समृद्ध होता था, लेकिन शिक्षा के व्यापक प्रभाव ने भाग्य आधारित समृद्धि के पुराने रास्ते की अवधारणा को बदल दिया है। उन्होंने अभिभावकों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आपके जीवन मे कितने ही संघर्ष क्यों ना हो अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा अवश्य उपलब्ध कराएं। उन्होंने अभिभावकों को अपने जीवन यात्रा का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके घर के आर्थिक हालात ठीक ना होने के बावजूद उनकी माता ने उनकी शिक्षा को बाधित नही होने दिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी माता के संघर्ष व त्याग का ही फल है कि उन्होंने शिक्षा के माध्यम से एक आम आदमी से राज्यपाल तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक मौलिक मानव अधिकार है जिसमें जीवन को बदलने की जागृत शक्ति है।

राज्यपाल ने इस दौरान शिक्षकों से आह्वान किया कि शिक्षकों का यह कर्तव्य है कि वे छात्रों को उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। यदि आप मूल्यों के बारे में अधिक समझना चाहते हैं और शिक्षक उन्हें छात्रों को कैसे सिखा सकते हैं, तो पढ़ना जारी रखें। दत्तात्रेय ने अपने संबोधन के उपरांत विभिन्न श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदशर्न करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित भी किया। वार्षिकोत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव व पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जीएवी ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप कौशिक, भाजपा के प्रदेश पर्यावरण प्रमुख नवीन गोयल, गिरिराज ढींगरा, डा. देवेंद्र बल्हारा, केके गांधी, भीष्म भारद्वाज, डीपी कौशिक, देवेंद्र, अभिषेक बांगा, नगर परिषद पटौदी मंडी की सलाहकार समिति के चेयरमैन चंद्रभान सहगल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# अपर्णा आश्रम की जमीन पर कब्जे की आशंका से विधायक सिंगला से मिले लोग

## आश्रम की पांच हजार करोड़ की जमीन को लेकर की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अपर्णा आश्रम की जमीन पर कब्जे की आशंका से विधायक सुधीर सिंगला से मिलने पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष सिलोखरा के मौजिज लोगों ने मुलाकात करके सिलोखरा गांव में धीरेंद्र ब्रह्मचारी की जमीन पर रह रहे लोगों को निकालने की कार्यवाही को रोकने के लिए गुहार लगाई।

पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा पीएन सिंह, परवीन शर्मा समेत अनेक लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला को जानकारी दी कि सिलोखरा गांव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योगाचार्य रहे धीरेंद्र ब्रह्माचारी के अपर्णा आश्रम में पिछले 40 साल से कुछ परिवार रह रहे हैं। अब एकाएक इन परिवारों को यहां से जमीन खाली करने को कहा जा रहा है। प्रवीन शर्मा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक की ओर से कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में शिवा गन की फैक्ट्री के संदर्भ में धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने बैंक से 5 लाख रुपये का लोन लिया था। वह लोन उन्होंने चुकता नहीं किया। धीरेंद्र ब्रह्मचारी का काफी वर्ष पहले निधन हो चुका है। उनके परिवार में कोई नहीं था। ऐसे में उस लोन की एवज में पंजाब नेशनल बैंक ने यहां सवा पांच एकड़ जमीन पर कब्जा किया है।

प्रवीन शर्मा के मुताबिक यह जमीन पांच हजार करोड़ रुपये की है। इसे 5 लाख रुपये के लोग के बदले कैसे कब्जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपर्णा सोसायटी के गेट पर दो व्यक्तियों सतबीर, करमवीर के नाम से एक बैनर भी लगाया गया है, जिस पर लिखा है कि-श्रीमान जी, अदालत के आदेश अनुसार केस नंबर-ईएक्सई/2013/732 के अनुसार हमें कब्जा दखल दिनांक 21/02/2023 को मिला है। प्रवीन शर्मा व अन्य लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला को बताया कि इस जमीन की कीमत पांच हजार करोड़ रुपये है। ऐसे 5 लाख रुपये के बदले में इसे कब्जा नहीं किया जा सकता। विधायक से मिलने पहुंचे लोगों ने कहा कि अपर्णा सोसायटी में रह रहे लोगों के आशियाने उजडने़ ना दें। गरीब लोग वहां पर रहते हैं। विधायक ने डीसी निशांत यादव से बात की और पीड़ितों को मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर्स ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

## पीएम ने आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाओं की करी सराहना

### नर्सिंग ऑफिसर्स ने महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाओं को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुनतीं नर्सिंग ऑफिसर्स।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतिम एवं 110वां मन की बात कार्यक्रम रविवार को यहां नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में नर्सिंग ऑफिसर्स (एनओ) ने भी सुना। पीएम द्वारा महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण के लिए चलाई गई योजनाओं को एनओ ने सराहा।

नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती का जो महत्व बताया, वह काफी महत्वपूर्ण है। कैमिकलयुक्त फल, सब्जियां व अन्य पदार्थों के सेवन से हम नई-नई बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इसलिए प्राकृतिक खेती की तरफ हमें बढ़ना होगा। देश में प्राकृतिक खेती कर रही महिलाओं के काम की भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की। एनओ ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को लेकर भी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि महिला दिवस का विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है। दुनिया की समृद्धि के लिए महिलाओं को समान अवसर देने की बात भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही। उनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के साथ बात करके उन्हें प्रेरित किया गया।

नर्सिंग ऑफिसर्स ने ड्रोन दीदी के नाम से खुद का मजबूत करने वाले महिलाओं को लेकर प्रधानमंत्री के कथन की सराहना की। खेतों में काम करने के साथ अब महिलाएं ड्रोन उड़ाकर फसलों में छिडक़ाव करके एक नया मुकाम बना रही हैं। नर्सिंग ऑफिसर्स ने महिलाओं की ऊर्जा को और अधिक मजबूत करने के लिए पीएम के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में उनका निरंतर प्रयास रहता है।

# शिक्षा के बिना मानव जीवन का विकास नहीं : राज्यपाल दत्तात्रेय

एजेंसी। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने रविवार को यहां केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में युवाओं को डिग्री वितरित करने के उपरांत कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शिक्षित युवा ही अपने देश और प्रदेश के विकास को बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं।

यूनिवर्सिटी के छठे वार्षिक दीक्षांत समारोह राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बोले कि शिक्षा के महत्व को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नई शिक्षा नीति को लागू किया है। जिसमें गुणात्मक सुधार, तकनीकी कौशल, रोजगार के अवसर एवं नैतिक मूल्यों पर अधिक बल दिया गया है। बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात युवा अपनी आजीविका के लिए कहीं भी जाएं, किंतु उनको अपने मूल स्थान को कभी नहीं भूलना चाहिए। खासतौर से अपने माता-पिता को, जिन्होंने त्याग और तपस्या से अपनी संतान को एक काबिल इंसान बनाया है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस बात पर खुशी जताई कि महिलाएं शोध के विषय में आगे बढ़ कर काम कर रही हैं।

महिलाओं का प्रगति करना हमारे समाज की उन्नति के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नवाचार में रुचि लेकर मानव जीवन की जटिलताओं को दूर करने में योगदान देना होगा। हर साल लाखों छात्र-छात्राएं डिग्री धारण करते हैं। इन सभी को सरकार की ओर से रोजगार देना संभव नहीं है। युवाओं को अपनी निपुणता बढ़ा कर स्वरोजगार की दिशा में कदम रखना होगा।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने छठे पशु विकास दिवस पर 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### डेयरी फार्मिंग में महिलाओं की भूमिका को सम्मनित किया

**भारत** की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने देश में सबसे बड़े एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर में एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर शिविर आयोजित किया।

भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें इनमें महिलाएं 70 प्रतिशत कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल ESG ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है। मवेशियों की देखभाल के अलावा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 4 फरवरी से 10 फरवरी 2024 तक देश भर में लोगों के लिए 300 से अधिक स्वास्थ्य देखभाल शिविरों का भी आयोजन किया, जिससे 30,000 से अधिक लोगों को लाभ हुआ। छठे पशु विकास दिवस ने कुल मिलाकर 1,25,000 से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया।

कंपनी का विविध कार्यबल 600 कस्बों और 65,000 से अधिक गांवों में अखिल भारतीय ग्राहक आधार को पूरा करते हैं। कार्यबल का फोकस ऋण के माध्यम से सपनों को वित्तपोषित करके और ग्रामीण भारत को उन स्थानीय समुदायों में बेहतर आजीविका के लिए कौशल प्रदान करके एक समग्र समावेशी इको सिस्टम सुनिश्चित करने पर है, जहां वे काम करते हैं।

पशु विकास दिवस में देश भर के 4,000 से अधिक कर्मचारियों ने सक्रिय तौर पर भागीदारी निभाई। इसके लिए कर्मचारी स्वेच्छा से आगे आए। कंपनी की सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु मित्रा ने कहा, हमारे ग्रामीण ग्राहक आधार में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। हमारे बहुत से ग्राहक पशु खरीदने के लिए ऋण लेते हैं, जो उनके लिए आय का एक बड़ा स्रोत है। हमारे सामुदायिक विकास कार्यक्रम परिवर्तन को संभव बनाने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं और ग्रामीण आजीविका के उत्थान, जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने और आय स्रोतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पशुधन कल्याण के अलावा, हम कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं।

# साहस और विरासत का उत्सव मनाते हुए डॉ. मोनिका बी सूद की पुस्तक टिल गॉड वेक्स ( Till God Wakes ) का विश्व पुस्तक मेला 2024 में अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




अपने स्वर्गीय पिता, प्रतिष्ठित लेखक परमजीत कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए डॉ मोनिका बी सूद ने अपनी नई पुस्तक 'टिल गॉड वेक्स' का अनावरण नई दिल्ली के प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला 2024 में किया। डॉ सूद ने यह किताब व्हाइट फॉल्कन पब्लिशिंग के सहयोग से प्रकाशित किया। इस किताब में डॉ सूद ने एनईएफए में सीनो-इंडियन युद्ध के रोमांचक कथन को जीवंत किया। उन्होने अपने पाठकों को पुस्तक के माध्यम से बहादुरी और त्याग की कहानियों से परिचित कराया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत एक भारतीय श्रेष्ठ ज्ञातकार, दार्शनिक और अर्थशास्त्री स्वर्गीय परमजीत कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए, एक मिनट के मौन के साथ किया गया। 'टिल गॉड वेक्स' उनकी विरासत का प्रमाण है। पुस्तक पाठकों को युद्ध के परिदृश्य और भारतीय नायकों की अजेय आत्मा की एक झलक के रूप में प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ मोनिका बी सूद ने कहा, परमजीत कुमार सिर्फ मेरे पिता ही नहीं बल्कि मेरे अबोध मार्गदर्शक थे। उनकी साहस और सहानुभूति की विरासत उनके अद्भुत कार्यों के माध्यम से जीवित है। आगे उन्होंने अवसर पर उपने पिता के उत्साही इच्छा को लोगों के सामने रखते हिए कहा कि उनकी इच्छी थी कि भारतीय युवाओं सीनो-इंडियन युद्ध के दौरान प्रदर्शित वीरता की सराहना करे। कार्यक्रम का आकर्षण 1985 के अभिलेखीय फुटेज का प्रसारण रहा, जिसमें परमजीत की देशभक्ति और विश्व शांति के लिए उनके भावनाओं और विचारों को दिखाया गया। परमजीत की बड़ी पोती एंजेल डिसूज़ा ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए पाठकों को इस किताब को पढ़ने के लिए आमंत्रित किया।

"टिल गॉड वेक्स" साहस और विरासत के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो पाठकों को समय और सीमाओं से परे एक कथा में डूबने के लिए आमंत्रित करता है।

# क्रैक-एड की प्रतिबद्धता: विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के बेहतर रोजगार के लिए एक नई पहल

एजेंसी। नई दिल्ली




क्रैक-एड कॉलेज के नए छात्रों और शुरुआती पेशेवरों को तैयार करने के लिए एक सर्व-समावेशी कौशल उन्नयन प्लेटफॉर्म है, जिसने अपनी नवीनतम पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य कौशल वृद्धि के माध्यम से अपनी पूरी क्षमता को विपाश करके और मूल्यवान नौकरी के अवसर प्रदान करके विशेष क्षमताओं वाले व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। इस पहल का पहला चरण भारत की अग्रणी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, Niva Bupa के सहयोग से शुरू किया गया है।

क्रैक-एड ने विकलांग सहारा समिति दिल्ली (एक गैर सरकारी संगठन जो हाशिए पर रहने वाले युवाओं और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए काम कर रहा है) और डॉ रेड्डी फाउंडेशन , गिफ्टेबल्ड के साथ भागीदारी की है। साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान 30 से अधिक अभ्यर्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। क्रैक-एड के संस्थापक, देबोजित सेन ने इस बात पर जोर दिया कि "विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने की पहल रोजगार क्षमता बढ़ाने के उनके व्यापक मिशन का एक स्वाभाविक विस्तार है। यह पहल उपयुक्त रोजगार के अवसर हासिल करने में उनके सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान करके सार्थक बदलाव लाने की क्रैक-ईडी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। निवा बुपा के मानव संसाधन प्रमुख मोहित मारवाहा ने कहा, "हम निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस में विविधता और समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। हमारे कार्यबल में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को सक्रिय रूप से तलाशने और उनका स्वागत करके, हम न केवल अपने को समृद्ध बनाते हैं। "संगठनात्मक संस्कृति, लेकिन विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तियों के एक पूल में भी प्रवेश करें जो विभिन्न उद्योग में अमूल्य कौशल और दृष्टिकोण लाते हैं। विशेष रूप से विकलांग प्रतिभा को बढ़ावा देकर, हमारा लक्ष्य बाधाओं को तोड़ना, रूढ़िवादिता को चुनौती देना और समावेशिता और समानता के माहौल को बढ़ावा देना है। चूंकि क्रैक-एड का लक्ष्य अपस्किलिंग के माध्यम से रोजगार योग्य और नियोजित के बीच अंतर को कम करना है, यह अभियान बेरोजगारी के मुद्दे से निपटकर बदलाव लाने का एक और प्रयास है, खासकर आबादी के उपेक्षित वर्गों के लिए। क्रैक-ईडी भविष्य में ऐसे और सत्र आयोजित करेगा और इसका उद्देश्य इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए अन्य निगमों के साथ साझेदारी करना है।

# ऐंजल पैलेस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया धूमधाम से वार्षिक उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**सोहना** विधायक संजय सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं। जिनको संवारने में शिक्षकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उनका भविष्य बनाते हैं। खंड के पलवल मार्ग पर स्थित शनिवार को ऐंजल पैलेस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि सोहना विधायक संजय सिंह थे। जिनके पहुँचने पर स्कूल संचालकों ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सबको ताली पीटने पर मजबूर कर डाला। विद्यार्थियों द्वारा योगा, नृत्य, नाटक कविता आदि को सभी ने सराहा। स्कूल प्रिंसिपल मंजू जांगिड़ ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करके बताया कि स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर वर्ष शत प्रतिशत रहता है। स्कूल ने सभी क्षेत्रों में अनेकों उपलब्धियां हासिल करके नाम रोशन किया है। समारोह में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया था। इस अवसर पर स्कूल चैयरमैन नरेंद्र यादव, संदीप, व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज बजरंगी, पार्षद हरीश नंदा, विष्णु अग्रवाल आदि के अलावा शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# देश की आजादी में शहीद हसन खाँ मेवाती की कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता: जाकिर

## मुख्यमंत्री ने शहीद हसन खाँ और हजारों मेवों का किया सम्मान, राज्य स्तर पर दिया शहीदी दिवस का दर्जा

### बड़कली चौक पर आयोजित 9 मार्च को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**वतन** पर शहीद होने वाले राजा हसन खाँ मेवाती व जंग-ए-आज़ादी में शहीद होने वाले सभी मेवों की याद में 9 मार्च को बड़कली चौक पर आयोजित शहीद राजा हसन खाँ मेवाती दिवस का निमंत्रण देने के लिए रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने नूँह विधानसभा के गाँव टेरकपुर, बाबूपुर व गुंडबास आदि का दौरा कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचनें की अपील की।

चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि मेवात के लोगों ने देश की आजादी में हजारों कुर्बानियाँ दीं। शहीद राजा हसन खाँ मेवाती व उनके साथ 12 हजार मेवों ने राणा सांगा के साथ बाबर के खिलाफ खानवा के मैदान में लड़ाई में भाग लिया और वे 15 मार्च, 1527 को लड़ते लड़ते शहीद हो गए। पिछली सरकारों ने इतने बड़े देश-भक्त व वीर शहीदों को बुला दिया था।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहीद राजा हसन खाँ मेवाती व हजारों शहीद मेवों की शहादत का सम्मान करते हुए उन्हें राज्य स्तर पर शहीदी दिवस का दर्जा देने व उनकी याद में संग्रहालय स्थापित करने व शहीद राजा हसन खाँ मेवाती की बड़कली चौक पर बड़ी प्रतिमा लगाने का फैसला लिया। यह हर मेवाती के लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है। यह एक गैर राजनैतिक कार्यक्रम है इसलिए सभी मेवातवासियों को इस कार्यक्रम में पहुंचना है।

जाकिर हुसैन ने कहा कि आगामी 9 मार्च को नूँह जिले के बड़कली चौक पर आयोजित शहीद राजा हसन खाँ मेवाती दिवस में मुख्य अतिथि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी होंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हजारों लोग गवाह बनेंगे।

हुसैन ने सभी लोगों से अपील की कि आगामी 9 मार्च को बड़कली चौक पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें और मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए मेवातवासियों के लिए इतने बड़े सम्मान की शोभा बढाएँ। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन शहीद राजा हसन खाँ मेवाती दिवस की तैयारियों को लेकर काफी गंभीर हैं। वे लगातार गाँव-गाँव जाकर मेवात के लोगों से संपर्क कर 9 मार्च को शहीद हसन खाँ मेवाती दिवस का निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदी-दिवस ऐतिहासिक होगा जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे और मेवात के वीर शहीदों को खिराज़े-ए-अकीदत पेश करेंगे।

# फर्जी आधार कार्ड के साथ रोहिंग्या महिला गिरफ्तार

### पुलिस का दावा अपराध के उद्देश्य से बनवाया था दस्तावेज

**तावडू।** नूंह शहर के अंतर्गत फर्जी आधार कार्ड के साथ एक रोहिंग्या महिला को पकड़े जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली कि नूंह के वार्ड नं तीन में सरकार द्वारा रोहिंग्या के लिए अलॉट में भूमि की एक झुग्गी में अपनी मां के साथ रहने वाली नूरजहां ने अपना फर्जी आधार कार्ड बदरपुर थाना नगीना जिला नूंह के पत्ते पर बनवाया हुआ है। जो फिलहाल भी रोहिंग्या झुग्गी में मौजूद है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर दबिश देते हुए रोहिंग्या कॉलोनी को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान रिफ्यूजी सर्टिफिकेट मिला। इसके अलावा झुग्गी में एक प्लास्टिक थैली मिली, जिसकी तलाशी लेने पर एक आधार कार्ड मिला। जिस पर नूरजहां पत्नी मोहम्मद सेकुल निवासी बदरपुर थाना नगीना जिला नूंह का पता अंकित था।

पुलिस ने आरोपी महिला नूरजहां को हिरासत में ले लिया। पुलिस का दावा है कि रोहिंग्या महिला बर्मा देश से बतौर रिफ्यूजी आई थी। जिसने गलत पते पर फर्जी आधार कार्ड बनवाकर अपनी पहचान छुपाते हुए सरकार को धोखा देने का अपराध किया है। शहर थाना पुलिस ने आरोपी रोहिंग्या महिला के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला वर्ग की फुल मैराथन में रोहतक की किरण रही प्रथम

### पुरुष वर्ग में यूथोपिया देश के मिकियास तृतीय स्थान पर रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-29 में गुरुग्राम मैराथन-2024 में विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल व क्रिकेटर शिखर धवन।

**रविवार** को यहां आयोजित की गई गुरुग्राम मैराथन-2024 में हर किसी ने अपनी पूरी शक्ति के साथ दौड़ लगाई। एक-दूसरे को पछाड़कर आगे निकलने की होड़ युवाओं में रही। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम मैराथन की फुल, हाफ व 10 किलोमीटर की श्रेणी में विजेता रहे विभिन्न विजेताओं को निर्धारित राशि देकर सम्मानित भी किया।

पुरुष वर्ग के फुल मैराथन में उत्तर प्रदेश के अजय कुमार ने पहला स्थान प्राप्त हसिल करते हुए 1 लाख 50 हजार रुपये का इनाम अपने नाम किया। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाले महाराष्ट्र के सिकंदर को 1 लाख का ईनाम मिला। इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर यूथोपिया देश के मिकियास रहे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने 75 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महिला वर्ग की फुल मैराथन में रोहतक की किरण ने प्रथम स्थान हासिल कर 1 लाख 50 हजार रुपये का ईनाम अपने नाम किया। इसी श्रेणी में दिल्ली की भारती व उत्तर प्रदेश की मंजू रानी ने दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

हाफ मैराथन श्रेणी में पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के प्रशांत, उत्तराखंड के अंकित व उत्तर प्रदेश के अबधेश पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी श्रेणी के महिला वर्ग में यूथोपिया की चलतु, भिवानी की सोनिका व महाराष्ट्र की पूनम ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

इस श्रेणी में पहले तीन विजेताओं के लिए 1 लाख, 75 हजार व 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी। इसी क्रम में 10 किलोमीटर की श्रेणी में पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अभिषेक, रवि व यश पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश रूबी, रीमा व नेहा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस श्रेणी में विजेता रहे धावकों को 50 हजार, 30 हजार व 20 हजार रुपये के पुरुस्कार से सम्मानित किया।

# दुर्घटना में बीडीपीओ सहित चार लोग घायल

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### पुनहाना के जुरहरा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

**नूंह** जिले के पुनहाना शहर के जुरहरा रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने - सामने से भिड़ंत हो गई । भिड़ंत इतनी भयानक थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए। मोटरसाइकिलों पर सवार बीडीपीओ सहित चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पाकर डायल 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ के लिए रेफर कर दिया गया है ।

जानकारी के मुताबिक बीडीपीओ सहित चारों की हालत नाजुक बनी हुई है। मोटरसाइकिलों को पुलिस ने कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब आगामी कार्रवाई में जुट गई है। बीडीपीओ सहित सभी घायल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। दोनों बाइक तेज रफ्तार में बताई जा रही हैं। इसी चक्कर में यह हादसा हुआ है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**निमौठ** चौंक से सरमथला जाने वाले मार्ग पर गांव राहाका के निकट ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शनिवार की रात करीब आठ बजे गांव राहाका निवासी 34 वर्षीय निरज किसी काम से फाइक पर जा रहा था। जैसे ही वह निमौठ सरमथला मार्ग पर आया। वहां पर ट्रक को सड़क के ऊपर मोड़ते समय उसके चालक ने सामने से आ रही बाइक पर ध्यान नहीं दिया।

ट्रक को जल्दबाजी में मोड़ने के दौरान बाइक को टककमार दी। जिससे बाइक सवार को जिस , मुंह, हाथ, पैर में काफी चोटे आई चोटों के कारण घटना स्थल पर हो निरज ने दमतोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को रात के समय में ही नागरिक अस्पताल में सोहना के नवग्रह कक्ष में रखवा दिया। जिसका रविवार को पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि आरोपी चालक का ट्रक को कब्जे में ले लिया है। आरोपी अज्ञात चालक की पहचान और तलाश की जा रही है।

# महिला ने लगाया दहेज उत्पीड़न व दुष्कर्म का आरोप

**तावडू।** नूंह के थाना रोजका मेव के अंतर्गत पुलिस ने एक महिला के शिकायत पर ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने का केस दर्ज किया है। सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

थाना रोजका मेव के अंतर्गत एक गांव की पीड़िता महिला ने शिकायत में बताया कि फरवरी वर्ष 2022 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक उसकी शादी हरचंदपुर भिवाड़ी निवासी प्रमोद के साथ हुई थी। शादी में उनके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक सभी जरूरी सामान दिया था। लेकिन ससुराल वाले शादी में दिए गए देहज से संतुष्ट नहीं थे,जो एक गाड़ी की मांग कर रहे थे। पीड़िता के परिजनों न असमर्थता जताई लेकिन ससुराल के लोग दहेज की मांग पर अडिग रहे। मांग पूरी नही होने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। पीड़िता का आरोप है कि देवर ने कई बार जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता महिला के मुताबिक मांग पूरी नहीं होने पर घर से निकाल दिया। फिलहाल करीब दो महीने से घर पर ही रह रही है। थाना रोज का मेव पुलिस ने आरोपी पति प्रमोद सहित सुरेश, मनोज, दो अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किया है।

# 11 जोड़ो ने संगीतमय तरीके से किया रुद्राभिषेक

## श्री सीताराम मंदिर के प्रांगण में चल रही शिव महापुराण का आठवां दिन

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका





**श्री सीताराम** मंदिर के प्रांगण में चल रही शिव महापुराण के अष्टम दिवस की प्रात: बेला में 11 जोड़ों के द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक संगीतमय तरीके से पूरी विधि विधान के सात विद्वान पंडितों द्वारा कराया गया। दोपहर 1:00 बजे से 5:00 तक पूज्य महाराज बालकृष्ण जी के द्वारा सुंदर कथा का वर्णन किया गया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि एक बार गुरु बृहस्पति जी देवराज इंद्र के साथ भगवान महादेव के दर्शन करने के लिए कैलाश जा रहे थे।

रास्ते में ही भगवान महादेव ने भेष बदल करके एक साधु का रूप धारण करके इंद्र की परीक्षा लेनी चाहिए। इंद्र महादेव को पहचान नहीं सके और अपने वज्र का अभिमान लेकर महादेव के ऊपर परिहार करने के लिए दौड़े महादेव को क्रोध आ गया भगवान महादेव के क्रोध में देखकर के गुरु बृहस्पति जी ने महादेव की प्रार्थना की भगवान शिव ने कहा मुझे जो क्रोध आया इस क्रोध को मैं कहां फेंकू बृहस्पति जी के कहने पर भगवान शिव ने अपने क्रोध को समुद्र में फेंक दिया समुद्र में भगवान के क्रोध ने एक सुंदर बालक का के रूप में जन्म ले लिया लेकिन वह बालक जन्म लेते ही जोर-जोर से रोने लगा तीनों लोकों में वह व्याप्त हो गया ब्रह्मा जी उसे बालक की खोज में निकले समुद्र के तट पर पहुंचे समुद्र देव बालक ब्रह्मा जी की गोदी में दिया और कहा आप इसका नामकरण कीजिए उसे बालक ने ब्रह्मा जी की गोद में आते ही ब्रह्मा जी की गर्दन को अपने दोनों हाथों से पकड़ लिया और इतनी जोर से दवायां की ब्रह्मा जी की आंखों से जल बाहर आ गया ब्रह्मा जी ने कहा इस बालक ने तो मेरी आंखों का जल बाहर निकाल दिया। इसलिए इस पालक का नाम जालंधर होगा जालंधर का विवाह कालनेमि की पुत्री वृंदा के साथ हुआ हुआ बृंदा देवी एक महान पतिव्रता थी। जालंधर ने सभी देवताओं के ऊपर विजय प्राप्त कर ली सभी देवता भगवान विष्णु की शरण में गए।

भगवान विष्णु ने युद्ध करने के लिए स्वीकृति दी लेकिन लक्ष्मी जी ने मना कर दिया कि जालंधर मेरा भाई है लक्ष्मी जी और जालंधर दोनों ही समुद्र से प्रकट हुए हैं भगवान विष्णु देवताओं को आशवस्त किए थे। इसलिए जालंधर के साथ युद्ध किया लेकिन जालंधर से युद्ध में प्रसन्न होकर के भगवान विष्णु जालंधर के साथ ही रहने लगे सभी देवताओं ने भगवान शिव से प्रार्थना की भगवान शिव युद्ध में आए भगवान विष्णु ने वृद्धा के साथ छल किया। भगवान शिव ने जालंधर को युद्ध में भस्म किया । शेष भगवान शिव के अवतार की कथा एक आदर्श रूद्र अवतारों की कथा का वर्णन किया गया।

### 28 को मंदिर परिसर में होगा विशाल भंडारा

**मंदिर** के सचिव छगनलाल शर्मा, वार्ड पार्षद महेंद्र कौशिक ने बताया कि श्री सीताराम जी मंदिर गढ़ अंदर में 18 फरवरी से 28 फरवरी तक शिव महापुराण एवं रुद्राभिषेक एवं रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 26 फरवरी सोमवार को रात्रि 8 बजे विशेष भजन संध्या एवं फूलों की होली का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे धर्मवीर बृजवासी एवं योगेश लावणीया एंड पार्टी द्वारा होली के रसिया एवं भजनो से प्रभु का गुणगान किया जाएगा और 28 फरवरी प्रात: 8 बजे मंदिर परिसर में हवन एवं प्रात: 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन श्री सनातन धर्म सभा के सौजन्य और भक्तों के सहयोग से किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में पर्यटन में रोजगार की अपार संभावनाएं: सीएम




**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पर्यटन का अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस क्षेत्र में उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) का भी बड़ा स्कोप है। उन्होंने यह बात रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर-69 में ओयो एक्सीलिरेटर कार्यक्रम में कही। उन्होंने ओयो द्वारा नव उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए आरम्भ एक्सीलिरेटर कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नव उद्यमियों को आगे बढ़ाने में कारगर साबित होगा। सीएम मनोहर लाल ने कहा होटल कारोबार में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, किसी भी छोटे कार्य को बड़ा होने में देर नही लगती, युवा पीढ़ी जोश और उत्साह के साथ आगे बढे, रोजगार के अवसर लगातार युवाओं को मिलते रहे, इसके लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को लीक से हटकर कुछ नया व सकारात्मक करने का संदेश देते हैं। आज युवा पीढ़ी होटल, पर्यटन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश की आर्थिक ताकतों में ऐसे व्यक्तियों का नाम आता है,जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर आए हैं। उन्होंने ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल को कार्यक्रम के शुभ अवसर पर बधाई दी और सरकार की ओर से सहयोग के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश और प्रदेश में निरन्तर पर्यटन बढ़ रहा है। स्टार्टअप कार्यक्रम में उतरी भारत की बात की जाए तो हरियाणा का विशेष योगदान है। युवाओं को आज पारदर्शी तरीके से मिशन मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है।

### सोहना में सड़क किनारे खड़ा बिजली का पोल गिरा



**सोहना।** शहर के बीच पुरानी सब्जी मंडी मार्ग पर रास्ते के किनारें पर लगा बिजली का पोल टूटकर सामने वाले बंद मकान के छज्जे पर जा गिरा। इस हादसे में कोई जानी-माली नुकसान नहीं हुआ। मौके पर पहुंची बिजली निगम की टीम टूटे हुए बिजली के पोल को ठीक करने में जुट गई है। रविवार की दोपहर बाद समय करीब चार बजे शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चैक से पुरानी सब्जी मंडी को जाने वाले मार्ग के किनारे लगा बिजली का पोल टूट गया। टूटा हुआ पोल सामने बंद पड़ा मकान के साथ जा गिरा। जिससे इस हादसे में कोई जान-माल की हानि नहीं हुई। वैसे भी महीने का आखिरी रविवार को बाजार बंद होने के कारण मार्ग लोगों का आवागमन बहुत ही कम था। जिस समय बिजली का पोल टूटकर गिरा। उस समय बिजली सप्लाई चालू थी। लेकिन किसी प्रकार का कोई नुसान नहीं हुआ। मौके पर पहुंची बिजली निगम की टीम ने टूटे हुए पोल को नये सिरे से लगाने की कवायद शुरु कर दी है। जिसके रात 9 से 10 बजे तक ठीक होने की संभावना है। पोल बदले जाने के दौरान बिजली कट करा। जिससे पुराने शहर में बिजली की आपूर्ति न होने से पेयजल सप्लाई चालू होने के बावजूद स्थानीय लोग पानी नहीं भर सके। बिजली की आपूर्ति 4 से 5 घंटा बाधित रहने की आशंका जताई जा रही है। बिजली निगम के फोरमैन अशोक कुमार ने बताया कि इस मार्ग पर दिन के समय में केवल डालने का काम चला था। ठेकेदार की लेबर को नया पोल लगाने के लिए लगा दिया है। जिससे ठप बिजली सप्लाई रात 10 बजे तक चालू हो जाएगी।

### बेरोजगार युवती, महिलाओं को बनाया जाएगा रोजगार योग्य



**सोहना।** वार्ड नंबर 15 पार्षद संदीप सिंगला ने अपने ही वार्ड में कंप्यूटर सेंटर की शुरुआत की है। जिसमें आर्थिक रुप से कमजोर परिवार की बेटियों और विधवा महिलाओं को कंप्यूटर व अंग्रेंजी स्पीकिंग का कोर्स कराने के बाद रोजगार योग बनाया जाएगा। रविवार को शहर के वार्ड-15 के पार्षद सिंगला ने कंप्यूटर केन्द्र की शुरुआत की। जिसका उद्घाटन पार्षद की माता शशि सिंगला ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र भारद्वाज, भाजपा नेता सूरजपाल अम्मू, महेश चैहान, शमशुदीदन समेत अन्य क्षेत्रीय नेताओं के अलावा नगर परिषद के पार्षद भी पहुंचें। कंप्यूटर सेंटर के उद्घाटन के बाद पार्षद संदीप सिंगला ने बताया कि उनका उद्देश्य बेसहारा युवतियों से महिला व विधवा महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने योग बनाया जाएगा। उनका उद्देश्य बेरोजगार युवती व महिलाओं को रोजगार का हुनर देकर उनकी आर्थिक दशा को सुधारा जा सके। पार्षद ने बताया कि कंप्यूटर के साथ-साथ अग्रेंजी सिखाने की कक्षाएं चलाई जाएंगी। अंग्रेजी कमजोर होने के कारण रोजगार के संसाधन प्राप्त करने में परेशानियां आ जाती है। कंप्यूटर सीखने वालों को रोजगार भी उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा।

### कार की टक्कर से घायल स्कूटी सवार ने तोड़ा दम

**कैथल ।** यहां अंबाला रोड पर सड़क हादसे में एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा एक वाहन द्वारा स्कूटी को टक्कर मार देने से हुआ। इसमें स्कूटी सवार दो व्यक्तियों में से एक की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद वारिसों को सौंप दिया गया है। सदर थाने में दी शिकायत में अल्मोडा निवासी रविंद्र ने बताया कि वे 23 फरवरी को रात के समय होटल का काम खत्म करके होटल से अपने कमरे पर जा रहे थे। उसका चाचा चंदन राम व भाई मनोज चाचा की स्कूटी पर सवार थे। वह दूसरी स्कूटी लेकर जा रहा था।

पायनियर क्लासीफाइड

CHANGE OF NAME

I, Rajpal holder of Indian Passport No:M3001432 issued at Chandigarh on 31/10/2014 and Permanent Resident of House No 532 VPO Kajal Heri Distt Fatehabad PIN 125048 Haryana India and presently residing at BG 194 Flat No T 1940108 AL Dhannah City Abu Dhabi UAE do hereby change my name from Rajpal to Rajpal (Given name) Bishnoi (Surname) with immediate effect.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# लोकतंत्र के आगे बैरिकेड्स

## देश आम चुनाव के मुहाने पर खड़ा है



**देश** आम चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले की तैयारियों में जुटा है। देश में कितने मतदाता हैं, पिछली बार से इस बार कितने नए मतदाता जुड़े, युवा मतदाताओं की संख्या कितनी है, ऐसे तमाम आंकड़े आने शुरु हो चुके हैं। सर्वेक्षण एजेंसियां किस्म-किस्म के सर्वे कराने में जुट चुकी हैं। आज चुनाव हुए तो कौन जीतेगा, मोदी या राहुल किसका चेहरा मतदाताओं की पहली पसंद है, एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसका पलड़ा भारी है, राम मंदिर उद्घाटन का फायदा भाजपा को होगा या नहीं, किसान आंदोलन का कितना असर चुनावों पर पड़ेगा, ऐसे कई सवालों के इर्द-गिर्द सर्वे हो रहे हैं और उनके नतीजों के आधार पर देश की भावी सरकार बनाई जा रही है। इन सवालों में एक सवाल और पूछा जाना चाहिए कि क्या इन चुनावों में या इन चुनावों के बाद लोकतंत्र के बचने की कितनी उम्मीदें बाकी रह जाएंगी। क्योंकि फिलहाल देश का जो माहौल है, उसमें लोकतंत्र के आगे बैरिकेड्स लगाए जा चुके हैं। बैरिकेड्स के एक ओर लोकतंत्र और दूसरी ओर सरकार दिखाई दे रही है।

13 फरवरी से दिल्ली कूच के लिए निकले किसानों को भाजपा सरकार ने जोर-जबरदस्ती से हरियाणा-पंजाब की सीमा पर ही रोका हुआ है। किसान सरकार को उसके वादों की याद दिलाते हुए ही फिर से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांगें वहीं हैं, जो तीन साल पहले के किसान आंदोलन में थीं। तब केंद्र सरकार ने साल भर चले उनके आंदोलन को खत्म कराने के लिए उनसे वादे किए थे कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी, लखीमपुर खीरी में मारे गए किसानों के साथ इंसाफ होगा, इसी तरह के कुछ और वादे भी थे, जो तीन साल में पूरे नहीं हुए तो अब किसान आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार फिर से किसानों से वार्ताएं कर रही हैं। बातचीत से समस्या का हल निकालना बिल्कुल सही है, लेकिन इसमें नीयत भी सही होनी चाहिए। अपने ही वादों को पूरा करने के लिए आखिर सरकार कौन सी बैठकें कर रही हैं। जो फैसला लेना है, वो सरकार को लेना है, इसमें किसान तो इंतजार के सिवाए कुछ कर ही नहीं सकते। तीन साल तक किसानों ने इंतजार ही किया है, और सरकार चाहती है कि वो और इंतजार करते रहें।

शांतिपूर्ण तरीके से विरोध के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए ही किसान पंजाब-हरियाणा से आगे बढ़ रहे थे, लेकिन उन पर लगातार आंसू गैस के गोले और छर्रे चलाए जा रहे हैं। पिछले किसान आंदोलन में भी सरकार ने ऐसी ही ज्यादतियां की थीं। तब साढ़े सात सौ से अधिक किसानों की मौत हो गई थी और इस बार फिर किसानों के शहीद होने का सिलसिला शुरु हो चुका है। कुछ दिन पहले एक प्रौढ़ किसान की आंदोलन के दौरान मौत हुई थी और बुधवार को 22 बरस के एक युवा किसान की मौत हो गई। किसानों का आरोप है कि हरियाणा पुलिस ने गोलियां चलाईं, जिनमें कुछ लोग घायल हुए, कुछ लापता हैं और एक युवा किसान की मौत हो गई है। शांति के साथ विरोध करने वालों पर ऐसा अत्याचार साफ बता रहा है कि लोकतंत्र का अध्याय देश में बंद कर नया पाठ शुरु करने की तैयारी हो चुकी है। किसानों को सरकार रामलीला मैदान आने से रोक रही है। वहीं दिल्ली में गुरुवार को जंतर-मंतर पर ईवीएम के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन को भी पुलिस ने रोक दिया। धारा 144 लगाकर लोगों को रोका गया और जब इस प्रदर्शन की शुरुआत युवा कांग्रेस मुख्यालय से करते हुए कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने जंतर-मंतर चलो का आह्वान किया तो पुलिस ने फिर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर पहले से खड़ी बसों में ठूंस लिया। युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर पहले से भारी पुलिस बल और बैरिकेडिंग का इंतजाम था।

# सामाजिक न्याय की राजनीति के नए प्रतीक बने राहुल

**बनारस से इलाहाबाद होते हुए सामन्तवाद के गढ़ प्रतापगढ़ पहुंचे राहुल गांधी दलित-ओबीसी मुद्दों पर जमकर बरसे। संभवतया पहली बार राहुल गांधी ने दलितों और पिछड़ों को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए ललकारा।**

– प्रो. रविकांत

(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)



**सामाजिक** न्याय के विमर्श को कांशीराम ने उत्तर प्रदेश की जमीन पर साकार करके दिखाया। बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने वंचितों को संविधान और वोट की ताकत का अहसास कराया। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया। दलितों वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की।

1994 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म क्रांतिवीर में नाना पाटेकर का एक डायलॉग बड़ा मशहूर हुआ था। पत्रकार का किरदार निभाने वाली डिम्पल कपाड़िया की तरफ इशारा करते हुए नाना पाटेकर भीड़ को संबोधित करते हैं। ये कलम वाली बाई क्रांति करने चली थी। क्रांति कैसे होगी? यहां सब बुजदिल हैं , मुर्दे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी यूपी पहुंचकर नाना पाटेकर के क्रांतिवीर की भाषा में संवाद कर रहे हैं। बनारस से इलाहाबाद होते हुए सामन्तवाद के गढ़ प्रतापगढ़ पहुंचे राहुल गांधी दलित-ओबीसी मुद्दों पर जमकर बरसे। संभवतया पहली बार राहुल गांधी ने दलितों और पिछड़ों को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए ललकारा। भारत जोड़ो यात्रा से लेकर न्याय यात्रा में बिहार झारखंड तक राहुल गांधी भाजपा और आरएसएस की नफरत और हिंसा पर आधारित विभाजनकारी राजनीति को कठघरे में खड़ा करके दलित, आदिवासी और पिछड़ों के सवालों को संयमित भाषा में उठाते रहे हैं। एक राजनीतिक व्यक्तित्व से बढ़कर राहुल गांधी एक शिक्षक की तरह आंकड़ों के जरिए वंचित समुदायों को समझाते रहे कि नरेंद्र मोदी किस तरह दलितों पिछड़ों और आदिवासियों के संसाधनों को छीनकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरियां भर रहे हैं।

राहुल गांधी पूछते रहे कि देश की संपदा और संसाधनों में इन तबकों की हिस्सेदारी कितनी है? लेकिन जब राहुल गांधी यूपी पहुंचे तो उन्होंने दलित ओबीसी और आदिवासियों को ललकारते हुए कहा कि तुम सोये हुए हो। तुममें दम नहीं है। दरअसल, ये अम्बेडकर और कांशीराम की भाषा है। उनका कहना था कि अधिकार मांगने से नहीं मिलते, छीनने पड़ते हैं। बुजदिली और कायरता से अधिकार नहीं मिलेंगे। इसके लिए मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। लड़ना होगा। संघर्ष करना होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि यूपी आकर राहुल गांधी एंग्री यंगमैन क्यों बन गए? राहुल गांधी में ये बदलाव कैसे आया?

14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए राहुल गांधी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अन्याय के खिलाफ लोगों से अनवरत संवाद कर रहे हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई भयानक जातीय हिंसा से उपजे विभाजन को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। जबकि राहुल गांधी हिंसा के दरम्यान मणिपुर पहुंचे थे। मणिपुर के लोगों को सौहार्द्र और न्याय का संदेश देने के लिए राहुल गांधी ने वहीं से अपनी न्याय यात्रा शुरू की। दलितों और आदिवासियों पर होने वाली अन्याय और प्रताड़ना की घटनाओं में पिछले दशक में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आदिवासियों के जंगल और जमीन के अधिकारों को छीना जा रहा है। राहुल गांधी इस अन्याय के खिलाफ लगातार खड़े हैं। वे राष्ट्रीय संसाधनों में वंचित तबकों की समान हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं। इसके समानांतर भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी को अपमानित करने और न्याय यात्रा को बाधित करने के प्रयास भी निरंतर हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर से निकलकर गोदौलिया में राहुल गांधी ने जहां भाषण दिया था, उस स्थान को भाजपाइयों ने 51 लीटर गंगाजल से धोया। दरअसल, ये वर्णवादी और मनुवादी मानसिकता है, जिसके शिकार सदियों से दलित और पिछड़े रहे हैं। राहुल गांधी के साथ इस तरह का व्यवहार करना, एक नई परंपरा की शुरुआत है। नरेंद्र मोदी और भाजपा के हिंदुत्व से जो असहमत हैं उसके खिलाफ अपमान और घृणा का व्यवहार, भारत की वर्चस्वशाली परंपरा का नया हथियार है। जाहिर तौर पर राहुल गांधी ने अब इस दर्द को ज्यादा अंतरतम से महसूस किया होगा। राहुल गांधी सिर्फ राजनीतिक सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं बल्कि किसी भी तरह की शोषणकारी सत्ता को बदलने के लिए बेताब दिखते हैं।

सामाजिक न्याय के विमर्श को कांशीराम ने उत्तर प्रदेश की जमीन पर साकार करके दिखाया। बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने वंचितों को संविधान और वोट की ताकत का अहसास कराया। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया। दलितों वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की। परिणामस्वरूप यूपी में चार बार बीएसपी की सरकार बनी।

लेकिन इसी के समानांतर राम मंदिर आंदोलन के जरिए हिंदुत्व की राजनीति अपना प्रभाव जमा रही थी। बहुजन राजनीति इस खतरे को भांपने में असफल हुई। इसका नतीजा यह हुआ कि 2014 और 2019 के लोकसभा तथा 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में बड़ी सफलता मिली। जिस जमीन को अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने सामाजिक राजनीतिक बदलाव के लिए उर्वर बनाया था, उस पर हिंदुत्व के जरिए सामंतवाद और ब्राह्मणवाद के पुनरुत्थान की परत जमने लगी। राहुल गांधी ने सामंतवाद के गढ़ प्रतापगढ़ में दलितों पिछड़ों को याद दिलाया कि विश्वविद्यालयों से लेकर मीडिया तक और बड़े पूंजीवादी कंपनियों से लेकर उच्च न्यायालयों में उनकी भागीदारी नगण्य है।

ओबीसी दलित और आदिवासियों की अनुमानित आबादी 73 फीसदी है लेकिन देश को चलाने वाले 90 सचिव स्तर के अधिकारियों में केवल 7 इन तबकों से आते हैं। इनको भी सबसे कमजोर मंत्रालयों में जगह दी गई है। राहुल गांधी ने इन समुदायों को ललकारते हुए कहा, कि तुम सोए हुए हो। तुममें दम नहीं है। तुम बब्बर शेर हो। अपनी ताकत को पहचानो। अन्याय से मुक्ति और अधिकारों की शक्ति हासिल करने के लिए तुम्हें खुद इस बर्बर सत्ता का मुकाबला करना होगा। आजादी के आंदोलन के दरम्यान लगभग गुलामी का जीवन जी रहे दलितों का आह्वान करते हुए डॉ अंबेडकर ने कहा था, शिकार बकरी का होता है, शेर का नहीं। राहुल गांधी दलितों वंचितों को जगाने के लिए डॉ अंबेडकर वाले तेवर में संवाद कर रहे हैं।

यूपी देश का सबसे बड़ा सूबा है। 80 लोकसभा सीटें दिल्ली के लिए निर्णायक हैं। योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार में दलितों पर 150 फीसदी हमले बढ़े हैं। सरकारी शिक्षा व्यवस्था खत्म की जा रही है। नौकरी के अवसर छीने जा रहे हैं। समृद्धि और सशक्तिकरण की आकांक्षाएं ध्वस्त की जा रही हैं। सरकारी संरक्षण में सामंती शक्तियां मजबूत हो रही हैं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व के नाम पर अवसरवादी मुखौटों को लाकर भाजपा सामाजिक न्याय की हत्या कर रही है। इसके बरक्स यूपी में दलितों पिछड़ों में एक नई लहर करवट ले रही है। इन दिनों संविधान और लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। हिंदुत्व के सामने अंबेडकरवाद सीना ताने खड़ा है। दलित वंचित समाज के भीतर की इस आंदोलनधर्मी धारा को राहुल गांधी पहचान रहे हैं। इसीलिए उन्होंने उत्तर प्रदेश में बदलाव और संघर्ष की इस चेतना को धार देने के लिए दलितों, पिछड़ों और नौजवानों को ललकारा है। राहुल गांधी सामाजिक न्याय की राजनीति के नए आइकन बनकर उभर रहे हैं।

# गाजा में नरसंहार खत्म होने की सारी उम्मीदें खत्म

> “गाजा पट्टी में इजरायली रक्षा बलों के युद्ध अपराधों को लगातार समर्थन देने के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका को अंततः अपने समर्थक देशों से बड़े अलगाव का सामना करना पड़ रहा है”

सात्यकी चक्रवर्ती

(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

**गाजा** युद्ध में इजरायल का समर्थन करने वाले वर्तमान अमेरिका के करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन सुरक्षा परिषद के शेष 13 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जो आसपास के देशों के मजबूत समर्थन को दर्शाता है। युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था।

गाजापट्टी में इजरायली रक्षा बलों के युद्ध अपराधों को लगातार समर्थन देने के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका को अंततः अपने समर्थक देशों से बड़े अलगाव का सामना करना पड़ रहा है। बाइडेन सरकार को मंगलवार रात अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा जब उसके प्रतिनिधि ने गाजामें तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया।

महत्वपूर्ण बात यह थी कि गाजायुद्ध में इजरायल का समर्थन करने वाले वर्तमान अमेरिका के करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन सुरक्षा परिषद के शेष 13 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जो आसपास के देशों के मजबूत समर्थन को दर्शाता है। युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था।

हमास आतंकवादियों और इजरायल के बीच युद्ध पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुआ था जब हमास ने इजरायली ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया था और अनेक इजरायली सैनिकों को मार डाला था और बंधक बना लिया था। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की। उस समय कई देशों ने हमास की कार्रवाई की निंदा की, लेकिन इज़रायल ने गाजा पट्टी में नागरिकों की बर्बर हत्या जारी रखी और घोषणा की कि जब तक हमास का एक भी आतंकवादी जीवित रहेगा, वे युद्ध नहीं रोकेंगे। इसका पूरा उद्देश्य फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी से खदेड़कर जातीय सफाया करना है।



गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 7अक्टूबर के बाद से, पिछले साढ़े चार महीनों में, इजरायल के सैन्य हमले में 29,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। अब तक 1300 से अधिक इजरायली सैनिक मारे गये हैं। अंतर यह है कि जहां हमास के आतंकवादियों ने ज्यादातर इजरायली सैनिकों को मार डाला, वहीं इजरायलियों ने महिलाओं और बच्चों सहित फिलिस्तीनी नागरिकों को निशाना बनाया। इससे पहले भी अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर वीटो किया था लेकिन इस बार संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष में व्यापक समर्थन मिला।

3चीन के संयुक्त राष्ट्रदूत झांग जून ने वाशिंगटन के वीटो पर गंभीर निराशा और असंतोष% व्यक्त किया। दूत ने कहा कि अमेरिकी वीटो से गाजा में स्थिति और खतरनाक होने का गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर आपत्ति कुछ और नहीं बल्कि इजरायल को नरसंहार जारी रखने की हरी झंडी है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएलडियाज-कैनेलबरमूडेज ने भी अमेरिका पर हमला बोलते हुए कहा कि युद्धविराम के आह्वान को रोककर, अमेरिकी अधिकारियों ने खुद को फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायल के इस नरसंहार में भागीदार बना दिया। फ्रांस, नॉर्वे, रूस, कतर, सऊदी अरब और फिलिस्तीनी प्राधिकरण सहित अन्य लोगों ने अमेरिकी वीटो की आलोचना की। यह गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को अमेरिका द्वारा खारिज करने की तीसरी घटना थी। अमेरिकी राजदूत लिंडाथॉमस-ग्रीनफील्ड ने हालांकि दावा किया कि अल्जीरिया द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव, बंधक समझौते पर संवेदनशील वार्ता पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और लड़ाई में कम से कम छह सप्ताह के लिए रुकावट डालेगा। पूरे गाजा में, इजरायल द्वारा हत्याओं का दौर जारी है, पिछले दो दिनों में कम से कम 67 फिलिस्तीनियों लोगों की जानें चली गई हैं। सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि इजरायली ऑपरेशन के दौरान गाजा पट्टी में उसके कर्मचारियों के आवास पर हमला होने से दो लोग मारे गये थे। वह एक ऐसा क्षेत्र है जहां फ़िलिस्तीनियों को आश्रय लेने के लिए कहा गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में भोजन और सहायता वितरण को रोकने की घोषणा की, क्योंकि उसके ड्राइवरों को लॉरियों में इकट्ठा होने वाले हताश निवासियों की गोलीबारी और हिंसा का सामना करना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि दो साल से कम उम्र के छह बच्चों में से एक गंभीर रूप से कुपोषित है और लोग भूख से संबंधित कारणों से मर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी ने कहा, इन पिछले दो दिनों में, हमारी टीमों ने अभूतपूर्व स्तर जबकि एक प्रमुख ब्रिक राष्ट्र दक्षिण अफ्रीका युद्ध अपराधों के लिए इजरायल को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया है, जिसने इज़रायली हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

**यह** गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी



और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी।पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्ठा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने देश की पीठ में छुरा घोंपा है'। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा होनी चाहिए। कमिश्नर चट्ठा ने यह भी कहा कि वे 1971 वाला दौर फिर नहीं देखना चाहते हैं। गौरतलब है कि 1971 में ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था, क्योंकि तब भी शेख मुजीबुर्रहमान को चुनाव में जीत हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान की सैन्य हुकूमत सत्ता सौंपना नहीं चाहती थी। इसके बाद जो कुछ हुआ, उस इतिहास से सब वाकिफ हैं। पाकिस्तान का न्यायतंत्र, सैन्य तंत्र और सत्ता पर काबिज होने की इच्छा लिए राजनेता भले इस खूनी इतिहास से कोई सबक न लेना चाहें, लेकिन कमिश्नर चट्ठा ने एक रास्ता उन लोगों को दिखा दिया है, जो ईमानदारी के साथ लोकतंत्र के रास्ते पर चलना चाहते हैं। यह याद रखना चाहिए कि आजादी के 75-76 बरसों में पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए तरसता रहा है, सैन्य तानाशाही ने वहां लोकतंत्र की जड़ों को बार-बार कुचला और दूरी ओर धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा गया। हालांकि वहां की अवाम इसके बावजूद लोकतंत्र की सत्ता स्थापित करने के लिए जूझती रही, उसने धर्म और सेना की सत्ता के आगे अपने जमीर का समर्पण नहीं किया। दूसरी ओर भारत ने आजादी के साथ ही लोकतंत्र का पौधा रोपा और 7 दशकों में इसे विशाल लहलहाते वृक्ष में तब्दील होते देखा। अफसोस इस बात का है कि अब अमृतकाल के नाम पर इस घने और मजबूत दरख्त की जड़ों में धर्मांधता और अधिनायकवाद का मट्ठा डाला जा रहा है। चंडीगढ़ के बाद बेईमानी के और नए गढ़ तैयार किए जा रहे हैं, जहां चुनाव प्रक्रिया से खिलवाड़ कर सत्ता की राह बनाई जा सके। कपट और धूर्तता से भरे इस रास्ते को तभी बंद किया जा सकता है जब प्रशासनिक ईमानदारी दिखाई जाए।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# हुक्का बार पर प्रतिबंध के लिए अधिक सजा का विधेयक इसी सत्र में पारित किए जाने की संभावना

## दो दिन अवकाश के बाद आज फिर शुरू होगा सत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा में हुक्का बार खोलना या रेस्तरां में ग्राहकों को परोसना अब दंडनीय अपराध बन जाएगा। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का अधिनियम) हरियाणा संशोधन विधेयक 2024 पेश किया। इस संशोधित विधेयक को मोजूदा बजट सत्र में आगामी बैठको में पास किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान शनिवार और रविवार के दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर बैठके शुरू होंगी जो कि 28फरवरी तक चलेंगी। पिछले 23फरवरी को सालाना बजट पेश करने के बाद अवकाश आ गया था।सोमवार से बजट पर चर्चा भी शुरू होगी।



### सालाना बजट पर होगी चर्चा

इस विधेयक के तहत हरियाणा में हुक्का बार खोलना या भोजनालय में हुक्का परोसने पर एक से तीन साल तक की सजा और एक से पांच लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। अब यह गैरजमानती अपराध होगा। हालांकि विधेयक में पारंपरिक हुक्का को छूट दी गई है। इसे अपराध की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने हुक्का बार की आड़ में परोसे जा रहे नशे को गंभीरता से लिया है।

कुछ समय पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी हुक्का बारों को बंद करने की बात कह चुके हैं। विधेयक में बताया गया है कि हुक्का बारों में निकोटीन युक्त हुक्का परोसा जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि फ्लेवर्ड हुक्का की आड़ में प्रतिबंधित दवाएं भी परोसी जाती रही हैं हुक्के के धुएं में विभिन्न विषैले पदार्थ होते हैं, जो न केवल धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के लिए बल्कि आस-पास के लोगों के लिए हानिकारक होता है। पिछले कुछ सालों में इसका चलन तेजी से बढ़ा है। पहले के प्रावधानों के मुताबिक पुलिस कार्रवाई में पकड़े जाने वाले हुक्का बार संचालकों को आसानी से जमानत मिल जाती थी। मगर विधानसभा में विधेयक पास होने के वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में हुक्का परोसना गैर जमानती अपराध बन जाएगा।

# मोदी राज में देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : संजय भाटिया

## नीपत में मन की बात कार्यक्रम की भव्यता और जनसमूह को देख गदगद हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत

**भारतीय** जनता पार्टी के जीटी रोड कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 110वां मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया 7 भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर यह कार्यक्रम सुना। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक को भी संबोधित किया। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को युवा कार्यकर्ताओं की अगुवाई में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एडवोकेट सुभाष सैनी के घर तक ले जाया गया और जलपान के बाद मोटरसाइकिल रैली की अगुवाई में ही भाजपा जिला कार्यालय (जीटी रोड) तक लाया गया। इस रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य ने किया। रैली के दौरान कार्यक्रम समापन तक मुख्य अतिथि पर फूलों की वर्षा होती रही। भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचने पर करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, भाजपा वरिष्ठ नेता नीतिसेन भाटिया, शहरी विधायक प्रमोद विज, ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी उमेश शर्मा, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा नेता संजय छोक्कर, गजेन्द्र सलूजा, विजय जैन, देवेन्द्र दत्ता, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, पूर्व मेयर अवनीत कौर और जिला के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।मंच संचालन जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम और भारत माता की जय के साथ हुआ। इस दौरान मन की बात के 110वें लाइव कार्यक्रम में भारत के यशस्वी और तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस प्रकार हम भारत मां का सम्मान करते है, उसी प्रकार हमें प्रकृति मां का भी सम्मान करना चाहिए। प्रकृति ने सभी प्राणियों और पौधों को सुखपूर्वक जीने के सभी अवसर प्रदान किए हैं और देश के कुछ ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्ति और संगठन हैं जो देश के दूरदराज के क्षेत्रों में अनेक प्रकार के महत्वपूर्व कार्य करके प्रकृति और वन्य जीवों को संरक्षण देते हुए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। इन्ही प्रयासों का परिणाम है कि आज हमारी जैव विविधता भी समृद्ध हो रही है। यूं तो हजारों वर्षों से हमारा आदिवासी क्षेत्र अस्तित्व में रहा है लेकिन अब इन क्षेत्रों में कुछ विशेष व्यक्तियों ने स्वयं अथवा संस्था बनाकर बकरी पालन, औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा दिया है और बकरी बैंक भी खोल दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मन की बात के माध्यम से देश के युवाओं से जुड़ते हैं, अपने अनुभव साझा करते हैं तो लोगों का उत्साह बढ़ता है।उनके आत्मविश्वास को बल मिलता है और यही आत्मविश्वास युवाओं के आत्मनिर्भरता का आधार बनता है।



भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व मौजूद जनसमूह

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम: राविश



मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए गांववासी

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**जिले** के आदर्श गांव ढुंडवा में समस्त ग्राम वासियों व ग्राम पंचायत के सहयोग से शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 11000 हजार रुपए, दूसरा इनाम 7100 रुपए और तीसरा इनाम 3100 रुपए रखा गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 36 गांव की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले में प्रथम इनाम गांव बाबा लदाना की टीम ने जीता, दूसरा इनाम गांव ढुंडवा की टीम ने जीता। इसी प्रकार तीसरी और चौथे नंबर पर गांव चनेटी और बीबीपुर की टीम रही। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सुरेश राविश गुलयाणा, हरियाणा बीजेपी कार्यकारिणी के सदस्य पहुंचे। उन्होंने पूरे जोश व उल्लास के साथ सभी टीमों का व कमेटी का सहयोग किया। वॉलीबॉल क्लब ढुंडवा की टीम के खिलाड़ी और कमेटी के सदस्य पूर्व खिलाड़ी राजाराम, जय किशन, शमशेर सिंह, प्रदीप कुमार व युवा टीम द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। सुरेश राविश ने विजेता टीमों को पुरस्कार बांटे। अपने संबोधन में सुरेश राविश ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा दे रही है। हरियाणा ने देश को ऐसे ऐसे खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों को सलाह दी कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेलों में हार जीत मायने नहीं रखती।

# संक्षिप्त समाचार

## नशे से बचकर देश व समाज के हित में काम करें युवा : नेहरा



**शाहाबाद मारकंडा।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्षा एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र की पूर्व उप चेयरपर्सन सुनीता नेहरा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर हल्का में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर गुरु रविदास जी को नमन किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों को गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ग्रामीणों को आह्वान किया कि वे श्री गुरु रविदास जी महाराज के दर्शाए मार्ग पर चलें और सदैव सच का साथ दें। उन्होंने युवाओं को नशे से बचने और देश व समाज के हित में काम करने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने गांव खरींडवा, अजराना खुर्द, सरायसुखी, झिवरेहड़ी, लुखी, उदारसी, अजराना कलां और रविदास माजरी में गुरु रविदास जयंती के कार्यक्रमो में शामिल हो कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ मनीष शर्मा, जग्गी मुण्डे, मोहन कश्यप, धीरा उदारसी, विराट सरायसुखी, विक्रम, बिन्दर खरींडवा, कुलविंदर और गोपाल अजराना खुर्द आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को उच्च शिक्षा देने के साथ साथ संस्कार भी दें : आशा



**शाहाबाद मारकंडा।** आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र महिला विंग की जिलाध्यक्षा आशा पठानिया ने कहा कि हमें गुरु रविदास जी महाराज के उस स्वप्न को पूरा करने की जरूरत है, जिसमें उन्होंने एक ऐसे राज की कल्पना की, जिसमें किसी को कोई गम न हो और सभी सदैव प्रसन्न रहें। वे श्री गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में गांव धंतोड़ी में निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल होने से पूर्व श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के साथ साथ संस्कार भी दें, ताकि वे गुरु महाराज जी के दर्शाए मार्ग पर चलें। इसके बाद जिला अध्यक्षा आशा पठानिया ने गांव मामू माजरा, नगला, नलवी, बसंतपुर व अजराना कलां आदि में भी गुरु रविदास जयन्ती पर हुए कार्यक्रमो में शामिल होकर सभी को शुभकामनाएं दी। गुरु रविदास सभा द्वारा आशा पठानिया को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान गुरु रविदाम सभा के प्रधान नरेश कुमार, गुलशन, रामचन्द्र, धर्मवीर, राजेश कुमार, सोनू, सरवन सिंह, गुरचरन सिंह, दलीप सिंह, सुमित, राहुल, कर्म सिंह, कुलविंदर, हरिचन्द, प्रभाग कुमार, उषा आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों की जंतर मंतर पर रैली तीन मार्च को



**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की मीटिंग एसोसिएशन के कार्यालय में हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने की। मीटिंग में तीन मार्च को जंतर मंतर दिल्ली में होने वाली महारैली के बारे में विचार विमर्श किया गया। सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सभी अपने-अपने ब्लॉकों से बस लेकर जाएंगे। एसोसिएशन के प्रधान ने बताया कि यह रैली जंतर मंतर पर वन रैंक वन पेंशन की विसगक्तियां को दूर करवाने के लिए की जा रही है। इस रैली में हमारी जो भी मांगे हैं वो सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और ऑन सर्विस सैनिकों के लिए की जा रही है क्योंकि एक वर्ष से देश के पूर्व सैनिक जंतर मंतर पर बैठे हुए हैं ताकि हम सभी को मान सम्मान मिल सके। इस रैली में पूर्व सैनिक और शहीदों की वीरांगना सब बढ़ चढ़कर का भाग लेंगे। इस मौके पर सुबेदार मेजर खजान सिंह, रिसालदार कर्मवीर सिंह भाल, सुबेदार मेजर बलबीर सिंह, सुबेदार बलजीत सिंह ग्योंग, कैप्टन बिसंबर सिंह, कैप्टन बजीर सिंह, हवलदार मदन सिंह चहल, हवलदार बलजीत टाया, सूबेदार रामपाल चहल, ब्लॉक राजौंद से राजाराम, पुंडरी ब्लॉक से प्रधान सुबेदार गोपी राम भनवाला, प्रधान सूबेदार उदय भान शर्मा ढांड ब्लॉक और कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने दान किए प्लेटलेट्स

**कुरुक्षेत्र।** प्लेटलेट्स की आवश्यकता की सूचना मिलने पर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्लेटलेट्स दान किए। उनके पास पार्थ ब्लड बैंक से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति के लिए प्लेटलेट्स की बहुत अधिक आवश्यकता है तो वे सीधे पार्थ ब्लड बैंक पहुंचे और प्लेटलेट्स दान किए। आज पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 167 बार रक्तदान के साथ 81 वीं बार प्लेटलेट्स दान किए हैं। बता दें कि रक्तदान के लिए उन्हें दूसरी बार गोल्ड मैडल मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को प्रोत्साहित करने के समय समय पर रक्तदाताओं को सरकार की और से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# राम राज्य स्थापित करने के लिए श्रीराम को जानना होगा : साध्वी श्रेया भारती



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथिगण

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**दिव्य** ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हुड्डा ग्राउंड सेक्टर 10 में आयोजित श्रीराम कथामृत के सप्तम एवम् समापन के अंतर्गत साध्वी सुश्री श्रेया भारती ने रामराज्य प्रसंग के अंतर्गत कई रहस्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के मार्गदर्शन में अयोध्या का राज्य सभी प्रकार से उन्नत था। क्या यही राम राज्य की वास्तविक परिभाषा है तो इसका जवाब है नहीं। अगर यही रामराज्य की सही परिभाषा है तो लंका भी तो भौतिक सम्पन्नता, समृद्धि, ऐश्वर्य, सुव्यवस्थित सेना में अग्रणी थी। परन्तु फिर भी उसे राम राज्य के समतुल्य नहीं कहा जाता क्योंकि लंकावासी मानसिक स्तर पर पूर्णता अविकसित थे। उनके भीतर आसुरी प्रवृत्तियों का बोलवाला था। वहां की वायु तक में भी अनीति, अनाचार और पाप की दुर्गन्ध थी। जहां चारों और भ्रष्टाचार और चरित्रहीनता का ही सम्राज्य फैला हुआ था। राम के राज्य की बात सुनते ही अक्सर मन में विचार आते हैं कि राम राज्य आज भी होना चाहिए। साध्वी ने कहा कि वर्तमान समय में भी यदि हम ऐसे ही अलौकिक राम राज्य की स्थापना करना चाहतें हैं, तो सर्व प्रथम प्रभु राम को जानना होगा। प्रभु राम का प्राक्ट्य अपने भीतर करवाना होगा, परन्तु हम अपनी संकीर्ण बुद्धि एवं लौकिक इन्द्रियों से त्रेता के इस युग-प्रेणता को नहीं जान सकते।

# विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हुआ बीके शिवानी का आगमन : प्रो. दीक्षित गर्ग

## कहा आमजन को मिले सर्वोत्तम से स्व. को जागृत करने के गुर

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. दीक्षित गर्ग ने कहा कि सर्वोत्तम से स्व को जागृत करने के लिए बी.के. शिवानी बहन द्वारा दिए गए टिप्स से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे। इतना ही नहीं, वार्षिक परीक्षा के चलते मानसिक तनाव झेल रहे विद्यार्थी भी अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर बी.के. शिवानी द्वारा दिए गए अहम गुर यदि अपने जीवन में आत्मसात करेंगे, तो निश्चित तौर पर उनके जीवन की दिशा और दशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थी तनाव में न जाए, संग अच्छा रखे, परीक्षा के दिनों में मोबाइल फोन का कम से कम उपयोग करें और मन में बुरे विचार न आने दें। पढाई मन लगा कर करें, तो विद्यार्थियों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रो. दीक्षित गर्ग ने बताया कि निट में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सहयोग से चल रही %थाट लैब% से भी विद्यार्थी लाभन्वित हो रहें हैं। उन्होंने बताया कि स्टाफ सदस्य काफी उत्साहित रहे।



एनआईटी में बीके शिवानी बहन का स्वागत करते प्रो. दीक्षित गर्ग व अन्य।

### बीके शिवानी बहन के व्याख्यान के मिले सार्थक परिणाम : सरोज बहन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केन्द्र कुरूक्षेत्र प्रभारी राजयोगिनी बीके सरोज बहन ने बताया कि बी.के. शिवानी बहन द्वारा गत दिवस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में दिए व्याख्यान के सार्थक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। कल से अभी तक सैंकड़ों भाई बहनों के फोन कॉल आ रहे हैं और वे तीन दिवसीय कोर्स करने के लिए उत्साहित है। इतना ही नहीं, आज प्रात: काल की क्लास में 15 नए भाई और बहनें आए हैं और सांय की क्लास में भी काफी नए भाई बहनें राजयोग सीखने आएंगे। सरोज बहन ने सभी सेवाधारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, एनआईटी व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, स्टाफ सदस्यों, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वयंसेवी संगठन और कुवि रेड क्रॉस से जुड़े विद्यार्थियों का कार्यक्रम में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# हरियाणा कबीर पंथ जाति संयुक्त मंच की बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।**हरियाणा कबीर पंथ जाति संयुक्त मंच की मीटिंग कुरूक्षेत्र स्थित कबीर आश्रम में सम्पन्न हुई। जिसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से कबीर पंथी जाति के सदस्यों ने भाग लिया। मीटिंग में कबीर पंथी जाति संबंधित पारम्पारिक तथा संवैधानिक विषयों पर विचार विमर्श किया गया। दहेज प्रथा, जाति प्रथा तथा अन्य भ्रमित करने वाली परम्पराओं से समाज कैसे मुक्त हो, समाज का हर व्यक्ति कैसे शिक्षित हो, सरकार द्वारा दी जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के हर व्यक्ति तक कैसे पहुंचे, समाज के हर व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य क्या हैं तथा समाज की उन्नति में सहायक अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सामाजिक दायित्व तथा कर्तव्यों पर भी विचार विमर्श किया गया। अप्रैल के महीने में उपरोक्त विषयों पर आधारित सर्व हरियाणा कबीर पंथी जाति के सदस्यों का एक सामूहिक कार्यक्रम पानीपत में आयोजित करने का निर्णय हरियाणा कबीर पंथी जाति संयुक्त मंच मोर्चा द्वारा लिया गया।

# अमेजन बिजनेस ने की 26 फरवरी से एक मार्च 2024 के बीच बिजनेस वैल्यू डेज की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**अमेजन** बिजनेस ने अपने सभी बिजनेस ग्राहकों के लिए 26 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक चलने वाले अपने प्रमुख कार्यक्रम, बिजनेस वैल्यू डेज़ की शुरुआत की घोषणा की है। यह ईवेंट बिजनेस ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगा। यहां से वे स्मार्टवॉच, होम एंड किचन अप्लयंसेस, लैपटॉप, ऑफिस फर्नीचर, सिक्योरिटी कैमरे, स्मार्ट टीवी आदि जैसे उत्पादों पर बेजोड़ डील्स और ऑफ़र प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक ग्राहक लैपटॉप, मॉनिटर, स्मार्टवॉच ऑफिस फर्नीचर, छोटे एवं बड़े अप्लायंसेस, सिक्योरिटी कैमरा डेकोर और फर्निशिंग उत्पाद, स्मार्ट टीवी और अन्य ऑफिस इंफ्रूवमेंट प्रोडक्ट जैसे लाखों उत्पादों पर 70त्न तक की छूट का लाभ ले सकते हैं। इससे भी अधिक, बिजनेस ग्राहक इन उत्पादों पर 49999 रुपये से ऊपर के प्री-पेड ऑर्डर पर 5000 रुपये तक का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं।

डील्स और ऑफर के अलावा, बिजनेस ग्राहक फ्री प्राइम सब्सक्रिप्शन के लिए भी साइन अप कर सकते हैं और मुफ्त और तेज़ शिपिंग का आनंद ले सकते हैं। इसके साथ ही वे अपने खाते को मल्टी-यूजर अकाउंट में भी बदल सकते हैं, जिससे उन्हें एक अमेजन बिजनेस खाते से टीम के विभिन्न सदस्यों को जोड़ने और अप्रूवल पॉलिसी को सेट करने की सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा बिजनेस ग्राहक अपनी प्रत्येक टीम के लिए अलग से बजट तय कर सकते हैं। यहां बिजनेस ग्राहक अमेजन पे लेटर के माध्यम से 60000 रुपये तक के इंस्टेंट क्रेडिट के लिए पंजीकरण करा सकते हैं और बिजनेस वैल्यू डेज़ के दौरान अपने कैश फ्लो पर नजर रखने के लिए अपनी पात्रता की जांच कर सकते हैं। वे अमेजन बिजनेस बिल टू शिप टू फीचर के साथ जीएसटी इनपुट क्रेडिट से समझौता किए बिना एक स्थान से खरीदारी कर सकते हैं और दूसरे स्थान पर भेज सकते हैं। बिजनेस ग्राहक अब प्री-कॉन्फ़िगर डिस्काउंट के साथ बड़ी मात्रा में ऑर्डर दे सकते हैं और buybulk@amazon.com पर एक ईमेल भेजकर थोक ऑर्डर के लिए मदद मांग सकते हैं। बिजनेस वैल्यू डेज़ का लक्ष्य है कि बिजनेस ग्राहक शानदार कीमतों पर टॉप कैटेगरी में 19 करोड़ से अधिक जीएसटी-सक्षम उत्पाद की आसानी से खरीदारी कर सकें। यह प्लेटफॉर्म पर 10 लाख से अधिक विक्रेताओं को सभी व्यवसायों के लिए थोक में उत्पाद बेचने का अवसर भी देता है। अमेजन बिजनेस देश भर में 99.5त्न पिन कोड पर अपनी सेवाएं प्रदान करता है और थोक ऑर्डर पर कोटेशन के अनुरोध, विभिन्न पतों पर शिपिंग आदि ने खरीदारी को बनाया है।

# हमें संत रविदास के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए: सुरेश



सुरेश राविश को सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**गांव** गुलियाना व सोंगरी में सन्त गुरु रविदास जी की जयन्ती परम श्रद्धा से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश राविश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गांव के लोगों ने राविश का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने जयंती के अवसर पर संत रविदास जी के विचारों के बारे में लोगों को अवगत कराया और उनके विचारों को घर घर पहुंचाने का लोगों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी प्रसिद्ध कवि व समाज सुधारक थे जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में भेदभाव को दूर करने के अथक प्रयास किए। उनको सम्मान देने के लिए हम सभी को उनके उपदेशों का पालन करना चाहिए। संत गुरु रविदास ने किसी एक जाति के ना होकर संपूर्ण मानव जाति की भलाई के लिए काम किया। समाज में फैली विभिन्न सामाजिक बुराइयों को दूर करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके संदेश हमें सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

# एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, ''टेढे चालक'' रिलीज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**अपनी** आकर्षक बोली और बेहतरीन गीत कौशल के साथ भावपूर्ण शब्दकार, एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, ''टेढे चालक'' रिलीज किया है। इसमें भावनाओं को हार्ड कोर रैप में पिरोया गया है। यह गीत श्रोताओं को हरियाणा की सडकों के एक रोमांचक सफर पर ले जाता है, जिसमें अपनी जमीन से एमसी स्क्वायर का प्रेम और अपने सपनों के पीछे उनकी निरंतर उडान प्रदर्शित होती है। जर्सी बीट के साथ एमसी स्क्वायर श्रोताओं को बचपन की अपनी महत्वाकांक्षाओं से लेकर पूरे विश्व में सफलता हासिल करने के अपने प्रेरक सफर का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। ''टेढे चालक'' के शक्तिशाली बोलों के साथ वो अपनी महत्वाकांक्षा की ओर निरंतर बढते रहने की अभिव्यक्ति द्वारा हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का एक जीवंत चित्र पेश करते हैं। गीत के परफॉर्मर-लेखक, एमसी स्क्वायर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''टेढे चालक मेरी अपनी कहानी में लौटने का अनुभव था, इस सफर ने सपनों को सच कर दिया। इस गीत की हर पंक्ति हमारी जडों और संस्कृति का अभिवादन करती है, और मेरे हरियाणा के निरंतर उत्साह का आभार व्यक्त करती है। मैं चाहता हूँ कि यह ट्रैक हमारी मातृभूमि की शक्ति और जीवंतता को प्रतिबिंबित करे। ''टेढे चालक'' उन सभी के लिए है, जो सपने देखने की हिम्मत करते हैं। मैं एक ऐसा गीत बनाना चाहता था, जो हर उस व्यक्ति के साथ प्रतिध्वनित हो, जिसे अपनी विरासत पर गर्व है, और जो महानता की ओर बढना चाहता है। मुझे उम्मीद है कि यह सभी श्रोताओं को कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगा।'' व्यक्तिगत कहानियों में बुनी हरियाणा की हृदयस्पर्शी बीट्स के साथ, ''टेढे चालक'' पहले स्वर से ही बेहतरीन चार्ट-टॉपिंग गीत होगा, जो लाडो और माशूका के बाद सफलता की कहानी को आगे बढाएगा। एमसी स्क्वायर का अद्वितीय कहानी वाचन और संगीत का कौशल हरियाणवी रैप को नई ऊँचाई पर ले जाएगा।



# मुफ्त में इलाज के लिए पीजीआई रोहतक में भी बनेंगे प्राइवेट वार्ड

## छह लाख से अधिक आय वालों को मिलेगी पांच हजार में सालभर की सुविधा

### मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जनहित को देखते हुए की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**हरियाणा** का प्रत्येक नागरिक अब अपना फ्री इलाज करवा सकेगा। सरकार ने प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य योजना में शामिल करने के लिए आय के हिसाब से चार कैटगरी बनाई है। जिनमें एक कैटगरी को बिल्कुल फ्री तो अन्य तीन के कुछ अंशदान देने पर पांच लाख तक का फ्री इलाज मिलेगा। रोहतक पीजीआई व कुटेल यूनिवर्सिटी में अब प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर प्राइवेट वार्ड की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा कि है हरियाणा सरकार ने अपने प्रत्येक नागरिक को प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत पांच लाख तक का फ्री इलाज करवा सकते हैं। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में इसका लाभ मिलेगा। सरकार ने प्रदेश के बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों में प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर प्राइवेट वार्ड बनाने का निर्णय




लिया है। रोहतक पीजीआई व कुटेल यूनिवर्सिटी से इसकी शुरूआत की गई है।प्रत्येक व्यक्ति को पांच लाख तक फ्री इलाज की योजना में शामिल करने के लिए आय के हिसार से सरकार ने चार कैटगरी बनाई । अपने प्रत्येक नागरिक को फ्री इलाज देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। पीजीआई रोहतक में सरकार ने 109 प्राइवेट वार्ड और 492 जनरल वार्ड बनाने का निर्णय लिया है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने रोहतक, सफीदो (जींद), कुटेल, खानपुर मेडिकल कॉलेज व कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में अगल अलग फेज में 821 करोड़ की लागत से बनने वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। 1.80 हजार की आय वालों को कुछ नहीं देना होगा। तीन लाख तक की आय वाले 1500 व 3 से 6 लाख तक आय वाले 4000 हजार और 6 लाख से अधिक आय वाले प्रदेश के सभी नागरिक 5000 रुपये एकमुश्त देकर साल भर सरकारी योजना के तहत फ्री इलाज की सुविधा में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा सरकार ने निरोगी योजना के तहत अगले दो साल में प्रदेश के सभी लोगों की मेडिकल जांच करने का निर्णय लिया है, ताकि बीमारी पाए जाने पर समय रहते उसका इलाज किया जा सके।

बताया गया कि निरोगी योजना सही ढंग से काम करने वालों लोगों की जांच की जाती है तथा आने वाले दो साल में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की जांच कर उसका डाटा बैंग बना दिया जाएगा। ताकि जरूरत अनुसार उनका इलाज किया जा सके। अब तक प्रदेश में 2.26 करोड़ लोगों की स्वास्थ्य जांच हो चुकी है। जिसमें 0 से 6 साल तक के 17 हजार बच्चों में कोई न कोई कमी पाई गई है। जिनका अब जरूरत के अनुसार इलाज किया जाएगा, ताकि बच्चों का सही ढंग से विकास हो सके।

# भूपेंद्र हूड्डा समेत जो कांग्रेस के नेता गठबंधन के खिलाफ थे, वो पार्टी से तुरंत दें इस्तीफा : शमशेर सिंह खरक

### अरविंद केजरीवाल अपने वादे याद करें जनता से माफी मांगें

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**भाजपा** प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने शनिवार को तीन राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन को ठगबंधन करार दिया।

खरक ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा समेत हरियाणा कांग्रेस नेताओं से तुरंत इस्तीफा देने को कहा क्योंकि पार्टी हाई कमान ने नजरअंदाज कर आप के साथ गठबंधन कर लिया है जिसका उनके द्वारा विरोध किया जाता रहा है अब वो किस मुँह से जनता के बीच जाकर वोट मांगने की जरूरत करेंगे।

खरक ने कहा कि ये कैसा गठबंधन हैं जो देश की जनता को धोखे रखा अपना स्वार्थ सिद्ध किया जा रहा है जिसे देश जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी, क्योंकि वे पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे जबकि कुछ अन्य राज्यों में एक साथ लड़ने की कोशिश करेंगे। खरक कहा कि यह कितनी भ्रामक और विरोधाभासी स्थिति है। पंजाब में, वे लड़ते रहेंगे और दिल्ली में, वे एकजुट होंगे। जो एक पार्टी के


शमशेर खरक

सुप्रीमो कहते नहीं थकते कि लालू यादव और सोनिया गांधी को जेल में डालेंगे आज उन्हीं के साथ गठबंधन कर रहे हैं। जिसे वे जेल भेजना चाहते थे।खरक ने कहा, आपने सुना होगा चोर चोर मौसेरे भाई। आप और कांग्रेस के बीच यही हो रहा है । कही आप का और कही कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता पूरी तरह से इस गठबंधन के कारण निराश हैं क्योंकि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस नेताओं को जेल में डालने की बात करते थे , लेकिन अब वह उनके चरणों में हैं। बीजेपी नेता खरक ने कांग्रेस और आप दोनों पार्टी भ्रष्टाचार में पूर्ण रूप से डूब चुकी हैं। आप का गठन राष्ट्रीय राजधानी में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद हुआ था आज वही आप के वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार के कारण जेल में हैं तब कांग्रेस दिल्ली के साथ-साथ केंद्र में भी सत्ता में थी तब आप पार्टी के वरिष्ठ नेता जो दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने अपने बच्चों की कसम खाकर कहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में बेरोजगारी को खत्म करेगी कांग्रेस : डॉ. अनिल


जनसंपर्क अभियान में ग्रामीणों के साथ डॉ. अनिल भुक्कल

**शाहाबाद मारकंडा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अनिल भुक्कल ने गांव कल्याणा में जनसंपर्क अभियान चलाया, जहां ग्रामीणों ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। ग्रामीणों की हर समस्या को डॉ. अनिल भुक्कल ने समझा और उसके बाद जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी-जननायक जनता पार्टी सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पिछले तकरीबन 10 साल में हरियाणा आज बेरोजगारी और अपराध में नंबर एक बन गया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं, पक्की नौकरियों को कौशल रोजगार निगम के जरिए कच्ची (अनुबंध) में बदल दिया गया। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ, जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और चार साल बाद 22 वर्ष की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर आएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर कौशल रोजगार निगम को खत्म कर खाली पड़े दो लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती की जाएगी। भुक्कल ने कहा पूरे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में बदलाव की हवा चल रही है और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। जनसम्पर्क अभियान में पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सरपंच कल्याणा सुल्तान सिंह, सोहन सिंह, पाला राम, सुखदेव कलसाना, संदीप और गुरमीत सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### अब आप-कांग्रेस के गठबंधन से होगा भाजपा का सफाया




**शाहाबाद मारकंडा।** आम आदमी पार्टी एससी सैल कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष डॉ. रोहताश रंगा एडवोकेट ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा और चंडीगढ़ में गठबंधन करके देश की राजनीति को एक नया मोड़ दे दिया है। अब उत्तर भारत में भारतीय जनता पार्टी का सफाया होगा क्योंकि देश की जनता अब जुमलेबाज पार्टी से परेशान हो चुकी है। कहा कि आज देश का किसान, मजदूर, युवा एवं हर छोटा व्यापारी सरकार की हिटलरशाही नीतियों से तंग है। रोहताश रंगा ने कहा कि देश का युवा वर्ग बेरोजगारी के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा कर विदेशों का रुख अख्तियार कर अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर है क्योंकि सरकार के पास यूथ को रोजगार देने के लिए कोई भी रोडमैप नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों को चुनाव के समय किए हुए वायदे की याद दिलाने और अपना हक मांगने के लिए किसान सरकार के तानाशाही रवैये से काफी भयभीत नजर आ रहा है। किसान आंदोलन को सरकार ने एक युद्ध जैसी चुनौती मान कर उनके साथ अमानवीय व्यवहार कर उनके हक अधिकार को दबाया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अब जैसे -जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, देश की जनता सरकार को सबक सिखाने के लिए अपने आप को तैयार कर रही है और आने वाले लोकसभा चुनाव में मौजूदा सरकार का सफाया निश्चित है।

### जल परमात्मा का वरदान है, इस अमृत की संभाल करें



**करनाल।** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन कर कमलों द्वारा 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ यमुना छठ घाट से किया गया। इसके साथ ही सत्गुरु माता जी के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1533 से अधिक स्थानों, 24 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई।बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए। इस परियोजना का शुभारम्भ करते हुए सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा ने हमे यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्त्वय बनता है कि हम सब उसकी उसी तरह संभाल करे।स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का ही कार्य करते है। उन्होंने फरमाया कि ईश्वर ने जितनी सुंदर धरती हमें प्रदान की है, इसे और निखारते हुए चलते जाना है। संत निरंकारी मिशन करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने विस्तृत जानकारी दी कि 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत करनाल सिथत पश्चिमी यमुना नहर पर बने तेईस छठ घाटों की सफाई की गई। जिसमें मिशन के लगभग दो हजार श्रद्धालुओं ने समर्पित भाव से सेवा की। कार्यक्रम में सेवादारों एवं आंगतुको के बैठने, जलपान, पार्किंग, मेडिकल इत्यादि का समुचित प्रबंध किया गया। संतीश हंस ने बताया कि अमृत प्रोजेक्ट के मध्य सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न जल निकायों हेतु समूचे देश में दिये गये दिशा निर्देशों का उचित रूप से पालन किया गया। कार्यक्रम में सम्मलित हुए सीएम के स्थानीय प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेणु बाला गुप्ता व समाज सेवी उपस्थित रहे।

### माता कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से मांगा दुख : अनिल शास्त्री



**कुरुक्षेत्र।** श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में आयोजित लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर-9 में संगीतमय श्री मद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा महाभारत का युद्ध खत्म हो गया था। युधिष्ठिर ने हस्तिनापुर की राजगद्दी संभाल ली। धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो रहा था। एक दिन वो घड़ी भी आई, जो कोई पांडव नहीं चाहता था। भगवान श्रीकृष्ण द्वारिका लौट रहे थे और सारे पांडव दुखी थे। श्री कृष्ण को पांडव अपने शरीर का हिस्सा मानते थे, जिसके अलग होने के भाव से ही वे कांप जाते थे। मगर श्रीकृष्ण को तो जाना ही था। कोई भी श्रीकृष्ण को जाने नहीं देना चाहता था। भगवान श्री कृष्ण भी एक-एक कर अपने सभी स्नेहीजनों से मिल रहे थे। सबसे मिल कर भगवान श्री कृष्ण ने सभी को कुछ न कुछ उपहार देकर द्वारका की तरफ प्रस्थान करने लगे। अनिल शास्त्री ने बताया कि अंत में भगवान श्री कृष्ण पांडवों की माता और अपनी बुआ कुंती से मिले। भगवान श्री कृष्ण ने कुंती से कहा कि बुआ आपने आज तक अपने लिए मुझ से कुछ नहीं मांगा, आज कुछ मांग लीजिए। मैं आपको कुछ देना चाहता हूं। कुंती की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने रोते हुए कहा कि हे श्रीकृष्ण अगर कुछ देना ही चाहते हो, तो मुझे दुख दे दो। इस अवसर पर डॉ.नरेन्द सिंह, डॉ. कुमार आनन्द डॉ. ऋषि पराशर, नीरज पराशर विवेक कुमार गन्ड़ोत्रा, सुमन देवी, राजेश शर्मा शिक्षक, जय प्रकाश शास्त्री सुरेन्द्र अरोड़ा, स्वीटी मित्तल, अमनदीप कौर, संगीता देवी, सविता सभरवाल आदि मौजूद थे। सभी ने इस आयोजन को बेहद सराहा।

# सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता के बीच खिलाड़ियों व ग्रामीणों को नशा न करने के लिए किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**नशा** जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार की टीम ने गांव खरक पांडवा में सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकन्द ने बताया कि इस दौरान एचसी सुनील कुमार ने बताया कि खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा नशा जैसी बुराई से हमें बचाता है। अगर आज युवा वर्ग का सबसे बड़ा शत्रु है तो वह नशा है। जिस प्रकार हम हर क्षेत्र में अपने शत्रु को मात देना चाहते है उसी प्रकार हमें इस नशे रुप जहरीली सांप को कुचल कर अपने करियर को बुलंदियों पर लाना होगा नहीं तो नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी नाश कर देगा। प्रत्येक गांव को चाहिए कि समय समय पर गांवों में खेलों की प्रतियोगिताएं करवाए ताकि बच्चे युवा वर्ग का ध्यान खेलों की तरफ हो। युवा वर्ग से अपील की कि समाज व खुद के विकास के लिए नशे की जड़ को काटना पड़ेगा तभी जाकर हमारा समाज साफ सुथरा व स्वस्थ होगा। आमजन युवा वर्ग इस नशा रुपी जहरीली सांप को मिटाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें।

### अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ किया

**यमुनानगर।** नई अनाज मंडी छछरौली में अटल किसान मजदूर कैन्टीन का स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर मार्किट कमेटी के सचिव ऋषिराम व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को बुक्के देकर सम्मानित किया। इस कैन्टीन का संचालन स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने इस कैंटिन में भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने खाने की तारीफ की। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि अनाज मंडी में आने वाले किसान, मजदूर व अन्य गरीब लोगों को भोजन सस्ती दरों पर मिले और उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न आए।हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व कृषि मंत्री ने इस योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया है और लगभग हरियाणा के सभी

## पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को दिलाएगी पहचान: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल।

**डीसी** प्रशांत पंवार ने कहा कि शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को पहचान मिलेगी। डीसी ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक होगी। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य बिंदु कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे


डीसी प्रशांत पंवार

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 18 विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है, जिनमें नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी को लाभ मिलेगा।

## इंसान को अपने हृदय में बैठे आत्मदेव को सर्वोच्च मानना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**श्री** ब्रह्मा मंदिर श्री ओंकार आसन से स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वालों ने प्रेरणा दी कि प्रत्येक इंसान को अपने हृदय में बैठे आत्मदेव को सर्वोच्च मानना चाहिए क्योंकि आत्मदेव में ही सद्गुरु भगवान की कृपा वास करती है और उसी में देवी देवताओं का प्यार उत्पन्न होता है। इससे हम दिव्य भाव प्रकट करते हैं और गुरुदेव की उपासना करते हैं। गुरुदेव को निराकार परम ब्रह्म सर्वोच्च भगवान मानते हैं। इसीलिए आत्मदेव ओंकार भगवान का एक अंश है, जो हमारे हृदय के अंदर विराजमान है। जो हमारी हर पल हर क्षण नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करता है और हमारे जीवन में धन-धान्य भरपूर उत्पन्न करता है। इसीलिए हमें अपने आत्म देव को हमेशा सद्गुरु चरणों में समर्पण करके जीवन यापन करना चाहिए। इस अवसर पर संघ संचालक पं शिवनारायण दीक्षित, संजय मिड्डा, एडवोकेट राजेश दहिया, रणवीर जागलान, ऋषि पाल सैनी, साहिल सैनी व श्रद्धालुजन मौजूद रहे।



## पूरे विश्व में तेजी से फैल रही हार्ट अटैक की बीमारी : डॉ. गुरवीर कौर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**डीआरजैन** न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा गांव डीग में फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि ब्लॉक समिति सदस्य प्रदीप शर्मा ने कहा कि हमें अपने शरीर की नियमित जांच करवाते रहना चाहिए और रोगों के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव वासियो को आज के कैंप में अच्छी सुविधा व मार्गदर्शन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन की टीम से मिला है। आशा है कि भविष्य में भी इस तरह की सुविधा गांव के लोगों को मिलती रहेंगी। डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी



स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉ गुरवीर कौर ने कहा कि हार्ट अटैक दिल की बिमारियों में प्रमुख माना जाता हैं, जो पूरे विश्व में तेजी से फैल रही है। अतः इसका समय रहते इलाज करना चाहिए। हार्ट अटैक के प्रमुख कारणों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप की वजह से हृदय पर दबाव रहना, धूम्रपान और मादक द्रव्यों का सेवन करना, मानसिक तनाव में कार्यरत लोग, व्यस्त जीवन शैली के कारण, अनियमित आहार, जंक फूड या अधिक मसालेदार भोजन दिल के दौरे का कारण बनते है। इसके अलावा दिल के दौरे का उच्च जोखिम विरासत में भी मिल सकता है। एनजाइन यानि दिल में आक्सीजन की कमी, उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर, शरीर की निष्क्रियता और डायबिटीज दिल के दौरे के जोखिम के कारक है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सीने अथवा स्तन में दर्द होना, शरीर के ऊपरी भाग में यानि गर्दन, पीठ, दांत, भुजाएं और कंधे की हड्डी में तेज दर्द होना, चक्कर आना, बेचैनी महसूस करना या सिर घूमना, जी मचलाना, उलटी, पेट खराब होना आदि रोग महिलाओं में अधिक दिखाई देते हैं।

# रोटरी क्लब सदस्यों ने एसजीएनपी स्कूल को भेंट की हॉकी किटें

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**रोटरी** क्लब शाहाबाद यूनिट के सदस्यों ने श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हॉकी टीम को किटें भेंट की। इस डोनेशन कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी जिला गवर्नर अरुण मोंगिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके की, जबकि प्रोजेक्ट चैयरमेन की भूमिका डॉ. आरएस घुम्मन एंव रोटेरियन आरडी गुप्ता ने निभाई। एसजीएनपी स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष रमनदीप सिंह, श्री गुरु नानक प्रीतम कन्या पाठशाला सोसायटी के अध्यक्ष कुलवंत सिंह चावला, सोसायटी के एडिटर इंदरजीत सिंह कोहली, प्रधानाचार्य दीपंश कौर एंव हॉकी कोच गुरप्रीत सिंह ने रोटरी के सभी सदस्यों का इस सहयोग के लिए धन्यवाद किया। अध्यक्ष रमनदीप सिंह ने बताया कि रोटरी शाहाबाद के


एसजीएनपी स्कूल में हॉकी खिलाड़ियों को किटें भेंट करते सदस्य

सभी सदस्यों ने जरूरत पड़ने पर हॉकी खिलाडियों की हर सम्भव मदद की है, जिसके लिए सभी स्कूल सदस्य व हॉकी खिलाडी हमेशा उनके आभारी रहेंगे। इसके बाद मुख्यातिथि रोटरी गवर्नर अरुण मींगिया ने देवी मंदिर में सिलाई सेंटर का दौरा किया और वहां पर जिन छात्राओं के कोर्स पूरे हो गए थे, उनको सर्टिफिकेट वितरित किए। उसके बाद रोटरी शाहाबाद के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग के साथ मुख्यातिथि और सभी रोटरी सदस्यों ने डीएवी स्कूल में रोटरी कंप्यूटर सेंटर का दौरा किया और वहां भी जिन छात्राओं के कोर्स पूरे हो गए थे, उन सभी को सर्टिफिकेट बांटे गए। उसके बाद सदस्यों ने रोटरी डायलिसिस सेंटर और रोटरी एंबुलेंस का भी निरीक्षण किया। इस मौके रोटेरियन राजीव कालड़ा कैशियर, डॉ. दीपक शर्मा, चंद्र प्रकाश गुप्ता, डॉ. पीयूष अग्रवाल, विजय कालड़ा, मनीष आहूजा, अंशुल बंसल, नवीन शर्मा, साहिल सिंगला मौजूद थे।

## एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ 27 फरवरी 2024 को खुलेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम /नोएडा

**एक्सिकॉम** टेली-सिस्टम्स लिमिटेड ('ईटीएसएल' या 'कंपनी'), इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 को अपनी बिडिंग/ऑफर की शुरुआत करेगी। कुल ऑफर आकार में 3,290 मिलियन (329 करोड), (फ्रेश इश्यू) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 7,042,200 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश शामिल है ('बिक्री के लिए प्रस्ताव'), (एक साथ, 'द टोटल इश्यू साइज')। ऑफर का प्राइस बैंड 135 से 142 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 100 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

एंकर निवेशक बोली की तारीख सोमवार, 26 फरवरी, 2024 होगी। बिडिंग/ऑफर सदस्यता के लिए मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 को खुलेंगे और गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। कंपनी फंडिंग के लिए इक्विटी शेयरों के नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन मदों में करने का प्रस्ताव करती है - (1) तेलंगाना में नियोजित विनिर्माण सुविधा में उत्पादन/असेंबली लाइनों की स्थापना की लागत का आंशिक वित्तपोषण 1457.72 मिलियन (145.72 करो); (2) हमारी कंपनी के 502.98 मिलियन (50.29 करोड)




के कुछ उधारों का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (3) 690 मिलियन (69 करोड) की आंशिक वित्त पोषण वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताएं; (4) अनुसंधान एवं विकास उत्पाद विकास में 400 मिलियन (40 करोड़) का निवेश; और (5) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शेष राशि ('प्रस्ताव के उद्देश्य')। बिक्री के प्रस्ताव में नेक्स्टवेव कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के 7,042,200 इक्विटी शेयर शामिल हैं ('प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक')। 20 फरवरी, 2024 को कंपनी के इस रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ ('आरएचपी') के पास दाखिल किया गया है और बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया जैसे स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# वन कर्मचारियों-व्यवस्थित विस्तार पर ध्यान देना संरक्षण के काजीरंगा मॉडल का आधार है : निदेशक

## पर्यटकों की बढ़ती संख्या और आरक्षित वन की क्षमता बढ़ाने की जरूरत

### उद्यान में 1500 वन कर्मी और 200 शिकार विरोधी शिविर

**एजेंसी।** काजीरंगा

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य की निदेशक सोनाली घोष ने कहा है कि राष्ट्रीय उद्यान का व्यवस्थित विस्तार करके और अग्रिम पंक्ति के वन कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित कर संरक्षण का काजीरंगा मॉडल तैयार हुआ, जिसे विश्व में वन प्रबंधन का ध्वजवाहक माना गया है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा



कि राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अपना 50वां साल मना रहे इस उद्यान में संरक्षण के मॉडल के कारण एक सींग वाले गैंडे और जंगली भैंसों की सबसे बड़ी संख्या, बाघों, एशियाई हाथियों और पूर्वी दलदली हिरणों की सर्वाधिक सघनता को हासिल करने में मदद मिली।

उन्होंने कहा, जैव विविधता और उनके रहने के स्थान को सुरक्षित करने के मामले में, काजीरंगा या जंगल मॉडल सफल रहा है, क्योंकि इसने अग्रिम पंक्ति के ऐसे कर्मचारियों में निवेश किया जो वन और उसके संसाधनों की रक्षा करते हैं। अफ्रीका के प्रमुख उद्यानों में इसके लिए पांच लोग प्रति वर्ग किलोमीटर तैनात किए गए हैं जबकि काजीरंगा में यह दर 30 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। घोष ने बताया कि 500 वर्ग किलोमीटर के उद्यान में 1500 वन कर्मी और 200 शिकार विरोधी शिविर हैं तथा यह शिविरों की सर्वाधिक सघनता है। उन्होंने कहा, महिलाओं सहित वन में तैनात अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों पर भरोसा काजीरंगा में संरक्षण की सफलता की कुंजी है। ये कर्मचारी अवैध शिकार विरोधी शिविरों का साल भर संचालन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, संरक्षण प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित करने वाला दूसरा कारण उद्यान के परिदृश्य का 500 वर्ग किलोमीटर से कम क्षेत्र से क्रमिक विस्तार करके इसे 1300 वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाना है। इस उद्यान में लगभग 3000 गैंडे, 2500 जंगली भैंसे, 1089 एशियाई हाथी, 1129 दलदली हिरण और 121 बाघ हैं। इसके अलावा 39 स्तनधारियों, 553 पक्षियों, 64 सरीसृपों और 41 उभयचरों की विविध प्रजातियां भी यहां हैं। घोष ने कहा कि वन्यजीवों के लिए आरक्षित वन क्षेत्र का विस्तार करने की रणनीति से जानवरों को पलने-बढ़ने और उनके दीर्घकालिक संरक्षण की प्रक्रिया में मदद मिली है। उद्यान में अवैध शिकार के खतरे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वन कर्मियों ने स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया है लेकिन इस साल जनवरी में गैंडे के अवैध शिकार की घटना हुई जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जब तक जंगली जानवरों के अंगों, विशेषकर गैंडे के सींग का, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार होता रहेगा।

# दो दिवसीय रोजगार मेले में 4000 से अधिक लोगों को मिली नौकरी

**एजेंसी।** लातूर

**लातूर** में दो दिवसीय नमो महारोजगार मेला में मराठवाड़ा भर से 4,000 से अधिक नौकरी के इच्छुक लोगों को कंपनियों ने भर्ती किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार को मेले के लिए बार्शी रोड में सरकारी आवासीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के मैदान में निजी कंपनियों और स्टार्टअप के कम से कम 264 स्टॉल लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि विधायक संभाजी पाटिल निलंगेकर, संभागीय आयुक्त मधुकरराजे अरदाद, कलेक्टर वर्षा



ठाकुर-घुगे और सीईओ अनमोल सागर की उपस्थिति में 4,548 लोगों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। अधिकारी ने कहा कि मेले में कुल 12,945 उम्मीदवार उपस्थित थे, जबकि 18,530 ने कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया था।

## किसान आंदोलन : खनौरी सीमा पर किसान घायल

# अमरिंदर सिंह ने हरियाणा पुलिस की बर्बर कार्रवाई की निंदा की

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमरिंदर सिंह ने रविवार को खनौरी सीमा पर विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए एक किसान के खिलाफ हिंसा के बर्बर कृत्य के लिए हरियाणा पुलिस की निंदा की। खनौरी सीमा पर किसान फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। किसान नेताओं ने भी किसान प्रीतपाल सिंह को लगी चोटों को लेकर हरियाणा पुलिस पर निशाना साधा। प्रीतपाल का इस समय चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में इलाज चल रहा है।पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैं हमारे युवा किसान प्रीतपाल सिंह के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, मैं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से आग्रह करता हूं कि उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जो लोगों को लंगर परोस रहे एक



निहत्थे युवक को बुरी तरह से पीटने के दोषी हैं। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि हरियाणा के पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर प्रीतपाल सिंह को जब घसीटा तब वह पंजाब-हरियाणा की खनौरी सीमा पर लंगर सेवा कर रहे थे। उन्होंने कहा, उन्हें ट्रैक्टर ट्रॉली से खींचकर पीटा गया और बाद में उनको रोहतक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हमने उन्हें चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर में स्थानांतरित करवा दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने रविवार को कहा कि प्रीतपाल सिंह को कई चोटें आई हैं। उन्होंने कहा, हम पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। पंधेर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगे आना चाहिए और प्रदर्शनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करना चाहिए ताकि केंद्र और किसान नेताओं के बीच जारी गतिरोध समाप्त हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को ऐसे बर्बर कृत्य करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए। पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने शनिवार को हरियाणा में अपने समकक्ष को पत्र लिखकर मांग की कि प्रितपाल सिंह को पंजाब के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया जाए। उन्हें शुरू में रोहतक स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया था। वर्मा ने अपने समकक्ष से कहा, आपसे अनुरोध है कि प्रीतपाल सिंह को पंजाब के अधिकारियों को सौंप दिया जाए ताकि उसका इलाज पंजाब सरकार द्वारा पंजाब में नि:शुल्क करवाया जा सके। इससे पहले गत बुधवार को बठिंडा के मूल निवासी शुभकरण सिंह (21) की खनौरी सीमा पर सुरक्षाकर्मियों से झड़प के दौरान मौत हो गई थी। झड़प तब शुरू हुई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाए गए अवरोधकों को जबरन तोड़ने की कोशिश की। शुभकरण सिंह का अबतक अंतिम संस्कार नहीं हुआ है क्योंकि किसान नेता उनकी मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पंजाब सरकार द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिए जाने पर अड़े हैं। इससे पहले 18 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच चौथी दौर की हुई बैठक भी बेनतीजा रही थी।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी अन्य मांगों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। नौरी में 21 फरवरी को हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने दिल्ली चलो मार्च को दो दिनों के लिए रोक दिया था। दो दिन बाद किसान नेताओं ने कहा कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक हरियाणा और पंजाब की सीमा पर स्थित खनौरी और शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले रहेंगे। केएमएम नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा है कि वे 29 फरवरी को अपनी अगली कार्रवाई की घोषणा करेंगे।

### चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कागज, पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.7 लाख टन हो गया है। उद्योग निकाय इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कागज मिलें प्रभावित हुई हैं। आईपीएमए ने वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कागज और पेपरबोर्ड का आयात लगभग 10.7 लाख टन था। आईपीएमए ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में मात्रा के लिहाज से इस जिंस के आयात में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 14.4 लाख टन हो गया था। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक के आंकड़े इसे भी पार कर गए हैं। आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा, भारी मात्रा में कागज और पेपरबोर्ड के आयात से मेक-इन-इंडिया अभियान और साथ ही पांच लाख प्रतिबद्ध किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है। अग्रवाल ने कहा कि भारत में लगभग सभी श्रेणियों के कागज बनाने के लिए घरेलू क्षमता पर्याप्त है। और इस तरह अंधाधुंध आयात से देश की अधिकांश पेपर मिलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आईपीएमए ने कहा कि आयात में वृद्धि की मुख्य वजह आसियान देशों से कागज और पेपरबोर्ड के आयात में 142 प्रतिशत की भारी वृद्धि है, जो आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते के तहत शून्य आयात शुल्क पर यहां आती हैं।

# कासगंज हादसे के 23 मृतकों में शामिल 10 लोग एक ही परिवार के थे

**एजेंसी।** लखनऊ

**एटा** जिले के नगला कसा गांव से गंगा स्नान के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर कासगंज जिले के पटियाली इलाके में जा रहे 23 श्रद्धालुओं की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई, जिनमें से 10 लोग एक ही परिवार के थे। मृतकों का अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। नगला कसा के निवासी डेढ़ वर्षीय सिद्धू के मुंडन संस्कार और गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए लोग गंगा नदी के घाट पर जा रहे थे, लेकिन इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटकर तालाब में गिर गई। इस हादसे में सिद्धू के परिवार के 10 लोगों समेत 23 लोगों की जान चली गई। शनिवार सुबह हुई इस घटना में जान गंवाने वालों में आठ बच्चे और 14 महिलाएं भी शामिल हैं। नगला कसा गांव का दौरा करने वाले उत्तर प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने ग्रामीणों से बात की और दुखद घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

उन्होंने रविवार को मथुरा से बताया, एक बच्चे का मुंडन समारोह था और उसका परिवार ट्रैक्टर से कासगंज जा रहा था। यह ट्रैक्टर किसी और का था...जैसे ही ट्रैक्टर कासगंज की ओर बढ़ा, अन्य लोग भी ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होने लगे। उन्होंने कहा, कासगंज जिले में सड़क के किनारे एक तालाब है, जो लगभग तीन-चार फुट गहरा है। चालक के नियंत्रण खोने से ट्रैक्टर पलट गया और कई लोगों की जान चली गई। मंत्री ने कहा कि मृतकों में केवल एक



पुरुष है, जबकि बाकी सभी महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से बच्चा (सिद्धू जिसका मुंडन होना था) जीवित नहीं रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने और तालाब में गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना में मरने वाले सिद्धू के परिवार के 10 सदस्य हैं। उनके परिवार की केवल एक महिला बच गई, क्योंकि वह उनके साथ नहीं थी। चौधरी ने बताया कि वह महिला न तो देख सकती है और न ही सुन सकती है। नगला कसा गांव के प्रधान गिरीश चंद्र ने बताया, मृतकों में से ज्यादातर नगला कसा के थे और कुछ आसपास के गांवों के थे। मैंने चालक से बात नहीं की है, जो बच गया है। कल, मैं पटियाली गया था। वहां जाकर बहुत दुख हुआ।

उन्होंने कहा, फिलहाल मृतकों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पूरा गांव गहरे सदमे में है और हमें इस त्रासदी से उबरने में कुछ समय लग सकता है। रविवार को नगला कसा गांव में पत्रकारों से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के मंत्री संदीप सिंह ने दुर्घटना को बहुत दुखद बताया। सिंह ने कहा कि हमें ट्रैक्टर-ट्रॉली पर यात्रा करने से बचने की कोशिश करनी चाहिए। इस दुर्घटना में 23 लोगों की जान चली गई। जब हम ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रा करते हैं, तो अन्य साधनों (परिवहन के) की तुलना में कोई सुरक्षा नहीं है। सिंह ने कहा कि सरकार मृतक परिवारों के साथ खड़ी है। कासगंज जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, मृतकों में 14 महिलाएं, एक पुरुष और आठ बच्चे शामिल हैं। फिलहाल दस लोगों का इलाज चल रहा है।

कासगंज जिला प्रशासन के मुताबिक, हादसे की जानकारी सुबह करीब 10 बजे मिली। इसमें कहा गया, कई लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। घायलों को पटियाली और कासगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और कासगंज के एक सरकारी अस्पताल में भेजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर शोक जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस दुर्घटना को हृदय विदारक बताया।

# यात्री से 1.57 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त

**एजेंसी।** चेन्नई

**चेन्नई** हवाई अड्डे पर कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने मुंबई जा रहे एक यात्री से 1.57 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राएं बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)के एक जवान ने शनिवार को यात्री को सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया। यात्री की जांच के उसके पास से 13 पैकेट में छिपाकर रखी गई मुद्राएं बरामद की गईं। यात्री के पास से 130000 अमेरिकी डॉलर और 224500 सऊदी रियाल बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत 1.57 करोड़ रुपये है। रविवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह चेन्नई हवाई अड्डे पर



पकड़ी गई विदेशी मुद्रा की बड़ी खेप है। सीआईएसएफ जांच अधिकारियों की सराहना करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग को सूचित करने के बाद यात्री को आयकर जांच विभाग की एयर इंटेलिजेंस विंग के हवाले कर दिया गया।

### 13,800 मेगावाट क्षमता वाले 18 परमाणु बिजली रिएक्टर जोड़ेगा

**नई दिल्ली।** भारत 2032 तक कुल 13,800 मेगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता वाले 18 परमाणु ऊर्जा रिएक्टर को जोड़ेगा। इसके साथ ही परमाणु बिजली की कुल हिस्सेदारी बढ़कर 22,480 मेगावाट हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले सप्ताह गुजरात के काकरापार में दो स्वदेश निर्मित 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर समर्पित करने के बाद न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने इसकी घोषणा की थी। एनपीसीआईएल फिलहाल 8,180 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 24 रिएक्टर संचालित करता है। प्रधानमंत्री ने 22 फरवरी को काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन (केएपीएस-3 और 4) की इकाई तीन और चार को राष्ट्र को समर्पित किया।

# प्रक्षेपण के साथ चंद्रमा से जुड़े विज्ञान के नए सक्रिय चरण की शुरुआत

**एजेंसी।** बोल्डर

साल 1972 के बाद पहली बार राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) का यान फरवरी 2024 में चांद पर उतरा। लेकिन एजेंसी ने यह काम अकेले नहीं किया बल्कि उसने वाणिज्यिक कंपनियों के साथ साझेदारी की। नई प्रौद्योगिकियों और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के चलते, इस यान से चंद्रमा पर लाई गई वैज्ञानिक परियोजनाएं और इसके जैसे भविष्य के मिशन वैज्ञानिक संभावनाओं के नए क्षेत्र खोलेंगे। इस साल कई परियोजनाएं शुरू होने वाली हैं और वैज्ञानिकों के दल दक्षिणी ध्रुव और चंद्रमा के सुदूर हिस्से से रेडियो खगोल विज्ञान का अध्ययन करेंगे।



इस दल में मैं भी शामिल हूं। नासा का वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सेवा कार्यक्रम (सीएलपीएस) 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा से नासा के पहले वैज्ञानिक प्रयोगों का अध्ययन करने के लिए मानवरहित लैंडर का उपयोग करेगा। नासा के लैंडर बनाने और कार्यक्रम संचालित करने के बजाय, वाणिज्यिक कंपनियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत ऐसा करेंगी।

नासा ने चंद्रमा पर जाने वाले लैंडर के लिए सेवा प्रदाता के रूप में काम करने के लिए लगभग एक दर्जन कंपनियों की पहचान की है। नासा चांद पर इन विज्ञान पेलोड को ले जाने के लिए इन लैंडर पर स्थान खरीदता है जबकि कंपनियां लैंडर को डिजाइन करती हैं व उनका निर्माण करती हैं। साथ में प्रक्षेपण के लिए रॉकेट कंपनियों के साथ अनुबंध करती हैं। नासा अब एक ग्राहक बन गया है, अब वह इकलौता संचालक नहीं रहा। पहले दो सीएलपीएस पेलोड 2024 के शुरुआती दो महीनों के दौरान प्रक्षेपित किए जाने हैं।

# महिला अभियंता संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गईं

**एजेंसी।** मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर में राज्य जल संसाधन विभाग में सहायक अभियंता के रूप में कार्यरत 29 वर्षीय एक महिला को उनके किराए के फ्लैट में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान लखीसराय जिले के मननपुर बाजार निवासी महिमा कुमारी (29) के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़िता राज्य जल संसाधन विभाग में सहायक अभियंता के रूप में कार्यरत थीं और मुजफ्फरपुर में तैनात थीं। वह मुजफ्फरपुर शहर के अतरदह प्रजापति नगर इलाके में अपने फ्लैट में अकेली रहती थीं। मुजफ्फरपुर के सहायक पुलिस



अधीक्षक (एएसपी-टाउन) भानु प्रताप सिंह ने रविवार को पत्रकारों से कहा कहा, शनिवार देर शाम महिमा कुमारी का शव उनके फ्लैट से बरामद किया गया, उनके शव को पोस्टमार्टम और आगे की जांच के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं...फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने पहले ही घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है।

# मोदी को 400 से अधिक लोकसभा सीट के साथ तीसरा कार्यकाल देने का संकल्प लें : अमित शाह

## नेता ने शाह के हवाले से कहा कि लोकसभा चुनाव में लगभग 100 दिन बचे

### प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने के लिए भी कहा

**एजेंसी।** ग्वालियर

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले आम चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट हासिल करने का प्रयास करने को कहा। शाह मध्य प्रदेश की चार लोकसभा सीट- मुरैना, भिंड, गुना और ग्वालियर के ग्वालियर-चंबल क्लस्टर की बूथ प्रबंधन समिति के लगभग 400 नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। बैठक में हिस्सा लेने



वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता ने शाह को उद्धृत करते हुए कहा कि पार्टी के लिए हर एक मत महत्वपूर्ण है। शाह ने कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं से पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। नेता ने शाह के हवाले से कहा कि लोकसभा चुनाव में लगभग 100 दिन बचे हैं। केंद्रीय मंत्री ने जमीनी स्थिति जानने के लिए पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एक-एक कर बैठक की और लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ रणनीतियों पर चर्चा की। नेता ने कहा कि उन्होंने (शाह ने) भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत 10 फीसदी बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया। नेता ने कहा, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया।

इससे पहले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य भाजपा प्रमुख वी.डी. शर्मा ने शाह का यहां पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। खुजराहो में पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भारत को महाशक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के बारे में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार का मतलब है कांग्रेस। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 10 साल के कार्यकाल (2004 से 2014 के बीच) में 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, 400 से अधिक सीट जीतकर केंद्र में फिर से मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाने का संकल्प लें। आगामी लोकसभा चुनाव मोदी के नेतृत्व में भारत को महाशक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। मोदी सरकार के तहत अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहकर उन पर कटाक्ष करते थे कि भारतीय जनता पार्टी दावा करती है कि वह मंदिर बनाएगी, लेकिन लोगों को निर्माण की तारीख नहीं बताएगी। शाह ने कहा, मोदी सरकार के तहत मंदिर का निर्माण किया गया है। भाजपा जनता से की गई हर प्रतिबद्धता को पूरा करती है। इस महीने की शुरुआत में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश में एक जन सभा के दौरान कहा था कि भाजपा लोकसभा चुनावों में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और यहां तक कि संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 543 लोकसभा सीट में से 370 सीट जिताने के लिए मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने के लिए भी कहा था। भाजपा ने मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा है।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव

**एजेंसी।** लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत की विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री का चुनाव होगा, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज के प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने की प्रबल संभावना है। पंजाब विधानसभा के सचिव आमिर हबीब ने रविवार को एक बयान में कहा, पंजाब में सोमवार (कल) को मुख्यमंत्री का चुनाव होगा। मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रविवार (आज) अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। ग चूंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) (पीएमएलएन) और उसके सहयोगियों के पास सदन में साधारण बहुमत है, इसलिए पार्टी का मुख्यमंत्री चुने जाने में कोई समस्या नहीं है। पीएमएलएन ने पंजाब विधानसभा के



अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद हासिल कर लिए हैं। मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएलएन की 50 वर्षीय मरयम नवाज और इमरान खान की पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। शनिवार को पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में, विधायकों ने गुप्त मतदान के माध्यम से पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का अध्यक्ष और जहीर इकबाल चन्नार को उपाध्यक्ष चुना।

# ग्रेटर नोएडा वासियों को पीएम मोदी देंगे क्रिटिकल केयर ब्लॉक का तोहफा


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**● प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आज वर्चुअल शिलन्यास करेंगे**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पीएम मोदी सोमवार को गौतमबुद्ध नगर के जेवर विधानसभा क्षेत्र को बड़ा तोहफा देंगे। कासना कस्बे में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का वर्चुअल शिलान्यास करने वाले है, उनके साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इस मामले की जानकारी देते हुए जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर जिम्स में क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण के लिए जमीन को चुना गया है। धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार पूरे यूपी में 14 क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शुभारंभ होगा। जिसमें एक जेवर विधानसभा के हिस्से में आया है।

इस क्रिटिकल केयर ब्लॉक में गंभीर मरीजों को जल्द इलाज की हाईटेक सुविधा मिलेगी, जिसमें 100 बेड़ो पर आईसीयू, एचडीयू, वेंटीलेटर के साथ हर बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत करीब 29 करोड़ रुपए की लागत से इस ब्लॉक का निर्माण कार्य किया जाएगा।

क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम यूपीआरएनएन को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा जेवर विधानसभा के लिए कल का दिन बहुत गौरवान्वित करने वाला है।

जेवर के साथ-साथ जनपद वासियों के लिए देश के पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेवर को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाद क्रिटिकल केयर ब्लॉक के रूप में बहुत बड़ी सौगात देंगे। क्रिटिकल केयर ब्लॉक में हार्ट अटैक व सड़क हादसे में घायल गंभीर मरीजों समेत अन्य बीमारियों का भी बेहतर इलाज होगा। इसके बनने से गंभीर मरीज को अब अन्य हॉस्पिटलों के लिए रेफर नहीं किए जाएगा। मरीजों को क्रिटिकल केयर ब्लॉक में ही आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

### समाज को प्रेरणा दे रही है प्रधानमंत्री के मन की बात

**नोएडा।** कृष्णा नगर मंडल के अंतर्गत बूथ संख्या 614 से 625 बहलोलपुर गांव में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात समाज को प्रेरणा दे रही है।

# 50 साल के आर्थिक विकास का खाका होगा तैयार

## नोएडा-गाजियाबाद समेत एनसीआर के चार जिलों को मिलेगी दिल्ली से कनेक्टिविटी

**● रीजनल प्लान बनाने के लिए दो कंपनियां आई**



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एनसीआर के चार जिलों की इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए रीजनल कांप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) पर काम किया जा रहा है। इसके लिए रीजनल प्लान बनाने के लिए दो कंपनियां आई है।

पहली एलएंडटी लार्सन एंड टर्बो और दूसरी यूएमटीसी अर्बन मास ट्रांजिस्ट कंपनी है। दोनों सलाहकार कंपनी है। इसमें किसी एक कंपनी का चयन होगा या फिर से आरएफ पी जारी की जाएगी। इसका निर्णय अगले सप्ताह लिया जाएगा। कंपनी चयन के बाद प्लान तैयार होगा जिसे मंजूरी देते हुए शासन को भेजा जाएगा।

ये प्लान आगामी 50 साल के लिए होगा। इस रीजनल प्लान का मकसद वेस्ट यूपी में इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देना है। दरअसल नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण ने अकेले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में करीब 2 लाख करोड़ के निवेश का ग्राउंड तैयार किया है। यहां आने वाली कंपनियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ बेहतर रोड कनेक्टिविटी भी दी जानी है। ये रोड कनेक्टिविटी दिल्ली को जोड़ते हुए होनी चाहिए। इसलिए सलाहकार कंपनी इसी दिशा में अपना प्लान तैयार करेंगी। पहले दोनों कंपनियों में से किसी कंपनी का चयन तीनों प्राधिकरण के सीईओ मिलकर करेंगे।

इसके बाद प्लान तैयार किया जाएगा। शासन की ओर से इसे अप्रूवल मिलेगा। इस प्लान को सभी जिले और प्राधिकरण अपने.अपने क्षेत्र में लागू करेंगे। इसमें सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने से लेकर नए फ्लाई ओवर, बॉटलनेक और ट्रांसपोर्टर्स को ध्यान में रखा जाएगा।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सीएमपी के लिए दो कंपनियां एलएंडटी और यूएमटीसी आई है। तीनों प्राधिकरण के सीईओ की उपस्थिति के बाद निर्णय लिया जाएगा। किसी एक कंपनी को फाइनल किया जाए या फिर से आरएफपी जारी की जाए। इसके बाद प्लान तैयार होगा। 4 जिलों को जाम मुक्त बनाने के लिए रीजनल कांप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान सीएपमी की पहली बैठक 4 महीने पहले नोएडा प्राधिकरण में हुई थी। ये प्लान नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास, डीएनजीआईआर गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर के लिए बनाया जा रहा है। इन शहरों की कनेक्टिविटी राजधानी दिल्ली से बेहतर हो इस पर फोकस किया जाएगा। आरएफ पी के तहत ये कंपनियां आई है। इस रीजनल प्लान में हापुड़ और गाजियाबाद को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि लोकल स्तर पर भी कई मोबिलिटी प्लान है।

सलाहकार कंपनी इन क्षेत्रीय प्लान का अध्ययन करेगी और उसमें दिए गए बेहतर प्लान या सुझाव को वो अपनी डीपीआर में शामिल करेगी। इसके लिए सलाहकार कंपनी को अधिकतम डेढ़ साल का समय दिया जाएगा। लेकिन प्राथमिक प्लान उसे तीन महीने में ही देना होगा।

### इन बिंदुओं पर बनेगी योजना

1. लोकल प्राधिकरण के प्लानिंग सेल से बात करेगी और विजिट करके शहरी और ग्रामीण इलाकों की एक ब्रीफतैयार करेगी।
2. एक प्राथमिक सर्वे प्लान तैयार किया जाएगा।
3. नोएडा ग्रेनो और यमुना क्षेत्र में ई बस चलाने का प्रावधान है
4. ट्रैफिक सेफ्टी के लिए फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा

# विदेशियों को ठगने वाले सात गिरफ्तार


थाना इंदिरापुरम पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया, ये एप के माध्यम से विदेशी लोगों को ठगा करते थे।

**● इंदिरापुरम पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की थाना इंदिरापुरम पुलिस ने 07 ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो अलग-अलग ऐप के माध्यम से विदेशी लोगों को ठगा करते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग विदेशियों की लैपटॉप और मोबाइल को अपने कंट्रोल में लेने के बाद उनके बैंक अकाउंट से गिफ्ट वाउचर में पैसा ट्रांसफर कर लेते थे।

हैरानी की बात यह है कि आरोपी असम, बिहार, दिल्ली, उड़ीसा, जम्मू और यूपी के हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना इंदिरापुरम के शक्ति खंड इलाके में एक फ्लैट में अवैध रूप से कॉल सेंटर चल रहा है। पुलिस ने सूचना पर जब रेड की तो वहां उनको सात लोग मिले। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 18 लाख रुपए 11 मोबाइल फोन दो लैपटॉप हेडफोन आदि बरामद किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह सभी लोग फर्जी कॉल सेंटर चलाते थे। कई देशों के निवासियों से यह स्काइप पर बात कर एप के माध्यम से विदेशियों के कंप्यूटर या फोन अपने कंट्रोल में ले लेते थे। उसके बाद उनकी बैंक डिटेल्स प्राप्त करने के बाद उनके लैपटॉप या मोबाइल फोन के माध्यम से धोखे से गिफ्ट वाउचर में पैसा ट्रांसफर ले लेते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि इनकी कोई रजिस्टर्ड फर्म नहीं है। यह लोग कई देशों के नागरिकों को टेक्निकल सहायता प्राप्त करने के नाम पर पैसा ठगा करते थे। जांच में यह भी सामने आया है कि विदेशियों का डेटाबेस लेकर उनको पॉप अप और बल्क मैसेज के माध्यम से संपर्क करते थे। यह लोग विदेशियों के कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर मोबाइल आदि में समस्या बताकर उसे ठीक करने के नाम पर भी पैसा लिया करते थे। पकड़े गए आरोपियों में से असम निवासी राजेश दास, बिहार निवासी देवव्रत, उड़ीसा निवासी देवी प्रसाद, जम्मू निवासी अमित राजदान, दिल्ली निवासी विशाल और मनीष पांडे और यूपी के बिजनौर निवासी अतुल हैं।

# सिलेंडर फटने से लगी आग, चार लोग झुलसे

**● खाना बनाते समय हुआ हादसा**


मामूरा गांव में एक घर में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में रविवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। नोएडा में हुए इस हादसे में एक घर में 5 किलो के एलपीजी सिलेंडर के फटने से भीषण आग लग गई, जिसमें परिवार के चार सदस्य आग में झुलस गए।

घटना की जानकारी मिलते ही नोएडा फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची और घर में लगी आग पर काबू पाया। इस दौरान आग में झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें यह हादसा नोएडा के मामूरा गांव में हुआ है। जानकारी के अनुसार नोएडा थाना फेस 3 क्षेत्र के गांव मामूरा में गली नंबर 3 में अतर सिंह परिवार के साथ रहते हैं।

रविवार तड़के करीब 6:30 बजे खाना बनाते समय 5 किलो का एलपीजी सिलेंडर फट गया। जिसके चलते घर में आग लग गई। इस आग में अतर सिंह, उनकी 32 वर्षीय पत्नी मिथलेश,15 वर्षीय पुत्र कृष्णा और 10 वर्षीय पुत्री गौरी झुलस गए। इस बीच घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट और फेस 3 पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं इस हादसे में झुलसे हुए चारों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। आग से घर में रखा सामान जला है। किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### चलती स्कॉर्पियो कार में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लाल कुआं पुल पर स्कॉर्पियो कार में आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की जानकारी फायर स्टेशन को दी गई।

जिसके बाद एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। आग तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने हौज पाइप बिछाकर आग पर काबू पाया। गाजियाबाद में चीफ फायर अफसर राहुल पाल ने बताया कि रविवार को चार्ली.01 के द्वारा फायर स्टेशन कोतवाली को जानकारी दी गई की लाल कुआं पुल पर गाड़ी में आग लग गई है। जानकारी के बाद एक फायर टैंकर को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा की स्कॉर्पियो में आग लग गई है।

# दुष्कर्म में असफल होने पर की थी महिला की हत्या, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में दिमागी रूप से कमजोर महिला की हुई हत्या का खुलासा कर दिया है। महिला की हत्या दुष्कर्म में असफल होने पर आरोपी ने पत्थर से कई वार करके कर दी थी।

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने महिला की हत्या करने वाला सीमेंटेड पत्थर भी आरोपी की निशानदेही पर बरामद किया है। गाजियाबाद में डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि बीती 15 फरवरी 2024 को थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में रेलवे फाटक के पास झाड़ियां में एक 38 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला था। पुलिस ने हत्या का खुलासा करने के लिए टीमों का गठन किया तो पता चला कि की महिला कूड़ा बिनने का काम करती है और मानसिक रूप से कमजोर है। जिसकी हत्या के मामले में जोनी को गिरफ्तार किया गया।

जोनी ने बताया कि वह फैक्ट्री एरिया ठाकुरद्वारा कार्बोनेट कंपनी में कार्य करता है। फैक्ट्री से लौटते समय करीब 7 बजे ये महिला मनन धाम फाटक पर मिली। महिला के साथ झाड़ियों में ले जाकर बलात्कार करने की कोशिश की, जिसके विरोध में पास पड़े हुए पत्थर से आरोपी ने महिला के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

## संक्षिप्त समाचार



1991 बैच के दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया।

### केंद्रीय विद्यालय का पुनर्मिलन समारोह

**नोएडा।** केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 आगरा कैंट में 1991 बैच के दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह धूमधाम से रविवार को संपन्न हुआ। 33 वर्षों के इस अदभुत मैत्री मिलन के कार्यक्रम में लगभग 30 छात्र सम्मिलित हुए जो देश एवं विदेश के कोने-कोने से आए हुए थे। इतना बड़ा मिलन केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 के इतिहास में पहली बार हुआ। इसमें भाग लेने के लिए कनाडा, हैदराबाद, पुणे, जयपुर, पटना, लखनऊ और दिल्ली के छात्र पहुंचे। अपनी यादों को संजोते हुए छात्रों ने अपने 33 सालों के संघर्ष, उपलब्धियों को साझा किया। स्कूल के प्रिंसिपल रमेश चंद्र द्वारा उस दौर के कुछ पुराने अध्यापक, अध्यापिकाओं को भी खास तौर आमंत्रित किया था। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए गठित कमेटी द्वारा आए हुए छात्रों एवम स्कूल के प्रिंसिपल को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

### बकाया नहीं देने के लिए दोस्त का किया था अपहरण



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कविनगर के गोविंदपुरम से पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने एक लड़के का अपहरण किया और 4 घंटे तक उसको बंधक बनाए रखा। इस दौरान उस युवक के साथ मारपीट भी की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया है की दोस्त ने दोस्त के 30 हजार बकाया थे। ना देने पर दोस्त ने अपने साथियों के साथ यह कदम उठाया। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया की अंतरिक्ष शर्मा और राहुल चौधरी आपस में दोस्त हैं। अंतरिक्ष ने राहुल से कुछ दिन पहले पैसे लिए थे। जिसमें से 30 हजार वह वापस नहीं कर पाया था 24 तारीख को अंतरिक्ष थाना कविनगर क्षेत्र के शास्त्रीनगर इलाके में राहुल चौधरी को दिख गया। इसके बाद राहुल चौधरी ने अपने अन्य दोस्तों शिवा, सहदेव, प्रशांत और रॉबिन शर्मा के साथ उसका किडनैप कर लिया। राहुल अंतरिक्ष को किडनैप करके गोविंदपुरम में अपने दफ्तर पर ले आया। यहां उसने अंतरिक्ष को 4 घंटे बंधक बनाए रखा और मारपीट शुरू कर दी। चीखों की आवाज सुनने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अंतरिक्ष को आजाद कराया और मुकदमा लिखकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### पड़ोसी पर अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मंडपा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर अपने साथियों के साथ पत्नी को घर से अपहरण कर ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत के बाद भी आरोपियों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफरविवार को केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला के पति का आरोप है कि 14 सितंबर 2023 की रात में वह किसी काम से परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। जिनकी पत्नी और उनकी बुजुर्ग मां घर पर अकेली थी। उसी का फायदा उठाते हुए पड़ोस के ही शाहनबाज ने अपने साथी नईमए माजिद और एक अज्ञात के साथ उनकी मां से अलग दूसरे कमरे मिलकर सोई हुई। उसकी पत्नी का मुंह कपड़े से बांध दिया। जिसके बाद आरोपी अपहरण करके एक कार से बंधक बनाकर बाहर ले गए। आरोप है कि एक होटल में ले जाकर शाहनबाज ने दुष्कर्म किया।

### गंधक-पोटाश कूटते समय हुआ विस्फोट

**गाजियाबाद।** थाना लोनी की कस्बा चौकी क्षेत्र में दो किशोर गंधक पोटाश को इमाम दस्ते में कूट रहे थे। यह उससे नली वाली आतिशबाजी बनाते, गंधक-पोटाश कूटते समय तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। जिससे दोनों किशोर घायल हो गए। जिनको दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया की पुलिस को सूचना मिली के थाना लोनी के कस्बा चौकी क्षेत्र में विस्फोट हुआ है। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो वहां 17 वर्ष का अब्दुल रहीम और 13 वर्ष का आयाम घायल थे। जिनको आनन.फानन में गुरु तेग बहादुर अस्पताल दिल्ली में एडमिट कराया गया। जानकारी करने पर पता चला है कि अब्दुल रहीम कहीं से गंधक पोटाश लाया था। और उसको सड़क पर इमाम दस्ते में रखकर कूट रहा था। इसी दौरान 13 वर्ष का अयान भी उसे देख रहा था। अचानक से उसमें विस्फोट हो गया। जिसमें अब्दुल रहीम के हाथ और चेहरे और अयान के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों को एडमिट करवा दिया है। पुलिस को आशंका है कि उनके घर के पास होने वाली शादी या फिर शबे बरात के त्यौहार के लिए यह नली वाली आतिशबाजी बना रहे थे। हालांकि पुलिस का कहना है की दोनों किशोर के ठीक होने के बाद ही असली कारण का पता चल पाएगा।

# युवक को बोनट पर लटका कर तीन किमी तक घुमाया

**● घटना का वीडियो वायरल, आरोपी कार चालक गिरफ्तार**



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक युवक को कार के बोनट पर लटका कर घुमाने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि एक युवक बोनट पर लटका है।

ड्राइवर कार चलाते हुए जा रहा है। उसने करीब 3 किमी तक कार दौड़ाई। पब्लिक के गाड़ी रुकवाने पर वो शख्स बोनट से उतर पाया। पीड़ित ने कार चालक के खिलाफ रविवार रात एफआईआर कराई है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस विवाद की शुरुआत दो गाड़ियां टकराने से हुई थी। साउथ दिल्ली के रमेश कुमार नोएडा सेक्टर-63 में प्रॉपर्टी डीलर नवीन पाठक की अर्टिगा गाड़ी चलाते हैं। रमेश ने बताया शनिवार शाम को गाड़ी से गाजियाबाद जा रहा था। रास्ते में एसेंट गाड़ी ने पीछे से मेरी गाड़ी में टक्कर मार दी और फरार होने लगा, आधा किलोमीटर दूर पीछा करके एसेंट कार चालक को रुकवा लिया। एसेंट ड्राइवर को कार साइड में लगाने के लिए कहा। इतने पर उसने धक्का दिया, जिसकी वजह से कार के बोनट पर जा गिरा। रमेश ने बताया इसी दौरान उसने कार की स्पीड बढ़ा दी और बोनट पर लटका रह गया। आरोपी मेरठ जाने वाले रास्ते पर नाले के बराबर से गुजर रही सर्विस लेन पर करीब तीन किलोमीटर तक सड़क पर घुमाता रहा। शोर मचाने पर पब्लिक ने वीडियो बनानी शुरू की और किसी तरह गाड़ी रुकवाई।

पीड़ित रमेश ने बताया तुरंत इलाके की पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने एसेंट कार के ड्राइवर को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया और थाने पर ले आई। कौशांबी थाने के प्रभारी ने बताया कि आरोपी तरंग जैन निवासी सुपरटेक वैशाली को गिरफ्तार करते हुए उसकी एसेंट कार सीज कर दी गई है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### मामूली विवाद में जेवर में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के राजपुर कला गांव निवासी दो पक्षों में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे चला दिए।

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्ष एक दूसरे से लड़ते रहे। चौकी प्रभारी ने अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर झगड़े पर काबू पाया। इस घटना में बीच बचाव करने पहुंची 3 महिलाओं समेत 8 लोग घायल हुए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही पुलिस ने ही अपनी ओर से दोनों पक्षों के 6 लोगों पर कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सरस मेले में संडे बना फन डे, बच्चों ने जमकर की मस्ती

**● हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बने लोगों की पसंद, खूब हुई खरीदारी**


सरस मेले में मां की साथ पहुंचीं बच्ची मस्ती के मूड में।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में दसवें दिन लोगों, विशेषकर महिलाओं तथा युवतियों ने जमकर खरीददारी की।

रविवार को छुट्टी के दिन मेले में सभी राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीददारी हुई। मेले में रविवार को विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों, खासकर हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स की जमकर खरीददारी की गई। आंध्र प्रदेश के फूड प्रोडक्ट्स की लोगों ने जमकर खरीददारी की। आंध्रा के ही हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे वुड कार्विंग लोगों की खासी पसंद बने। असम के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही। असम से ही हैंडीक्राफ्ट के बम्बू प्रोडक्ट्स की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। उधर बिहार के सत्तू लोगों की पसंद बने। छत्तीसगढ़ के मसाले लोगों को खूब भा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के ही हैंडीक्राफ्ट बैल मेटल ने खासी धूम मचा रखी है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के महिला समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्नपटना खिलौना मेले में उपलब्ध हैं। सरस आजीविका मेला 2024 में कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन जो हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं, जनमें टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद उपलब्ध हैं। सरस मेले में दसवें दिन केरल के कलाकारों ने मंच पर अपने राज्य की सुप्रसिद्ध गरिमामयी प्रस्तुति से दर्शकों को भाव.विभोर कर दिया। इसके साथ ही अन्य सांस्कृतिक आयोजनों ने भी मंच की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही सरस फूड कोर्ट सरस आजीविका मेले में आकर्षण का केंद्र बना है। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के व्यंजन परोसे जा रहे हैं। इस बार महत्वपूर्ण इंडिया फूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त किया जा सकता है।

# देसी किस्मों और जंगली प्रजातियों से ही बची है उम्मीद

## अगर भारत को कुपोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और रोगों से बचना है तो पैदावार के साथ-साथ पोषण को भी प्राथमिकता देनी होगी



**अनाज** से गायब हुए पोषक तत्व, अब शरीर को पहुंचा रहे हैं नुकसान। अगली कड़ी में आपने पढ़ा, क्या हरित क्रांति ने भारत की पोषण सुरक्षा को कमजोर किया, कौन से खनिज की मात्रा हुई कम और गेहूं चावल की पैदावार तो बढ़ी, लेकिन साथ ही जहरीले तत्व भी बढ़ गए ।

कारण चाहे जो हो, भारत में अनाजों में पोषण बढ़ाने के लिए बड़े प्रयास किए जा रहे हैं। इस बार कृषि वैज्ञानिकों ने जवाब ढूंढने के लिए देसी किस्मों और जंगली प्रजातियों की ओर रुख किया है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए जैव संवर्धन पर एक विशेष प्रोजेक्ट के तहत आईसीएआर और कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने पूरे देश में जर्मप्लाज्म की खोज की है, ताकि पोषण तत्वों से भरपूर किस्में ढूंढी जा सकें। ओडिशा के कटक में आईसीएआर के राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में फसल सुधार प्रभाग की प्रमुख संगमित्रा समंतारे कहती हैं कि हम ऐसे किस्मों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं जो कम से कम एक पोषक तत्व जैसे जिंक या आयरन से भरपूर हों। चूंकि मजबूत किस्मों को ढूंढना आसान नहीं है, इसलिए हम किसानों द्वारा संरक्षित देसी किस्मों और जंगली प्रजातियों का भी पोषण प्रोफाइल बना रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से बढ़ रही हैं।

हैदराबाद के भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआईआरआर) की प्रधान वैज्ञानिक जी पद्मावती बताती हैं कि कैसे उनका संस्थान पोषक तत्व बढ़ाने के लिए कम पैदावार वाली किस्मों का इस्तेमाल करेगा। ज्यादा पोषण वाली किस्में अक्सर कम पैदावार देती हैं। वे धूप को सहन नहीं पाती हैं और झुक जाती हैं।

उनमें कई दूसरी कमियां होती हैं। इसलिए इन्हें पहले से मौजूद या नई विकसित होने वाली ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों के साथ मिलाया जाता है, ताकि पैदावार कम न हो। 2016 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अधीन तीन राष्ट्रीय पौध प्रजनन संस्था, कटक स्थित राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (एनआरआरआई), हैदराबाद स्थित आईआईआरआर और रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मिलकर चावल की 10 नई किस्में विकसित कर चुके हैं जो जिंक और प्रोटीन से भरपूर हैं।

आईसीएआर के अन्य संस्थानों ने भी 43 गेहूं की किस्में बनाई हैं जिनमें प्रोटीन, आयरन और जिंक ज्यादा होता है। समंतारे कहती हैं कि भारत में कई कुपोषित बच्चे हैं जिन्हें जरूरी प्रोटीन नहीं मिल पाता। लेकिन वे चावल और गेहूं खाने के आदी हैं। इसलिए ये किस्में उन्हें जरूरी पोषण दे सकती हैं।

अब तक आईसीएआर के संस्थानों ने 142 पोषक तत्व बढ़ाई हुई किस्में विकसित की हैं। इनमें 124 खेतों में उगाई जाने वाली फसलें (10 चावल, 43 गेहूं, 20 मक्का, 11 बाजरा, 13 छोटे बाजरा, एक अलसी, दो मसूर, दो चना, एक मूंग, एक मटर, एक उड़द, आठ सरसों, सात सोयाबीन, एक तिल, तीन मूंगफली) और 18 बागवानी फसलें (पांच शकरकंद, तीन चौलाई, दो रतालू, दो आलू और एक-एक फूलगोभी, भिंडी, अंगूर, केला, अमरूद और अनार) शामिल हैं। भले ही नई किस्मों में ज्यादा पोषण हो, लेकिन उन्हें लोकप्रिय करना और बड़े पैमाने पर किसानों तक पहुंचाना आसान नहीं है। देबनाथ कहते हैं कि किसानों को नई फसल अपनाने के लिए मनाना मुश्किल है। उसके बाद बीज मिलने की भी समस्या होती है।8 दिसंबर 2023 को लोकसभा में केंद्र सरकार की तरफ से दिए गए एक जवाब के मुताबिक, पिछले 6 साल में देश के खेती वाले कुल क्षेत्रफल के करीब 6 प्रतिशत (लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर) पर नई किस्मों की खेती शुरू हो पाई है। इसमें गेहूं, चावल, बाजरा, सरसों और मसूर शामिल हैं। यानी भारत की कुल खेती की जमीन का एक छोटा सा हिस्सा ही अभी इन ज्यादा पोषक वाली फसलों के लिए इस्तेमाल हो रहा है।

बयान में सरकार ने बताया है कि पिछले 6 सालों में कितनी जमीन पर अधिक पोषक तत्वों वाली फसलें जैसे गेहूं और चावल उगाई जा रही हैं, लेकिन ये अलग-अलग आंकड़े नहीं दिए। हालांकि, वर्ष 2022 में प्रकाशित आईसीएआर के एक दस्तावेज के मुताबिक, गेहूं के सिर्फ 10,43,014 किलोग्राम ज्यादा पोषण वाले बीज और चावल के सिर्फ 25,565 किलोग्राम बीज ही पैदा किए जा सके हैं। इसे आसानी से समझने के लिए, सोचिए कि 2023 के खरीफ सीजन में, 4.1 करोड़ हेक्टेयर जमीन पर चावल की बुवाई हुई थी। आम तौर पर रोपाई के तरीके से बुवाई में एक हेक्टेयर के लिए करीब 40 किलो बीज चाहिए। यानी बने हुए 25,565 किलोग्राम बीज से सिर्फ 639 हेक्टेयर जमीन पर ही बुवाई हो सकती है। इसी तरह, मौजूदा रबी सीजन में अब तक 3 करोड़ हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर गेहूं की बुवाई हुई है। एक हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई के लिए करीब 100 किलोग्राम बीज की जरूरत होती है यानी बने हुए 10,43,014 किलोग्राम बीज से सिर्फ 10,430 हेक्टेयर जमीन पर ही बुवाई हो सकती है।

अभी तक पोषण बढ़ाने के प्रयास सिर्फ जिंक, आयरन और प्रोटीन पर ही केंद्रित हैं। डाउन टू अर्थ से बात करते हुए वैज्ञानिकों ने बताया कि मैंगनीज, कॉपर और कैल्शियम जैसे दूसरे जरूरी पोषक तत्वों को बढ़ाने में समय लगेगा। नई किस्मों को बनाने और उन्हें खेतों में पहुंचाने का काम करीब 8 साल का लंबा और मुश्किल सफर होता है। कुछ वैज्ञानिक इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए खेतों में पोषक तत्व बढ़ाने के दूसरे तरीकों पर भी प्रयोग कर रहे हैं। इसमें एक तरीका ये है कि सूक्ष्म पोषक तत्वों को खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाए या सीधे पत्तियों पर स्प्रे किया जाए। हालांकि, ये तरीका काफी महंगा है। देबनाथ चेतावनी देते हैं कि स्प्रे के बाद ज्यादा बारिश हुई तो सारे प्रयास बेकार हो सकते हैं।

पुणे स्थित आगरकर रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक और पौध प्रजनक अभिनंदन पाटिल का कहना है कि फसलों की नई किस्में बनाने वालों को अपना तरीका बदलना होगा। वह कहते हैं कि एक ऐसा सुव्यवस्थित तरीका बनाना चाहिए जहां कई अलग-अलग पौधों से जीन और गुण मिलाकर एक ही किस्म में अलग-अलग पैकेज में जोड़ा जाए। इतनी सारी अलग-अलग किस्मों की जरूरत नहीं है। इससे किसान और उपभोक्ता दोनों ही भ्रमित होते हैं। फसलों की पैदावार बढ़ाने की चिंता किसानों और पौध प्रजनकों दोनों के लिए लगातार बनी रहती है। खराब मौसम, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक संघर्षों की वजह से खाद्य संकट का खतरा बना हुआ है।

सरकार और उसके विभिन्न शोध और विस्तार संस्थानों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। अगर भारत को कुपोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और अन्य गैर-संक्रमणीय रोगों से बचना है तो फसलों की पैदावार के साथ-साथ, उसी महत्वपूर्ण स्तर पर या उससे भी ज्यादा जरूरी है कि पोषण को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा इन नई किस्मों को किसानों तक सफलतापूर्वक पहुंचाने का अभियान चलाया जाए।



"हमारे प्रयोग बताते हैं कि आधुनिक चावल और गेहूं की किस्में जिंक और आयरन जैसे पोषक तत्वों को मिट्टी में मौजूद होने के बावजूद अच्छी तरह ग्रहण नहीं कर पाती हैं"

सोवन देबनाथ, वैज्ञानिक, सेंट्रल एग्रोफॉरेस्ट्री रिसर्च इंस्टिट्यूट, झांसी



"चावल एक बुद्धिमान पौधा है। यह हानिकारक तत्वों को छांट सकता है और उन्हें दाना तक पहुंचने से रोक सकता है। यह प्राकृतिक प्रणाली अब कमजोर हो गई है"

रुबीना खानम, वैज्ञानिक, राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक



"जब देश ने ज्यादा पैदावार वाली किस्में बनाने पर ध्यान दिया, तो अनाज में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने वाले जीन छूट गए"

बिस्वपति मंडल, पूर्व प्रोफेसर, निदेशालय अनुसंधान, बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी



"अनाजों में पोषण बढ़ाने के लिए हम जिंक या आयरन जैसे तत्वों में समृद्ध किस्मों की पहचान कर रहे हैं। हम स्थानीय किस्मों की पोषक प्रोफाइल भी बना रहे हैं"

संघमित्रा समंतारे, प्रमुख, फसल सुधार प्रभाग, राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक

## खेती-बाड़ी को किस दिशा ले जाएगी घटते खेतों की प्रवृत्ति?



खेती-किसानी की दुनिया ऐतिहासिक बदलाव से गुजर रही है। खेतों की संख्या तेजी से कम हो रही है जबकि उसका आकार बढ़ रहा है। क्या इसका यह अर्थ है कि खेती मुट्ठी भर हाथों में केंद्रित हो रही है?

खेती का पेशा सभ्यतागत बदलाव के दौर में है। भोजन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टिककर खेती करने की यह मानवीय पहल 12,000 साल से ज्यादा पुरानी है। जब मानव इस पेशे में उतरे थे, तब खेती केवल आवश्यकता आधारित थी। अब यह कई ट्रिलियन डॉलर का व्यवसाय बन चुकी है और वर्तमान में 60 करोड़ खेत दुनियाभर की 800 करोड़ की आबादी का पेट भर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में 1980 के दशक से जो परिवर्तन शुरू हुआ वो अगले 30 वर्षों में चरम पर पहुंच जाएगा। अब सवाल उठता है कि आखिर यह परिवर्तन है क्या?

दरअसल दुनिया अब नए खेतों को बनता नहीं देख पाएगी। बजाय इसके खेतों का एकीकरण शुरू होगा। भारत जैसे देशों के साथ ही एशिया, अफ्रीका व उत्तरी अमेरिका के अधिकांश गरीब और विकासशील देशों के लिए यह एक ऐसा बदलाव है, जिसके बारे में हमने कभी नहीं सोचा था। और इसलिए हम इसके परिणामों के लिए तैयार नहीं थे।

उदाहरण के लिए भारत में क्रियाशील कृषि जोतों की संख्या 1970-1971 से लगातार बढ़ रही है। 1971 में भारत में 7.1 करोड़ कृषि जोत थी। नवीनतम कृषि गणना (सेंसस) 2015-2016 के अनुसार, अब यह 14.65 करोड़ जोत में बंट गई है। इसी के चलते भारत की कृषि नीति छोटी जोत के कारण उपज में कमी के परिणाम पर केंद्रित है। इसी भूमि पर एक अरब से ज्यादा लोगों का पेट भरने का दारोमदार है।

इसे देखते हुए किसी भी कीमत और परिणाम पर उत्पादकता बढ़ाने पर तत्काल ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। यदि वैश्विक प्रवृत्ति को भारतीय परिदृश्य में ढाला जाए तो स्थिति बिलकुल उलटने वाली है।

हाल ही में बोल्डर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो के शोधकर्ताओं ने अपनी तरह का पहला अध्ययन किया। नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में 1969-2013 तक 180 देशों में खेतों की संख्या और आकार का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने 2100 में स्थिति का पूर्वानुमान लगाने के लिए इस अवधि के रुझानों का उपयोग किया।

अध्ययन में अनुमान है कि 2100 में दुनिया में खेतों की संख्या आधी हो जाएगी लेकिन खेतों का आकार दोगुना हो जाएगा। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप में यह चलन पिछले कई दशकों में जगजाहिर हो चुका है।

अमेरिकी कृषि विभाग की आर्थिक शोध शाखा कहती है, 20वीं सदी की शुरुआत में कृषि श्रम प्रधान थी। यह ग्रामीण क्षेत्रों में कई छोटे व बिखरे हुए खेतों पर होती थी जहां अमेरिका की आधी से अधिक आबादी रहती थी। दूसरी तरफ 21वीं सदी में कृषि उत्पादन ग्रामीण क्षेत्रों में कम लेकिन बड़े आकार के खेतों में केंद्रित है, जहां अमेरिका की एक चौथाई से भी कम आबादी रहती है।

1982 से अमेरिका में खेतों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। 2007 में यहां 22 लाख खेत थे जो 2022 में घटकर 20 लाख रह गए। हालांकि औसत खेत का आकार 1970 के दशक में 440 एकड़ से बढ़कर 2022 में 446 एकड़ हो गया।यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो के अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक एशिया, मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, ऑशिनिया, लैटिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में नए खेतों का बनना बंद हो जाएगा और उनका एकीकरण (छोटी जोत का मिलाकर बड़े खेत में तब्दील करना) हो जाएगा। उप सहारा अफ्रीका में यह स्थिति 21वीं सदी के अंत तक आएगी। इन क्षेत्रों में कृषि मुख्य नियोक्ता है, जिसमें अधिकांश किसान छोटी जोत वाले हैं। अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, अगर खेतों की संख्या नहीं भी बदलती, तब भी भूमि अथवा खेत के मालिक कम ही होंगे। हमारे लिए इसके क्या मायने हैं? इस बदलाव के मुख्य रूप से तीन नतीजे निकलेंगे। पहला, खेती कुछ हाथों में संभवत: बड़ी कंपनियों या कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। दूसरा, बड़े खेतों का मतलब है मोनोकृचर (एकरूपता) जिससे फसलों की विविधता कम हो जाएगी। इसके कारण पोषण विविधता सिमटेगी जिसका असर समग्र खाद्य व पोषण सुरक्षा पर असर पड़ेगा। तीसरा, खाद्य उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। मौजूदा समय में दुनिया की एक-चौथाई कृषि भूमि वाले छोटे खेत एक-तिहाई भोजन का उत्पादन करते हैं। बड़े किसानों/कंपनियों के स्वामित्व की स्थिति में यह क्षेत्र कई प्रकार के जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होगा।

# भोजन कैसे उगाया जाए, इस पर फिर से सोचने की जरूरत

**बात** चाहे यूरोप के अमीर किसानों की हो या भारत में उनके गरीब भाइयों की, हम अक्सर ऐसी तस्वीरें देखते हैं जिनमें वे अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए ट्रैक्टरों पर सवार होकर राजमार्गों को अवरुद्ध कर रहे होते हैं और यह इस बात का साफ संकेत है कि वैश्विक कृषि बुरे दौर से गुजर रही है। जलवायु जोखिम और घाटे के युग में कृषि उत्पादन की बढ़ती लागत की गंभीर समस्या से सभी महाद्वीपों के किसान एक कड़ी में जुड़े हुए हैं।

इसे विडंबना ही कहेंगे कि यूरोप में इस समस्या की शुरुआत जलवायु विनियमन (क्लाइमेट रेगुलेशन) से हुई, जिसके तहत खेतों में कीटनाशकों का उपयोग आधा करना, उर्वरक उपयोग में 20 प्रतिशत की कटौती, दोगुना जैविक उत्पादन और जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से गैर-कृषि उपयोग के लिए अधिक भूमि छोड़ना शामिल है। इसके अलावा, नीदरलैंड ने नाइट्रोजन प्रदूषण में कटौती करने के लिए अपने पशुओं की संख्या कम करने का प्रस्ताव दिया था और जर्मनी ने डीजल, जोकि एक जीवाश्म ईंधन है, पर अपनी सब्सिडी कम करने का प्रस्ताव दिया था।

जलवायु परिवर्तन के अस्तित्व संबंधी खतरे का सामना कर रही दुनिया में यह सब स्पष्ट रूप से आवश्यक है। दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह, यूरोपीय संघ में कृषि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देती है, जो इसके वार्षिक उत्सर्जन का दसवां हिस्सा है।

यदि अमीर किसानों के लिए राहत की यह लागत वहन करना मुश्किल है तो इससे हमारी गरीब अर्थव्यवस्था के उन किसानों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, जिनका अस्तित्व बिलकुल हाशिए पर है?

जैसा कि हम जानते हैं कि यूरोपीय कृषि प्रणाली (जो आधुनिक कृषि का प्रतीक है) भारी सब्सिडी के कारण बची हुई है। 1962 से यूरोपीय संघ की कॉमन एग्रीकृचरल पालिसी (कैप) ने कृषि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। काफी आलोचना के बाद सब्सिडी में कमी की तो गई, लेकिन केवल मामूली रूप से। आज यह यूरोपीय संघ के बजट का लगभग 40 प्रतिशत है और इसमें किसानों को सीधे भुगतान शामिल है। यूरोपीय आयोग के आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक किसान को 2021 में प्रत्यक्ष आय सहायता के रूप में 6,700 यूरो सालाना (लगभग 50,000 प्रतिमाह) प्राप्त हुआ। इसके अलावा, कृषि को सुविधाजनक बनाने के लिए और क्षेत्रों में भी निवेश किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में खेती की प्रवृति में बदलाव



हुआ है, खेत बड़े और अधिक समेकित हो गए हैं। बढ़ती इनपुट लागत, उच्च मानकों और नौकरशाही के व्यवधानों के कारण छोटे कृषकों के अस्तित्व पर संकट आ गया है। लागत बढ़ने के कारण बड़े खेतों को ऋण भी अधिक लेना पड़ता है। यूरोपीय संघ की 10 प्रतिशत भूमि पर जैविक खेती की जा रही है, लेकिन यह खेती की लागत बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है। इसके फलस्वरूप खेती अधिक इंटेंसिव अथवा सघन हो गई है, इसके लिए हर फसल या हर पशु की उत्पादकता बढ़ाई गई है। इसका मतलब है कि रसायनों एवं अन्य इनपुटों का अधिक उपयोग, जो पर्यावरणीय परिस्थितियों के साथ मिलकर खेती की लागत को और बढ़ा देता है। लागत के इस सर्पिल चक्र को दो वास्तविकताओं का सामना करना पड़ता है, एक, भोजन की उपभोक्ता कीमतों को नियंत्रण में रखने की आवश्यकता और दो, चरम जलवायु के कारण बढ़ती फसल क्षति। गहन कृषि की इस प्रणाली को दुनिया में सराहा जाता है। यह कहा जाता है कि पर्यावरण मानकों को प्रणाली में डिजाइन किया जा सकता है और उसके बावजूद किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मुनाफा भी कमा सकते हैं। जाहिर है इस मामले में ऐसा नहीं है। पश्चिमी दुनिया के देशों में भी भोजन की कीमतें स्थिर नहीं हैं। यही नहीं, पर्यावरण भी सुरक्षित नहीं है। भारत में, दिल्ली की सीमा पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान अपनी उपज के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) चाहते हैं। भारतीय किसानों को अपने समृद्ध यूरोपीय समकक्षों के समान ही चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन हमारे किसानों को उच्च स्तर की कृषि सब्सिडी नहीं मिलती।

**हमें इस बात पर चर्चा करने की जरूरत है कि खेती की लागत कम रखकर भी किसानों का मुनाफा कैसे सुनिश्चित किया जाए**

ऐसे में उन्हें एक दोतरफा हमले का सामना करना पड़ता है, सरकार को वितरण के लिए भोजन खरीदना होता है और इसलिए खाद्यान्नों की कीमत को नियंत्रण में रखने की आवश्यकता होती है, उपभोक्ता (हम सभी) खाद्य मुद्रास्फीति की मार झेलना नहीं चाहते।

इसलिए, भले ही किसान मौसम और कीटों के हमलों के कारण बढ़ी लागत और जोखिम के रूप में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन जैसे ही खाद्यान्नों की कीमतें बढ़ती हैं और उन्हें लाभ हो सकता है, सरकार को सस्ते खाद्यान्न आयात कराने पड़ते हैं। ऐसे में किसान मिट्टी, पानी या जैव विविधता के सुधार में निवेश नहीं कर सकते। इस प्रणाली में, आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता पर्यावरण सुरक्षा उपायों की लागत में कटौती करना है। अब किसानों से कहा जा रहा है कि मुनाफे में बने रहने के लिए उन्हें उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है। लेकिन विभिन्न इनपुटों की बढ़ती कीमतों के कारण खेती की लागत बढ़ती जाती है। इस खाद्य अर्थशास्त्र का कोई मतलब नहीं रह जाता है क्योंकि जिस देश के लोगों को किफायती भोजन की असल आवश्यकता है वे महंगे दाम चुका पाने में अक्षम होंगे। यह स्पष्ट है कि भारत सरकार यूरोप के पैमाने पर किसानों को सब्सिडी नहीं दे सकती है। यह भी स्पष्ट है कि गहन कृषि की इस प्रणाली में इतनी भारी वित्तीय सहायता भी पर्याप्त नहीं होगी। इसलिए, हमें इस बात पर चर्चा करने की जरूरत है कि खेती की लागत कम रखकर भी किसानों का मुनाफा कैसे सुनिश्चित किया जाए। यहीं पर पुनर्योजी (रिजेनेरेटिव) या प्राकृतिक खेती भी अपनी भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसके लिए बड़े पैमाने पर समर्थन और विचारशील नीति अभ्यास एवं विज्ञान की आवश्यकता होगी।हमें स्थानीय स्तर पर काम करने के लिए खाद्य खरीद नीतियों की भी आवश्यकता है, ताकि किसानों को अपनी उपज के लिए अच्छा बाजार मिल सके। मध्याह्न भोजन के लिए ओडिशा सरकार की बाजरा खरीद ऐसी ही एक प्रथा है। सच तो यह है कि दुनिया के पास लोगों को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन है। समस्या यह है कि इस भोजन का अधिकांश हिस्सा पशुओं को खिलाने में जा रहा है या यूं ही बर्बाद हो रहा है। इस पर जल्द से जल्द ध्यान देने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम ओपन: हर्षिनी शर्मादा क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में

**गुरुग्राम।** भारत की हर्षिनी विश्वनाथ और शर्मादा बालू ने रविवार को यहां आईटीएफ महिला ओपन गुरुग्राम डब्ल्यू35 टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफायर के दूसरे और अंतिम दौर में प्रवेश किया। हर्षिनी को अभया वेमुरी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में यह 17 वर्षीय खिलाड़ी 7-5, 3-6, 10-8 से जीत दर्ज करने में सफल रही। शर्मादा ने स्निग्धा पतिबंदला को 6-1, 6-3 से हराया। भारत के जिन अन्य खिलाड़ियों ने रविवार को क्वालीफायर में जीत दर्ज की उनमें सिरी पाटिल, रिया सचदेवा, ऋचा दादासाहेब चौगुले, दिव्या हरिंद्र भारद्वाज, समैरा मलिक, अपूर्वा वेमुरी, ईश्वरी मटेरे, युब्रानी बनर्जी, हिमांशिका सिंह, साहिरा सिंह, दिवा भाटिया, साची शर्मा और शेफाली अरोड़ा शामिल हैं।

### शूटिंग: राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीते मेहुली, अनीश और गंगा

**भोपाल।** भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष और हरियाणा के अनीश भानवाला ने रविवार को यहां राष्ट्रीय राइफल पिस्टल चयन ट्रायल के पहले फाइनल में शानदार प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया। सेना के निशानेबाज गंगा सिंह ने भी पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में पहला स्थान हासिल किया। क्वालीफाइंग में 631.5 अंक बनाकर अंतिम आठ में जगह बनाने वाली मेहुली फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी आशी चौकसी को 0.1 अंक से हराकर पहले स्थान पर रही। उन्होंने 251.6 अंक बनाए। पंजाब की जसमीन कौर तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश ने 40 शॉट के फाइनल में 32 अंक बनाकर सेना के गुरमीत (29) और राजस्थान के भवेश (22) को पीछे छोड़ा।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट के कारण पीएसएल से बाहर

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा, एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है।

# यथिराज, प्रमोद और कृष्णा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए

## पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप: आईएएस अधिकारी यथिराज बोले- चैंपियन बन कर गौरवांवित हूं

एजेंसी। पटाया

**भारत** के सुहास यथिराज, प्रमोद भगत और कृष्णा नागर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की क्रमशः पुरुष एकल एसएल 4, एसएल 3 और एसएच 6 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।

पैरालंपिक रजत पदक विजेता दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी यथिराज ने एसएल 4 (शरीर के निचले अंगों में मामूली समस्या) फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-18 21-18 से हराकर अपना पहला विश्व खिताब जीता। कर्नाटक के यथिराज उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, स्वर्ण पदक मिला, खुश हूं और विश्व चैंपियन बनकर गौरवांवित हूं। चीन में पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतने वाले भगत ने एसएल 3 (शरीर के निचले अंगों में अधिक समस्या)फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल को 14-21 21-15 21-14 से हराया। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता 35 वर्षीय भगत ने इस प्रकार 2015 में स्टोक मैंडविले और 2019 में बासेल के बाद खिताब की हैट्रिक पूरी की। उन्होंने 2022 में तोक्यो और 2009 में सियोल में भी स्वर्ण पदक जीते।

भगत ने कहा, विभिन्न कारणों से



यह जीत मेरे दिल में विशेष स्थान रखती है। उन्होंने कहा, पहला कारण तो यह है कि मैं अपने आदर्श लिन डैन के पांच विश्व चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल रहा और दूसरा यह कि मैंने लगातार तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब जीते।

बिहार के भगत पांच साल की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गए थे। पैंतीस साल के भगत ने सुकांत कदम के साथ पुरुष युगल में कांस्य और मनीषा रामदास के साथ मिश्रित युगल में भी कांस्य पदक जीता। इन तीन पदक से उनके नाम विश्व चैंपियनशिप में कुल 14 पदक हो गए हैं जिसमें विभिन्न वर्ग में छह स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। एसएच6 (कम लंबाई) श्रेणी में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर भी पुरुष एकल फाइनल में चीन के लिन नेली पर 22-20 22-20 से जीत हासिल कर चैंपियन बने। महिला एकल एसयू5 (शरीर के ऊपरी अंगों में समस्या) में मनीषा रामदास ने फाइनल में चीन की यांग क्यू शिया के खिलाफ 16-21, 16-21 की शिकस्त से रजत पदक जीता।

चिराग बरेठा और राज कुमार की पुरुष युगल जोड़ी तथा रचना शैलेश कुमार और निथ्या श्री सुमति सिवान की महिला युगल जोड़ी को क्रमश: एसयू5 और एसएच6 श्रेणियों में फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिला युगल (एसल3-एसयू5) वर्ग में मानसी जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन को भी फाइनल में लियानी रात्री ओकतिला और खालिमातुस सादिया की जोड़ी के खिलाफ फाइनल में 20-22 17-21 से हार मिली।

### रणजी ट्रॉफी: मप्र-आंध्र का मुकाबला रोमांचक मोड़ पर

**इंदौर।** मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के बीच यहां खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबला रविवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया और दोनों टीमों के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने का मौका है।

गेंदबाजों के दबदबे वाले इस मुकाबले में मध्य प्रदेश के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र ने स्टंप तक चार विकेट पर 95 रन बना लिए हैं। आंध्र को बाकी बचे दो दिन के खेल के दौरान अब होल्कर स्टेडियम में 75 रन और बनाने हैं जबकि मेजबान टीम को जीत के लिए छह विकेट की दरकार है। आंध्र की उम्मीदें टेस्ट बल्लेबाज हनुमा विहारी पर टिकी हैं जो दिन का खेल खत्म होने पर 43 रन बनाकर खेल रहे।

## रांची टेस्ट में तीसरे दिन अश्विन-कुलदीप की जोड़ी ने किया कमाल, चार-चार विकेट झटके

# इंग्लैंड 145 रन पर सिमटा

### दूसरी पारी में टीम इंडिया ने 40/0, जीत के लिए अभी 152 रन की दरकार

#### ध्रुव जूरेल ने लगाया पहला अर्धशतक

एजेंसी। रांची

**अनुभवी** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के नौ विकेट से चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड को दूसरी पारी में 145 रन पर समेटने के बाद भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि उनके साथी सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत को अब जीत के लिए 152 रन की दरकार है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन भी पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए आठ ओवर में रोहित काफी सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

अश्विन (51 रन पर पांच विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर चार विकेट) ने चार बल्लेबाजों को आउट किया जिससे सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, सात चौके) की तेजर्तार पारी के बावजूद इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई।

इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह के सत्र में भारत 307 रन पर सिमट गया



था और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर एक विकेट) के साथ मिलकर दूसरी पारी में नई गेंद से आक्रमण की शुरुआत की। उन्होंने टूटती हुई पिच पर पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को लगातार गेंदों पर आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। पोप के विकेट के साथ अश्विन ने भारत में सबसे अधिक टेस्ट विकेट के अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने पहली पारी के शतकवीर जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। हालांकि यह काफी करीबी मामला था। क्राउली ने इस बीच कुछ आकर्षक शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की।

पहली पारी में सिर्फ 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने अपने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड करके इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद नीची रहती गेंद पर कप्तान बेन स्टोक्स (04) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने चाय के बाद जडेजा की पहली ही गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमा दिया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के अगले ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने इसी ओवर में ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया।

### इरफान ने आकाश दीप की सराहना की, यशस्वी स्पेशल

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने रांची में पदार्पण करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट चटकाकर तुरंत प्रभाव डालने के लिए रविवार को आकाश दीप की सराहना की।

इरफान ने कहा कि एक तेज गेंदबाज के लिए भारत में पदार्पण करना बहुत मुश्किल होता है लेकिन जिस तरह से आकाश ने गेंदबाजी की और तीन विकेट लिए, उसने उज्ज्वल भविष्य का संकेत दिया।

इरफान ने यहां नई दिल्ली मैराथन के इतर कहा, एक बल्लेबाज के रूप में आप चाहते हैं कि आपका पदार्पण भारत में हो लेकिन एक तेज गेंदबाज के रूप में आप इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड में पदार्पण करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा, मैच के पहले सत्र में उसने जिस तरह से गेंदबाजी की और तीन विकेट लिए वह सराहनीय है। हम उम्मीद करते हैं कि यहां से आकाश के करियर का ग्राफ ऊपर ही जाएगा। इरफान ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी प्रशंसा की जो किसी टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी बन गए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, यशस्वी जायसवाल एक बहुत ही खास क्रिकेटर है, उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। इफरान ने कहा कि भारत में एक खेल राष्ट्र बनने की क्षमता है।

### अभय ने गुडफेलो क्लासिक खिताब जीता



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने टोरंटो में गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में इलियट मौरिस डेवरेड को 3-0 से हराकर आठवां पीएसए खिताब जीता। इस चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि नौ हजार डॉलर थी। शीर्ष वरीय भारतीय अभय ने अपने करियर के 12वें फाइनल में खेलते हुए डेवरेड को 40 मिनट में 11-7, 11-9, 11-9 से हराया। दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी अभय का साल का यह दूसरा चैलेंजर खिताब है। इससे पूर्व उन्होंने पिछले महीने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन का खिताब जीता था।

### गोपी थोनाकल ने नई दिल्ली मैराथन में एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूके**

एजेंसी। नई दिल्ली




**पूर्व** एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को यहां नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने से बड़े अंतर से चूक गए।

एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले 35 वर्षीय गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी की दूरी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह हालांकि दो घंटे आठ मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से काफी पीछे रहे। वर्ष 2017 में भी यहां खिताब जीतने वाले गोपी दो घंटे 13 मिनट 39 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। वर्ष 2021 में यहां खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दो घंटे 14 मिनट 41 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अक्षय सैनी ने दो घंटे 15 मिनट 27 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। गोपी ने इससे पहले स्वीकार किया था कि पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग समय भारतीयों की पहुंच से बाहर हो सकता है। अश्विनी मदान जाधव ने दो घंटे 52 मिनट 25 सेकेंड के समय से महिलाओं की एलीट स्पर्धा जीती।

ठाकोर निरमाबेन भरतजी (दो घंटे 55 मिनट 47 सेकेंड) दूसरे जबकि दिव्यांका चौधरी (दो घंटे 57 मिनट 06 सेकेंड) तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में आयोजित नई दिल्ली मैराथन में 200 से अधिक शहरों, 27 राज्यों और कई देशों के हजारों प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया।

### न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज से पहले पाकिस्तान में अपना सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भेजेगा

**कराची।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) इस साल अप्रैल में होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान भेजेगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने पुष्टि की कि प्रतिनिधिमंडल में निजी सुरक्षा विशेषज्ञ रेग डिकेसन और न्यूजीलैंड खिलाड़ी संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी हीथ मिल्स शामिल होंगे। हाल के वर्षों में जब शीर्ष स्तरीय टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है तो डिकेसन आईसीसी और अन्य क्रिकेट बोर्डों के नियमित सुरक्षा सलाहकार रहे हैं। पाकिस्तान ने 2022-23 सत्र में ऑस्ट्रेलिया की एक बार जबकि इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की दो-दो बार मेजबानी की। सूत्र ने कहा, प्रतिनिधिमंडल मार्च की शुरुआत में लाहौर और रावलपिंडी का दौरा करेगा जहां संभवत: मैच होंगे। न्यूजीलैंड टीम का दौरा आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है और यह उन पांच टी20 मैचों के बदले में हैं जो पाकिस्तान ने इस साल जनवरी में न्यूजीलैंड में खेले थे।




**जेद्दा।** जापान और उत्तर कोरिया की महिला टीमों ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के पहले चरण में शनिवार को गोल रहित ड्रॉ खेला। इस मैच का विजेता पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगा। दूसरे चरण का मुकाबला तोक्यो के नेशनल स्टेडियम में बुधवार को होगा। पेरिस ओलंपिक में महिला फुटबॉल स्पर्धा में 12 टीम हिस्सा लेंगी। मुकाबले में जापान ने गेंद को अधिक समय अपने कब्जे में रखा लेकिन उत्तर कोरिया ने विरोधी टीम के चार के मुकाबले गोल करने के नौ मौके बनाए।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड का किया क्लीन स्वीप

### वर्षा बाधित तीसरे टी-20 मैच में कीवी टीम को 27 रन से हराया

#### 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 10 ओवर में 98 रन ही बना कसा

एजेंसी। ऑकलैंड

**ऑस्ट्रेलिया** ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 में रविवार को यहां न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बारिश की संभावना को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में




बारिश ने तीन बार व्यवधान डाला और अंतत: 10.4 ओवर में चार विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा।

डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर एक विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर एक विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में बिना विकेट के 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में बिना विकेट के 15 रन) की किफायती गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने 24 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक नाबाद 40 रन बनाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 33 जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 27 रन की पारी खेली। शॉर्ट ने 11 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और एक चौका लगाया।

**गुरबाज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना**

## आईसीसी ने हसरंगा को दो मैच के लिए निलंबित किया

एजेंसी। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दाम्बुला में तीसरे टी-20 मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा को दो मैच के लिए निलंबित किया है जबकि अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर हसरंगा को 24 महीने की अवधि में कुल पांच डिमेरिट अंक मिलने के बाद उन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें आईसीसी आचार संहिता का उनका नवीनतम उल्लंघन भी शामिल है। आईसीसी ने बयान में कहा, श्रीलंका के टी-20 कप्तान वानिंदु हसरंगा को आईसीसी आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके कुल डिमेरिट अंक पांच तक पहुंचने के बाद दो मैचों के लिए निलंबित किया गया है। आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के लिए उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और तीन डिमेरिट अंक मिले हैं। हसरंगा से जुड़ी घटना बुधवार को तीसरे और अंतिम टी-20 के अंत में हुई जब वह फुलटॉस गेंद को नोबॉल करार नहीं दिए जाने के फैसले की आलोचना करने के लिए मैदानी अंपायर लिंडन हैनिबल के पास पहुंचे। इस तरह हसरंगा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.13 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ, अंपायर या मैच रैफरी से निजी दुर्व्यवहार से संबंधित है। आईसीसी ने कहा कि हसरंगा के पांच डिमेरिट अंक होने के कारण यह दो निलंबन अंक में बदल गया। आईसीसी ने कहा, इसका मतलब है कि उन्हें एक टेस्ट मैच या दो वनडे या टी-20 जो भी पहले हो, के लिए प्रतिबंध झेलना होगा। नतीजतन हसरंगा को अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के शुरुआती दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

अफगानिस्तान के बल्लेबाज गुरबाज पर भी उसी मैच में आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। उन्होंने आचार संहिता के नियम 2.4 का उल्लंघन किया जो अंपायर के निर्देश को नहीं मानने से संबंधित है। इसके कारण गुरबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया जो 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा ऐसा अपराध है। आईसीसी ने कहा, बार-बार चेतावनी के बावजूद मैदान पर बल्ले की ग्रिप में बदलाव के लिए रहमानुल्लाह को सजा मिली।